वर्ष- 12 अंक - 126
लखनऊ, सोमवार 23 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

यूपी सीएम ऑफिस के एक्स हैंडल पर फॉलोअर्स की संख्या हुई छह मिलियन 03

राम मंदिर की प्रतिष्ठा द्वादशी पर 11-13 जनवरी तक होंगे कई अनुष्ठान 12

# रक्षा क्षेत्र में मजबूत होंगे भारत-कुवैत संबंध

## पीएम मोदी व कुवैत के क्राउन प्रिंस व प्रधानमंत्री शेख सबा अल-खालिद अल-हमद के साथ द्विपक्षीय बैठक में चार दस्तावेजों पर हस्ताक्षर

**कुवैत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठजोड़ में शामिल होने का किया फैसला**

एजेंसी

**कुवैत सिटी।** भारत एवं कुवैत ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर बढ़ाने के फैसले के साथ ही रक्षा, संस्कृति व खेल के क्षेत्रों में व्यापक सहयोग के समझौतों पर हस्ताक्षर किये तथा कुवैत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठजोड़ (आईएसए) में शामिल होने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कुवैत के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद इन चार दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक में दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की निंदा की।



विदेश मंत्रालय के अनुसार रक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और कुवैत के बीच समझौता ज्ञापन रक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को संस्थागत रूप देगा। सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में प्रशिक्षण, कर्मियों और विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, संयुक्त अभ्यास, रक्षा उद्योग में सहयोग, रक्षा उपकरणों की आपूर्ति और अनुसंधान और विकास में सहयोग शामिल हैं।

बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में भी कहा गया कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि रक्षा भारत और कुवैत के बीच रणनीतिक साझीदारी का एक महत्वपूर्ण घटक है। दोनों पक्षों ने रक्षा के क्षेत्र में समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने का स्वागत किया जो संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा कर्मियों के प्रशिक्षण, तटीय रक्षा, समुद्री सुरक्षा, संयुक्त विकास और रक्षा उपकरण उत्पादन सहित द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए आवश्यक ढांचा प्रदान करेगा। दूसरे समझौते के तहत वर्ष 2025-2029 के लिए भारत और कुवैत के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी) कला, संगीत, नृत्य, साहित्य और रंगमंच में अधिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में सहयोग, संस्कृति के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास और त्योहारों के आयोजन की सुविधा प्रदान की जाएगी। तीसरा समझौता खेल के क्षेत्र में सहयोग के लिए कार्यकारी कार्यक्रम (ईपी) वर्ष (2025-2028) के दौरान अनुभव साझा करने, खेल के क्षेत्र में कार्यक्रमों और परियोजनाओं में भागीदारी, खेल चिकित्सा, खेल प्रबंधन, खेल में विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के लिए खेल मीडिया, खेल विज्ञान, अन्य क्षेत्र की हस्तियों की यात्राओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देकर भारत और कुवैत के बीच खेल के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करेगा। चौथे दस्तावेज में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में कुवैत की सदस्यता की पुष्टि की गई है जो आईएसए की सामूहिक रूप से सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ा कर सदस्य देशों को कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में चुनौतियों के समाधान में मददगार सिद्ध होगी। संयुक्त वक्तव्य में दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा की और आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क तथा सुरक्षित पनाहगाहों को बाधित करने और आतंकी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने का आह्वान किया। वक्तव्य में कहा गया कि सुरक्षा के क्षेत्र में अपने चल रहे द्विपक्षीय सहयोग की सराहना व्यक्त करते हुए, दोनों पक्ष आतंकवाद विरोधी अभियानों, सूचना और खुफिया जानकारी साझा करने, अनुभवों के विकास और आदान-प्रदान, सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रौद्योगिकियों, क्षमता निर्माण और कानून प्रवर्तन में सहयोग को मजबूत करने में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए। मनी-लॉन्ड्रिंग, नशीली दवाओं की तस्करी और अन्य अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विरोध। वक्तव्य के अनुसार दोनों पक्षों ने साइबर सुरक्षा में सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों और साधनों पर चर्चा की, जिसमें आतंकवाद, कट्टरपंथ और सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने के लिए साइबरस्पेस के उपयोग को रोकना भी शामिल है।

### प्रधानमंत्री मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर

**नई दिल्ली।** कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान द ऑर्डर का मुबारक अल कबीर से सम्मानित किया। यह प्रधानमंत्री मोदी का 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी और कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों ने भारत-कुवैत संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' पर जोर दिया। कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान द ऑर्डर का



मुबारक अल कबीर प्रदान किया। यह प्रधानमंत्री मोदी का मिला 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। उल्लेखनीय है कि ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का सर्वोच्च सम्मान है। यह मित्रता के प्रतीक के रूप में राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी संप्रभुओं तथा विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। इसे पहले बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को प्रदान किया जा चुका है। पिछले 43 वर्ष में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस खाड़ी देश की यह पहली यात्रा है।

# 15 आईपीएस अफसरों का तबादला नौ जिलों के पुलिस कप्तान बदले

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में रविवार की रात को 15 आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए है। इनमें नौ जिलों के पुलिस कप्तान बदले गए हैं। शासन की ओर से किए गये तबादलें के क्रम डा. अजय पाल को जौनपुर पुलिस अधीक्षक के पद से हटाकर प्रभारी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज भेजा है। डा. कौस्तुभ को पुलिस अधीक्षक अम्बेडकर नगर से पुलिस अधीक्षक जौनपुर, केशव कुमार को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस अधीक्षक अम्बेडकर नगर, अपर्णा रजत कौशिक को पुलिस अधीक्षक कासगंज से हटाते हुए अमेठी जिले का पुलिस कप्तान बनाया गया है।

इसी तरह पुलिस कमिश्नरेट कानपुर में तैनात पुलिस उपायुक्त अंकिता शर्मा को पुलिस अधीक्षक कासगंज की जिम्मेदारी दी गई है। अनूप कुमार सिंह को पुलिस अधीक्षक अमेठी से सेना नायक 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, विक्रांतवीर सिंह को पुलिस अधीक्षक बलिया से पुलिस अधीक्षक देवरिया, डा. ओमवीर सिंह को पुलिस उपायुक्त




कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस अधीक्षक बलिया, राम नयन सिंह को पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट से पुलिस अधीक्षक बहराइच भेजा गया है।

वहीं, चिरन्जीव नाथ सिन्हा को अपर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी से पुलिस अधीक्षक हाथरस, प्राची सिंह को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर से सेना नायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, डा. अभिषेक महाजन प्रतिनियुक्ति से वापस आने पर उन्हें सिद्धार्थनगर पुलिस कप्तान बनाया गया है। इनके अलावा संकल्प शर्मा को पुलिस अधीक्षक देवरिया से पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, वृंदा शुक्ला को पुलिस अधीक्षक बहराइच से पुलिस अधीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ और निपुन अग्रवाल को पुलिस अधीक्षक हाथरस से पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

**मोदी रोजगार मेले में 71,000 युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को भर्ती अभियान रोजगार मेला के तहत करीब 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के जरिए युवाओं को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि यह रोजगार मेला प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्तिकरण में सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करेगा। यह रोजगार मेला देशभर के 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया जाएगा।

**पश्चिम बंगाल में संदिग्ध कश्मीरी आतंकी गिरफ्तार**

**दक्षिण 24 परगना।** जम्मू कश्मीर एसटीएफ और बंगाल पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग अस्पताल मोड़ इलाके से शनिवार रात को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल एक शख्स को गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार शख्स का नाम जावेद मुंशी है और वह मूल रूप से कश्मीर के श्रीनगर का निवासी है। आरोप है कि वह आतंकवादी संगठन तहरीक-उल-मुजाहिदीन का सदस्य है। जावेद कैनिंग अस्पताल मोड़ इलाके में अपने एक रिश्तेदार से मिलने आया था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जावेद से पूछताछ की जा रही है।

**हथियार व गोला-बारूद के साथ आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार**

**जम्मू।** कश्मीर के बांदीपोरा के नदिहाल इलाके में शनिवार देर शाम आतंकियों के सहयोगी को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नदिहाल में पुलिस और सेना की के संयुक्त नाका के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया, जब उसे चुनौती दी गई तो उसने भागने की कोशिश की। हालांकि सुरक्षा बलों ने उसे पकड़ लिया। उसकी पहचान बांदीपोरा के गुंडपोरा रामपुरा निवासी अब्दुल गनी मलिक के बेटे शोएब वसीम अहमद मलिक के रूप में हुई है, जो आतंकियों का मददगार है। उसके कब्जे से एक पिस्तौल, एक हथगोला और 15 गोलियां बरामद की गईं।

**बाबा साहब का अपमान करने वालों को नहीं करेंगे बर्दाश्त**

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को समाजवादी पार्टी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। इटावा जिला सहकारी बैंक की 74 में सालाना बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में विचार साझा किए।

# केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में 668 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ

एजेंसी

**धलाई (त्रिपुरा)।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को त्रिपुरा के धलाई जिले में 668 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रू-रियांग समुदाय के लोगों से हदुकलाउ पारा ब्रू पुनर्वास कॉलोनी में मुलाकात की और उनके घर जाकर उनसे वार्ता भी की। यहां सहकार से समृद्धि कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि त्रिपुरा में लंबे समय तक सत्ता में रहने वालों ने ब्रू-रियांग समुदाय की तकलीफों को कभी समझा ही नहीं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



**लोकतंत्र में आस्था रखने वाली सरकारें विकास का मार्ग करती हैं प्रशस्त : शाह**

ने उनकी पीड़ा को समझा और उन्हें दूर करने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 25 वर्षों से बेहद कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे 38,000 ब्रू-रियांग लोगों को पुनर्वासित कर उन्हें बेहतर जीवन प्रदान किया। साथ ही, राज्य में शांति बहाल करने के लिए तीन विद्रोही समूहों और ब्रू-रियांग समुदाय के साथ चार ऐतिहासिक समझौते किए। केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाली सरकारें विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उन्होंने बताया कि ब्रू-रियांग समुदाय के लिए 900 करोड़ रुपये की योजनाएं न केवल बनाई गईं, बल्कि जमीनी स्तर पर लागू भी की गईं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज आएंगे प्रयागराज

**प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 23 दिसंबर को अपराह्न 12:55 बजे प्रयागराज आएंगे। मुख्यमंत्री योगी अरैल मेला क्षेत्र स्थित टेन्ट सिटी एवं मेला सर्किट हाउस का निरीक्षण करेंगे। इसके उपरांत दशाश्वमेध घाट में पूजा अर्चना एवं स्वचछता आरती कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे। इसके उपरांत प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में महाकुम्भ-2025 के कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री स्वरूपरानी मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज रेलवे जंक्शन, सूबेदारगंज सेतु का निरीक्षण भी करेंगे। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री अपराह्न 4:10 बजे प्रयागराज से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# 10 साल केन्द्र व सात साल राज्य सरकार ने बेरोजगारी को बढ़ाया : अखिलेश यादव

**सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर बोला हमला**

समृद्धि न्यूज

**फिरोजाबाद ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रविवार को फिरोजाबाद पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि 10 साल केंद्र व 7 साल राज्य की सरकार ने बेरोजगारी को बढ़ा दिया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुस्तफाबाद रोड़ स्थित गांव नोखटा में मैनुपरी के सदर से पूर्व विधायक राजकुमार उर्फ राजू



की पिता की मूर्ति के अनावरण को पहुंचे थे। वहां उन्होंने श्री राम कथा पंडाल में जाकर धर्मलाभ उठाया।

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर ऐसी स्थित पैदा करना चाहती है जिससे उसको राजनैतिक लाभ मिले। लोकसभा में मिले रुपए पर कहा कि पूर्व गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी लोकसभा में 1 करोड़ रुपए लेकर आए थे।

उस समय जेपीसी बनाकर मामले की जांच हुई। लोकसभा में चर्चा हुई लेकिन भाजपा लोगों को डराना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा जानबूझकर ऐसे मुद्दे उठा रही है कि वह किसान के मुद्दे पर बातचीत नहीं करना चाहती।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने प्रदान किए चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024

**नयी दिल्ली ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कृषि, ग्रामीण विकास और पत्रकारिता में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 प्रदान किए। उप राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में श्री धनखड़ ने चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 में कृषि, ग्रामीण विकास और पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया। सुश्री नीरजा चौधरी को व्यावहारिक पत्रकारिता के प्रति समर्पण के लिए कलाम रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया। जल संरक्षण में अग्रणी प्रयासों के लिए 'भारत के जलपुरुष' डॉ. राजेंद्र सिंह को सेवा रत्न पुरस्कार दिया गया।

# चंदौसी के प्राचीन बावड़ी की खुदाई में मिले चार कक्ष

**1857 या उससे पूर्व की बताई जा रही है यह बावड़ी**

समृद्धि न्यूज

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की चार सदस्यीय टीम का सर्वे लगातार तीसरे दिन रविवार को भी जारी रहा।

लखनऊ से आई एएसआई की टीम ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में चंदौसी तहसील के प्राचीन बावड़ी में आज सुबह फिर से खुदाई शुरू की, जो शाम तक जारी रही। इस दौरान सर्वे टीम को चार कक्ष मिले हैं। वहीं टीम ने शुक्रवार और शनिवार को संभल में छह तीर्थ स्थलों और 19



कुओं का सर्वे किया था। एएसआई की टीम के नेतृत्व में चंदौसी के प्राचीन बावड़ी में रविवार को दो जेसीबी और अनेकों मजदूर बावड़ी की खुदाई कर रहे हैं। खुदाई के दौरान चार कक्ष मिले हैं। बताया जा रहा है यह तीन मंजिला बावड़ी है। बावड़ी 1857 या उससे पूर्व की बताई जा रही है। राजा का सहसपुर की महारानी सुरेंद्र बाला देवी की रियासत का अंश है। अंदर 12 कमरे, एक कुआं व सुरंग भी बताई जा रही है। फिलहाल दो दिन की खुदाई में चार कमरे स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण विश्नोई मौके पर मौजूद रहे।

एएसआई की टीम ने शुक्रवार को खग्गू सराय स्थित प्राचीन शिव मंदिर और वहां परिसर में बने कुएं की कार्बन डेटिंग के लिए नमूने लिए थे। इसके बाद टीम ने शनिवार को प्राचीन कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची थी और वहां करीब 30 मिनट तक रुककर हर बिंदु की बारीकी से जांच की और साक्ष्य जुटाए। टीम ने यहां गुंबद और अन्य संरचनाओं की ऐतिहासिकता का पता लगाने के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई। बीते दिनों जनपद में चलाये गए अतिक्रमण अभियान के दौरान मुस्लिम बाहुल्य इलाके में शिव मंदिर और बंद कुएं मिले थे।

## अहमदाबाद के साबरमती ब्लास्ट मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद के साबरमती इलाके में हुए बम विस्फोट मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रूपेन बारोट को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा, बम बनाने में मदद करने वाले रोहन रावल को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने दो तैयार पार्सल बम, एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस मामले में अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की टीम मामले की गहराई से जांच कर रही है। गुजरात हाई कोर्ट के वकील को शनिवार को संदिग्ध पार्सल भेजे जाने के बाद साबरमती इलाके में बम धमाका हुआ था। पार्सल में विस्फोट से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर इंदौर बना देश का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट

एजेंसी

**इंदौर।** मप्र की आर्थिक राजधानी इंदौर का देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट अब देश का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बन गया है। अब यहां से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का निस्तारण एयरपोर्ट पर ही हो सकेगा।

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजारापू ने रविवार को यहां 55 करोड़ रुपये की लागत से नए एटीसी भवन एवं फायर सेफ्टी भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान सांसद शंकर लालवानी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से इंदौर के लिए तीन मांगें भी रखी। देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट

**नए एटीसी, फायर सेफ्टी भवन और गार्बेज प्लांट का लोकार्पण**

बनाया जाए। देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट इंदौर से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए ई-टाइप एयरक्राफ्ट की लैंडिंग ज़रूरी है और इसके लिए रनवे की लंबाई बढ़ाई जानी चाहिए। इंदौर में हवाई यात्री लगातार बढ़ रहे हैं इसलिए नई टर्मिनल बिल्डिंग की भी आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री नायडू ने सांसद लालवानी की तीनों मांगों को मंजूरी दी। सांसद लालवानी ने प्रधानमंत्री मोदी एवं नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से कहा कि इंदौर की तीनों मांगों को मंजूरी प्रदान की है।

# मोहाली में रातभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन, दो शव निकाले गए

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली में शनिवार शाम गिरी मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के मलबे से रविवार सुबह दो शव बरामद किए गए। एनडीआरएफ व सेना की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। पुलिस ने ढही इमारत के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को दिए बयान में जिम ट्रेनर ने बताया कि बिल्डिंग के तीन फ्लोर में जिम थे, बाकी 2 में लोग किराए पर रहते थे। एनडीआरएफ और सेना के जवान रातभर मोर्चे पर डटे रहे और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। देर रात बचाव दल ने एक लड़की को मलबे से निकाला। उसे घायल अवस्था मे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान दृष्टि वर्मा (20) के रूप में हुई है। वह हिमाचल प्रदेश में ठियोग के रहने वाले दिवंगत भगत वर्मा की पुत्री थी। उसे सोहाना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बचाव दल ने रविवार सुबह एक युवक का शव बाहर निकाला। मृतक अम्बाला निवासी अभिषेक मोहाली की आईटी कंपनी में काम करता था। वह जिम में आया था। कल शाम को ही उसका परिवार यहां पहुंच गया था। आज अभिषेक का शव मिलने के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने परिजनों को संभाला और शव को अस्पताल ले गए।

**जीत** — **भारत की ओर से मिले 315 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम का प्रदर्शन रहा निराशाजनक**

# भारतीय महिला टीम ने वनडे में दर्ज की दूसरी सबसे बड़ी जीत

एजेंसी

**वडोदरा।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को वडोदरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच में 211 रनों की जीत के साथ रनों के लिहाज से अपनी दूसरी सबसे बड़ी वनडे जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही भारत ने तीन मैचों की एकदिनी श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

भारत को महिला वनडे में सबसे बड़ी जीत 2017 में मिली थी, जब उसने न्यूजीलैंड को 249 रनों से हराया था। बल्लेबाजी के लिए उतरी




भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 314 रन बनाए, जो घरेलू मैदान पर उसका दूसरा सबसे बड़ा वनडे स्कोर है। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मेजबान टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए, उन्होंने 102 गेंदों में 91 रनों की पारी खेली। मंधाना के अलावा हरलीन देओल ने 44, प्रतिका रावल ने 40, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 34 और जेमिमा रौड्रिग्ज ने 31 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए जाइदा जेम्स ने 5, कप्तान हेले मैथ्यूज ने 2 और ड्रेंडा डॉटिन ने 1 विकेट लिया।

भारत की ओर से मिले 315 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। वेस्टइंडीज की टीम 26.2 ओवर में ही 103 रन पर ढेर हो गई। कैरेबियाई टीम सबसे ज्यादा एफी फ्लेचर ने नाबाद 24 रन बनाए। फ्लेचर के अलावा शेमाइन कैम्पबेल ने 21 रन का योगदान दिया। भारत के लिए रेणुका ठाकुर ने सर्वाधिक पांच विकेट लिए। रेणुका के अलावा तितास साधु और दीप्ति शर्मा को एक-एक सफलता मिलीय्। जबकि प्रिया मिश्रा के खाते में दो विकेट रहा।

### बेन स्टोक्स चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने रविवार को घोषणा की है कि इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को अगले साल पाकिस्तान में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट और भारत दौरे से बाहर कर दिया गया है। दरअसल दिसंबर माह के शुरुआत में हैमिल्टन में न्यूजीलैंड खिलाफ खेले गए तीसरे टेस्ट के दौरान बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद स्टार ऑलराउंडर को किसी भी असाइनमेंट से बाहर रखा गया है। इंग्लिश टीम प्रबंधन का कहना है कि अगले साल जून में भारतीय टीम पांच टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड का दौरा करने वाली है। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ 2025/26 का एशेज श्रृंखला होनी है। ऐसे में टीम टीम प्रबंधन ने रेड-बॉल कप्तान बेन स्टोक्स को चैंपियंस ट्रॉफी में उतारकर जोखिम नहीं लेना चाहती है। वहीं, मध्यक्रम की मजबूती को ध्यान में रखते हुए चयनकर्ताओं ने स्टोक्स की जगह अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को वनडे टीम में शामिल किया है।

# सख्त पहरे में हुई पीसीएस प्री-परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**▸ प्रथम सत्र में 3387, द्वितीय सत्र में 3374 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लोक सेवा आयोग की तरफ से आयोजित पीसीएस प्री की लिखित परीक्षा रविवार को जिले के 19 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। पीसीएस प्री परीक्षा की पहली पाली में महज 3387 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 7596 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 4209 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में महज 3374 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 7596 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 4222 ने परीक्षा छोड़ दी।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों



(गुरुनानक इंटर कॉलेज, जिला पंचायत इंटर कॉलेज कालाआम, आदर्श जनता महाविद्यालय देवकली, धर्मसभा इंटर कॉलेज, युवराज दत्त इंटर कालेज ओयल, जनता इंटर कॉलेज लगुचा) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं को परखा जोकि मानकों के अनुरूप सही पाई गई।

वही एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों पलियो की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्र गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, इस्लामिया इंटर कॉलेज, अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज, डीएस कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

# ओवरलोड गन्ना भरे ट्रक से कुचलकर अधेड़ की मौके पर मौत

**बम्हनपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मझगई थाना क्षेत्र के पलिया निघासन हाइवे पर गन्ना भरे ओवरलोड ट्रक से कुचलकर एक अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, सूचना पर पहुंची मझगई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के पलिया निघासन स्टेट हाईवे पर स्थित बम्हनपुर कस्बे की पंजाब एंड सिंध बैंक के सामने गन्ना लेकर पलिया चीनी मिल जा थे एक तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक ने पैदल जा रहे गंगा पुरवा निवासी 60 वर्षीय गंगा सिंह को रौंद दिया। हादसे में गंगा सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों



की भीड़ जमा हो गयी।

सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे मझगई थानाध्यक्ष दयाशंकर द्विवेदी ने ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्यवाही करते हुए ट्रक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि गन्ना और भूसी लदे ओवरलोड ट्रक बिना रोक टोंक के सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आते हैं। जिनपर परिवहन विभाग सहित पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है, इससे आए दिन सड़क हादसों में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है।

# विद्यालय में मातृ शक्ति सम्मेलन आयोजित

**▸ वक्ताओं ने कहा- माता की जिम्मेदारी पिता से भी ज्यादा**

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ईसानगर विकासखंड क्षेत्र में स्थित चंद्रप्रभा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खमरिया खीरी में मातृ शक्ति सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ रेखा पटेल भाजपा नेत्री, विद्यालय के प्रबंधक स्वामी प्रेमकांत ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए रेखा पटेल ने कहा कि बालक के प्रति माता की जिम्मेदारी पिता से भी ज्यादा होती है। माता को बालक के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। उन्होने मां को बालक के साथ-साथ स्वयं का भी ध्यान रखने एवं बालक को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित भोजन कराने की बात कहीं। विद्यालय के प्रबंधक स्वामी प्रेमकांत ने कहा कि हर सफल व्यक्ति के पीछे महिला का हाथ होता है। आज महिला पुरुषों के बराबर कार्य कर रही है। बालक परिवार में माता-पिता से व्यवहार सीखता है। मां बालक की प्रथम गुरू तथा परिवार प्रथम पाठशाला होती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मां की महिमा को कभी शब्दों में नही बांध सकते है। मां ही सृष्टी की सृजनहार एवं पालनहार हैं।

# उम्र में फेर बदलकर धोखाधड़ी से नौकरी हथियाने का छोटे भाई ने लगाया आरोप

**▸ डीएम-एसपी से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पिता की मृत्यु के बाद विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा बड़े भाई को पिता की नौकरी दिलाने और छोटे भाई को समस्त पूंजी दिलाने के निर्णय के बाद बड़े भाई ने नौकरी तो प्राप्त कर ली लेकिन छोटे भाई का आरोप है कि उसको उसके हक का धन प्राप्त नहीं हुआ। छोटे भाई ने बड़े भाई पर धोखाधड़ी कर उम्र में फेर बदलकर नौकरी हासिल करने का आरोप लगाया है। छोटे भाई ने पिता की उम्र और बड़े भाई की उम्र में दस्तावेजों के आधार पर महज 10 वर्ष का अंतर होने का दावा किया है। जिस पर छोटे भाई ने उच्च अधिकारियों को तहरीर देकर निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है।

पीड़ित सोबरन लाल पुत्र स्व. भगवानदीन निवासी ग्राम जमुना बाद फार्म गन्ना शोध केन्द्र थाना गोला जिला खीरी ने जिलाधिकारी और एसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके पिता भगवानदीन गन्ना शोध एवं बीज सम्बर्धन केन्द्र गोला में ट्रैक्टर चालक के पद पर कार्यरत थे जिनकी मृत्यु दिनांक 22.09.2017 को सेवा के दौरान हो गयी थी तथा प्रभारी अधिकारी गन्ना शोध एवं बीज सम्बर्धन केन्द्र द्वारा पत्रांक 209-10/प.फ. दिनांक 19.05.2018 के अनुपालन में कमेटी सदस्यों के द्वारा की गयी जिसमें यह प्रस्ताव हुआ कि मृतक भगवानदीन के स्थान पर उनके बड़े पुत्र रामचन्दर को नौकरी तथा छोटे पुत्र सोबरन लाल को समस्त देय का भुगतान एवं भगवानदीन की पत्नी सताना को पेंशन देने का निर्णय हुआ था तथा इस कमेटी में नागेन्द्र प्रसाद सोनकर लेखागार, किरन सिंह विरि. प्र प्रस. मध., रमई राम वैज्ञानिक अधिकारी (प्रजन्न), अजय कुमार तिवारी वैज्ञानिक अधिकारी बीज समस्त अधिकारीगण गन्ना शोध केन्द्र गोला खीरी के समक्ष फैसला निर्णय हुआ था। परन्तु उपरोक्त अधिकारियों के द्वारा गलत तरीके से प्रार्थी की माता के खातों पर मु.-25,00,000/रु. (पच्चीस लाख रुपया) भेजा तथा प्रार्थी को केवल मु.-7,41,947/रु. आरटीजीएस के द्वारा प्रार्थी के खाते पर भेजा गया और शेष अन्य के खाते पर ट्रांसफर करा दिया जिसकी जानकारी प्रार्थी को हुई तब प्रार्थी उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया जिसकी जांच हुई जिसमें रामचन्दर व उसके रिश्तेदार फस रहे थे जिस कारण से प्रार्थी की माता की हत्या दिनांक 01.08.2019 को करा दी। इस पर पीड़ित ने रामचन्दर, सुशील कुमार व दो उनके रिश्तेदार कमलेश कुमार प्रमोद कुमार के विरुद्ध मुअसं.-604/2020 अर्न्तगत धारा-302 आईपीसी में पंजीकृत करायी थी जिसमें नामित अभियुक्त रामचन्द्र ने गोला थाना से मिलकर अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित कर दी थी जिसमें प्रार्थी ने प्रोटेस्ट किया जो परिवाद में दर्ज किया गया जिसमें प्रार्थी व अन्य दो गवाह पेश हो चुके है तथा गन्ना शोध केन्द्र के दो अधिकारी अजय तिवारी, नागेन्द्र सोनककर न्यायालय में पेश हो चुके है तथा किरन सिंह व रमई राम नामित अभियुकत रामचन्दर के समर्थन में है तथा जान बूझकर न्यायालय में पेश नहीं हो रहे है जिससे प्रार्थी को न्याय मिल पाने में विलम्ब हो रहा है तथा नामित अभियुक्त रामचन्दर ने अपने फर्जी प्रपत्र तैयार कराके नौकरी प्राप्त कर ली है क्योकि नामित अभियुक्त रामचन्दर की सर्विस बुक और मृतक पिता की सर्विस बुक मिलाने करने पर भगवानदीन पिता से रामचन्द्र (पुत्र) 10 वर्ष छोटा है जो स्वयं के फर्जी वाड़ा प्रतीत होता है। मामले से संबंधित पीड़ित ने डीएम एसपी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## कल राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी करेंगी महिला जनसुनवाई

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से आयोग की मा. सदस्य सुजीता कुमारी 24 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई करेगी। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव ने दी। जनसुनवाई में जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रसासनिक अधिकारी, पुलिस अधीक्षक की ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। मा. सदस्या जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा करते हुए जनसुनवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मा. सदस्या अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनसुनवाई के साथ आंगनबाडी, जिला कारागार, मितौली तहसील, सीएचसी मितौली, कस्तूरबा गांधी विद्यालय मितौली निरीक्षण कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

# नहर पर बनी पुलिया की टूटी रेलिंग से राहगीरों को दुर्घटना का भय

**बिजुआ खीरी।** शिवपुरी से ताजपुर जाने वाले मार्ग पर पडने वाली नहर पर बनी पुलिया की रेलिंग टूटी होने से राहगीरों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। इसे टूटे हुए एक वर्ष से अधिक का समय हो गया है परंतु अभी तक मरम्मत नहीं हो पाई है।

बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र में शिवपुरी से ताजपुर जाने वाले मार्ग पर छोटी नहर अल्पिका पड़ती है, जिस पर बनी पुलिया काफी समय से रेलिंग विहीन है। पुलिया की रेलिंग किसी वाहन की टक्कर से टूट गई थी जिसके बाद किसी भी जिम्मेदार ने इसे सही करवाना उचित नहीं समझा। नहर पुलिया पर सड़क घुमावदार होने के कारण वाहन गुजरते समय पुलिया की रेलिंग को रगड़ते हुए पार होते रहते हैं। उन्हीं की ठोकर से यह रेलिंग टूटी थी। एक वर्ष पूर्व से अब तक इसमें दर्जनों बाइक सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। मोड़ होने के कारण नहर में छोटे एवं बड़े वाहनों का किसी समय इसमें गिरने का खतरा बना रहता है। सबसे बड़ा खतरा यह है कि नहर से कुछ ही दूरी पर बच्चों का स्कूल है बच्चों के आवागमन करते समय इसमें गिरने का डर बना रहता है। इस मार्ग से दर्जनों गांव के लोगों का हर समय आवागमन बना रहता है। अक्सर अनजान लोग आते समय मोड़ होने के कारण ध्यान नहीं दे पाते और सीधे नहर में जा गिरते हैं। अभिभावकों और अम्बे इंटर कॉलेज के प्रबंधक विनोद रस्तोगी ने नहर विभाग के अधिकारियों को फोन कर कई बार इसकी जानकारी दी लेकिन अभी तक इधर किसी का ध्यान नहीं गया है।

# फेसबुक गर्लफ्रेंड से बात करने की कोशिश दोस्त को पड़ी भारी

**▸ दोस्त ने की दोस्त की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर के पढुआ थाना क्षेत्र में फेसबुक गर्लफ्रेंड के लिए दोस्त ने ही दोस्त की हत्या दी, और शव को उठाकर जंगल में फेंक दिया। मामले में पढुआ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी विशाल ने बताया कि कुछ माह पहले फेसबुक के माध्यम से गौतम का उत्तराखंड की अनामिका नामक युवती से दोस्ती हो गई, इसी बीच धीरे-धीरे दोनों में प्यार पनपने लगा और वे घंटों फोन पर बात करते थे। गौतम मंडल और विशाल दोनों ही आपस में जिगरी दोस्त थे




और हमेशा साथ रहते थे, विशाल ने गौतम के मोबाइल से अनामिका का नंबर चुपके से हासिल करके बात करने की कोशिश करने लगा। जब गौतम को पता चला कि विशाल भी अनामिका से बातें करने की कोशिश कर रहा है, तो दोनों के बीच विवाद हो गया, बाद में दोनों के बीच सुलह हो गई। इसी बीच विशाल गोलदार ने अपने ही दोस्त गौतम मंडल की शराब में कीटनाशक दवा पिलाकर हत्या कर दी और शव को उठाकर जंगल में फेंक दिया।

यह घटना एक सप्ताह पुरानी है, जब बंगाली कालोनी निवासी 20 वर्षीय गौतम मंडल का सड़ा-गला शव 16 दिसंबर को गांव से करीब 500 मीटर दूर जंगल में मिला था। मृतक की बहन आशा मंडल ने शव के पास पड़े कपड़ों के आधार पर शव की पहचान अपने भाई के रूप में की थी। गौतम के पिता ने गांव के ही रहने वाले उनके दोस्त विशाल पर हत्या का आरोप लगाया था, जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। मामलें में एसओ निराला तिवारी के नेतृत्व में पढुआ चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह, ढखेरवा चौकी इंचार्ज संदीप यादव, सहित कांस्टेबल लोकेश पाण्डेय, राजेन्द्र गंगवार, प्रकाश द्विवेदी, प्रेम किशोर व अक्षय ने घेरा बन्दी कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# रविवार सूर्य नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम हुआ आयोजित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के ओयल स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेढ़क मंदिर परिसर में हाइम योग की योग जागरूकता श्रृंखला का सतत 50वां रविवार मनाया गया। इस अवसर पर प्रयाग आरोग्यं केंद्र द्वारा 111 सूर्य नमस्कार अभ्यास एवं प्रज्ञायोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।

इस आयोजन में लखनऊ, लखीमपुर, बनारस, सिद्धार्थ नगर, गोरखपुर, प्रयागराज, बस्ती आदि जनपदों से से आए योग प्रेमियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने मेढ़क मंदिर के आध्यात्मिक वातावरण में सामूहिक रूप से 111 सूर्य नमस्कार एवं प्रज्ञायोग का अभ्यास किया। कार्यक्रम के संयोजक योग रंजन योगाभ्यास केंद्र के संस्थापक प्रिंस रंजन बरनवाल ने बताया कि यह आयोजन हर रविवार को किया जाता है और इसके पीछे का



उद्देश्य योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना है। आयोजन के दौरान प्रयाग आरोग्यं केंद्र, लखनऊ के संस्थापक योगाचार्य प्रशांत शुक्ला ने सूर्य नमस्कार के लाभों और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, प्रतिभागियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया।

योग प्रेमी पंकज तापड़िया, शुभम् गुप्ता, राहुल वर्मा, नीरज बंसवार, इं. अनुज कुमार, अविरल बरनवाल सहित स्थानीय लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और इसे एक सकारात्मक पहल बताया। आयोजकों ने आश्वासन दिया कि यह श्रृंखला आने वाले समय में भी जारी रहेगी। कार्यक्रम का आयोजन ओयल के समाजसेवी सौरभ अवस्थी, माहेश्वरी जी कलेक्शन एवं बरनवाल जी नीर के माध्यम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में हाइम योग की प्रगति बरनवाल, प्रदीप शर्मा, नूपुर गुप्ता, प्रतीक तिवारी, प्रीति शुक्ला, राजदीपिका तिवारी, अमुलदीप तिवारी, खुशी वर्मा, शुभम सिंह, निधि अवस्थी, हरिओम अवस्थी, योगाचार्य सूरज राय, वेद प्रकाश गुप्ता, लोकेश पांडेय, सूर्यनाथ पांडेय, अर्चना पटेल, शिवांगी राज, शीतल सिंह, संध्या सिंह, संध्या गंगवार, अमित कुमार, शुभम वर्मा आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# कलयुग में कथा सुनना ही मुक्ति का साधन है

**▸ वामन भगवान की कथा, प्रह्लाद चरित्र का विस्तार से हुआ वर्णन**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर के मोहल्ला जोड़ी बंगला, नौरंगाबाद के चंदेल लॉन में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा का वर्णन करते हुए भगवत व्यास पंडित अमित कृष्ण जी महराज ने वामन भगवान की कथा, प्रह्लाद चरित्र का बड़े ही विस्तार से वर्णन किया। विभिन्न भजनों से लोगों का मन मोहा। भजन मैं तो जपूं तेरा नाम सदा कृपालु कृपा बनाये रखना, कथा में व्यास जी ने सुनाते हुए कहा कलयुग में कथा सुनना ही मुक्ति का साधन है। अगर हमे दुर्गुणों से बचना है तो अपने को गोविंद भगवान को सौंप



दो आप का अहित नहीं होगा। धर्म हेतु किया गया काम पति पत्नी जब श्रृष्टि हेतु काम धर्मार्थ है परन्तु यदि समाज विरोधी धर्म विमुक्त काम होता वो महा पाप है। भारत का पूर्व नाम आज नाम खंड था बाद में ऋषभ भगवान के पुत्र भरत के नाम पर आज नाम खंड का नाम भारत पड़ा ऋषभ भगवान के सौ पुत्र थे कथा सुनाते हुए ब्यास जी ने कहा। यदि किसी की जान बचाने के लिए झूंठ भी बोलना पड़े जिसमें देश धर्म का नुकसान नहीं है तो बोलना चाहिए पाप नहीं लगेगा। इस तरीके से भागवत ब्यास जी ने गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, अजामिल की कथा, भगवान श्री राम जन्मोत्सव, भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन विधिवत किया, कथा सुनाते हुए विभिन्न भजनों पर लोग खूब झूम कर मस्ती की कथा बिल्कुल वृंदावन जैसा रही। कथा में भगवान जन्मोत्सव के अवसर पर सजीव झांकी निकली नन्द बाबा वासुदेव, यशोदा माता की झांकी देख कर सभी लोग जय श्री राधे के नारे से माहौल गदगद् हो गया। आयोजन समिति ने भगवान जन्मोत्सव पर सभी का स्वागत हुआ। लोगों ने फल फूल टाफी, बिस्किट, पैसा, फूल आदि लोगों ने खूब लुटाया नन्द बाबा और वासुदेव का लोगो ने पूजन किया। श्रीमद भागवत कथा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चलेगी। कथा का समय 1 बजे से 5 बजे तक चलेगी। कथा में मुख्य रूप से सुधा जंगबहादुर सिंह, आचार्य संजय मिश्रा, भानुप्रताप सिंह, श्रीकांत मिश्रा, आर्येन्द्र पाल सिंह, शैलेन्द्र मौर्या, सुनील सिंह, संदीप सिंह चौहान, राजीव पांडे, राम प्रकाश, बोध मणि, राज शेखर, डॉ. आरपी सिंह चौहान, शिव चन्द्र सिंह, राम चंद्र मौर्य, ईसान गुप्ता, विशाल सेठ आदि लोग उपस्थित रहे।

# लखीमपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने आयोजित की कार्यशाला

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर-शहर के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स द्वारा शनिवार को एक दिवसीय जीएसटी सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सीए विजय गुप्ता, सीए अमित गुप्ता, सीए कमल किशोर के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

प्रथम टेक्निकल सेशन में जीएसटी विशेषज्ञ सीए शुभम ओमर, कानपुर नेजीएसटीआर-9 एवं जीएसटीआर-9सी पर अपना प्रपत्र प्रस्तुत करते हुए रिटर्न फार्म में प्रत्येक तालिका का विश्लेषण किया। साथ ही बताया कि उक्त रिटर्न में बदलावों के पश्चात अब जीएसटीआर-1एवं जीएसटीआर 3-बी में हुई त्रुटियों का



सुधार किया जा सकता हैं एवं उक्त रिटर्न को फाईल करने संबंधित कठिनाइयों तथा भरने में रखने वाली सावधानियों से अवगत कराया। द्वितीय टेकनिकल सेशन में सीए शाश्वत गुप्ता, कानपुर ने जीएसटी कानून में हुए नवीन बदलावों तथा विभाग द्वारा लगाई जा रही पेनल्टी व् जीएसटी के अन्य मुद्दों पर विस्तृत विश्लेषण किया। दोनों सेशन की अध्यक्षता क्रमश सीए कमल किशोर एव सीए आकाश अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन सीए सोमेश बरतरिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे सीए अनुज पुरवार, सीए शगुन बाथम, सीए महेंद्र बाजपेई समेत अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# लखीमपुर में होगा गायत्री परिवार का विराट नारी उत्कर्ष समारोह

**▸ जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी में सर्वसम्मति से पारित हुआ प्रस्ताव**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

अखिल विश्व गायत्री परिवार जनपद लखीमपुर खीरी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी रविवार को लखीमपुर के गोला रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर संपन्न हुई जिसमें जिले की सभी शाखाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक राम खेलावन निषाद ने बताया शांतिकुंज हरिद्वार से माता भगवती जन्म शर्मा और अखंड ज्योति की ज्योति कलश रथयात्रा आगामी



अप्रैल माह में जिले में आएगी जो 20 दिन तक निरंतर भ्रमण करते हुए जिले की समस्त शाखाओं में शांतिकुंज हरिद्वार के प्रज्ञा विचार फैलाएगी। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया गोष्ठी में प्रयागराज कुंभ में गायत्री परिवार की ओर से विद्या विस्तार ज्ञान यज्ञ के लिए जिले से 50 कार्यकर्ता भी जाएंगे। इसके साथ ही गोष्ठी में जिले से पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष में जिले मुख्यालय पर 25 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2025 की तिथियां में पांच दिवसीय विराट नारी उत्कर्ष समारोह आयोजित किया जाएगा। सभी शाखाओं के प्रतिनिधियों ने नारी उत्कर्ष समारोह की आवश्यकता का समर्थन किया साथ ही इसके स्वरूप पर अपने विचार भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में दिवंगत मिशन कार्यकर्ता महिला मंडल की स्व. पुष्पा श्रीवास्तव को सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ वरिष्ठ कार्यकर्ता विनोद सिंह, मुरलीधर मौर्य, मुंशीलाल वर्मा, कामता प्रसाद मौर्य, सुरेश वर्मा, उदय सिंह, महिला मंडल की सुगंधा शुक्ला, मधु तिवारी, ऊषा वर्मा, दीपा वर्मा, युवा प्रकोष्ठ के अजय वर्मा, यज्ञदेव वर्मा, राज किशोर वर्मा, सर्वेश वर्मा, कुलदीप वर्मा, सीपी मौर्य आदि मौजूद रहे।

# दीवार पर की पेंटिंग तो लगेगा 10,000 का जुर्माना

## नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में 2024-25 के लिए 40,3964.27 लाख रुपए का रखा गया बजट

**नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में फैसला साढ़े तीन लाख घरों से वसूला जाएगा टैक्स**

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में 2024-25 के लिए नगर निगम का बजट 40,3964.27 लाख रुपए रखा गया है। बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया, जिसे स्वीकार कर लिया गया। हाउस टैक्स का टारगेट 72760 लाख रुपए रुपए रखा गया। हाउस टैक्स बढ़ाने के लिए नगर निगम नई संपत्तियों को भी टारगेट करेगा। इसमें लखनऊ की करीब साढ़े तीन लाख प्रॉपर्टी से टैक्स वसूलने की तैयारी है। इन संपत्तियों के मालिकान अभी तक टैक्स नहीं देते हैं। दिसंबर के अंत तक इनके मालिकों को नोटिस नगर निगम की तरफ से भेजा जाएगा।

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि 2010 से प्रापर्टी का टैक्स नगर निगम की तरफसे नहीं बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि हम जीआईएस सर्वे के आधार पर और मैनुअल रूप से मौजूद डेटा 6 लाख 78 हजार प्रापर्टियों से टैक्स लेने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें से अभी तक अधिकतम सवा चार लाख प्रापर्टियों से ही टैक्स पिछले साल तक आया था। गोशाला पर 15 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया है। लखनऊ में नगर निगम को बिजली घरों का टैक्स राज्य सरकार से मिलेगा। इस बार नगर निगम ने सभी बिजली घरों को चिन्हित कर उसका एस्टीमेट राज्य सरकार को भेजा है। इसके पहले एक तय अनुमानित टैक्स बिजली घरों का लिया जाता था। वहीं, रेलवे पर 216 करोड़ रुपए का सर्विस चार्ज नगर निगम का बकाया है। यूपी सरकार के नैमिषारण्य भवन का भी करीब 4 करोड़ रुपए नहीं दिया गया है। इसके साथ ही कई प्राइवेट कंपनियों की तरफ से भी बड़े स्तर पर टैक्स का भुगतान नहीं किया गया है। कुत्तों का शत प्रतिशत लाइसेंस करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे करीब 1 करोड़ रुपए के टैक्स का प्रस्ताव है। शहर में वॉल पेन्टिंग पर रोक लगाये जाने हेतु वॉल पेन्टिंग करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए रू0-10000,00 का जुर्माना लगाये जाने की कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही वॉल पेन्टिंग से सम्बन्धित शिकायत हेतु नगर निगम का फोन नम्बर जारी किये जाने का निर्णय लिया गया। वॉल पेन्टिंग की निगरानी हेतु प्रत्येक वार्ड में सुपरवाइजरों की तैनाती की जायेगी जिस वार्ड में वॉल पेन्टिंग मिलेगी उस वार्ड के सम्बन्धित सुपरवाइजर पर कार्यवाही की जायेगी।

**14 जनवरी से शुरू होगा नगर निगम के नये मुख्यालय का काम**

शहर में सड़क पर लगने वाली कार बाजार से क्षतिपूर्ति वसूल किये जाने तथा कार धुलाई का कार्य करने वाले प्रतिष्ठानों से टैक्स वसूली किये जाने का निर्णय लिया गया। आगामी वर्षों में कतकी मेला लगने से 2 माह पूर्व टेण्डर की समस्त प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए समय से टेण्डर दिये जाने का निर्णय लिया गया। नगर निगम मुख्यालय के बाहर अस्थाई टीन शेड के निर्माण कार्य को तत्काल बन्द किये जाने का निर्णय लिया गया। नगर निगम मुख्यालय के निर्माण के दृष्टिगत आर0आर0 विभाग में लगी डीजल/पेट्रोल टंकियों को 15 दिन के अन्दर वहां से हटाये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया। नगर निगम के नये मुख्यालय के निर्माण कार्य का शुभारम्भ 14 जनवरी 2025 को किये जाने का निर्णय लिया गया। पार्षदगणों,शहर की जनता का फोन अवश्य उठाये जाने हेतु समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। आगामी दिवसों में शहर के समस्त नालों की सफ़ाई व्यवस्था एवं वार्डों में झाडू लगने सम्बन्धी कार्यों का निरीक्षण किया जायेगा। गन्दगी पाये जाने पर जिम्मेदार अधिकारी–कर्मचारी पर कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया। शहर की सफाई का कार्य कम्पनी को देने से पूर्व एग्रीमेन्ट में प्रतिदिन क्षेत्र में झाडू लगाये जाने का उल्लेख किये जाने का निर्णय लिया गया। शहर के क्षतिग्रस्त नालों की दीवार का पुर्ननिर्माण कराये जाने हेतु डीपीआर तैयार कर शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

# बैंक में दीवार काटकर 30 लॉकर खाली किए, करोड़ों के जेवरात ले गए बदमाश

**घटना इंडियन ओवरसीज बैंक के चिनहट की, सीसीटीवी में चोर कैद**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के बैंक में शनिवार रात बड़ी चोरी हुई। चोर बैंक की दीवार काट कर अंदर घुसे। अलार्म सिस्टम को डैमेज किया। फिर 42 लॉकर को काट डाले। 30 लॉकर से करोड़ों के जेवर चुरा ले गए। चोर डेढ़ से 2 घंटे बैंक में रहे। घटना इंडियन ओवरसीज बैंक के चिनहट शाखा की है। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में 4 चोर कैद हुए हैं। उनके हाथ में इलेक्ट्रिक कटर भी था। चोरी हुए सामान का पूरा अंदाजा नहीं लग पाया है। लेकिन बैंक सूत्रों की मानें तो लॉकर में करोड़ों रुपए के गहने रखे थे, जो चोर ले गए। चोर दीवार में ढाई फुट चौड़ा छेद करके लॉकर रूम में घुसे। रविवार को बैंक बंद है। इसलिए इसकी जानकारी किसी को नहीं हुई।

दोपहर में वहां रहने वाले फर्नीचर दुकान के मालिक जब बैंक के पीछे खाली प्लॉट में गए तो दीवार कटा हुआ देखा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। चिनहट पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर जांच पड़ताल कर रही है। बैंक में 90 लॉकर हैं। 42 लॉकर टूटे मिले हैं। चोरों ने 1 से 31 तक के लॉकर को टच तक नहीं किया। जबकि 32 से 79 नंबर के लॉकर काटे हैं। पुलिस का कहना है कि 30 लॉकर में जेवरात रखे थे, जो गायब हैं। कुछ खाली थे। ऊपर से नीचे तक के लॉकर टूटे हैं। 80 से 90 तक के लॉकर सुरक्षित हैं। लॉकर धारकों को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद मामला क्लियर होगा।जांच पड़ताल के लिए बैंक पहुंची डॉग स्क्वायड की टीम घटनास्थल से 200 मीटर तक ही जा सकी। इसके बाद टीम ट्रेस नहीं कर पा रही है। माना जा रहा है कि चोरों ने पास में ही गाड़ी खड़ी की होगी या किसी अन्य साधन से निकल गए। बैंक में सुरक्षा के नाम पर सिर्फएक सीसीटीवी कैमरा लगा है। बाहर किसी तरह का कोई कैमरा पुलिस को नहीं मिला। अंदर लगे सीसीटीवी फुटेज में 4 चोर कैद हुए हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि बाहर भी 3-4 चोर मौजूद रहे होंगे। जो अंदर घुसे चोरों को पल-पल की जानकारी दे रहे थे। इंडियन ओवरसीज बैंक से 100 मीटर की दूरी पर चिनहट पुलिस चौकी है। लेकिन पुलिस को चोरी की घटना का पता तक नहीं चला। बैंक के बगल में जफर अली हेवन फर्नीचर नाम से दुकान है। फर्नीचर मालिक ने दोपहर 1 बजे पुलिस को घटना की सूचना दी। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि थाना चिनहट के मटियारी इलाके में इंडियन ओवरसीज बैंक के बगल में खाली प्लॉट है।

## खबरें एक नजर में

**पंडित खेड़ा में जन आक्रोश रैली निकाली**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के पंडित खेड़ा क्षेत्र में प्रशासन की अनदेखी के चलते विनीत मिश्रा के संयोजन में समस्त पंडित खेड़ा निवासी आज दोपहर दिन रविवार को जन आक्रोश रैली का आयोजन बहुत ही जोरदार तरीके से किया गया है। यह रैली भुईयन माता मंदिर से जयपुरिया तिराहे तक पैदल चलकर स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों की कई मुख्य मांगें उठाई गई । रैली में नाला का निर्माण प्रमुख था जो कि पिछले 1 सालों से रुका हुआ है। रैली में लगभग पांच सौ से अधिक लोगो ने अपनी प्रमुख मांगे उठाई जिनमें अधूरे नाले के निर्माण को जल्द पूरा करें, शुभम सिटी से पारा लिंक रोड का निर्माण, यादव आटा चक्की से पंडित अटल बिहारी वाजपेई छठ पूजा स्थल तक सड़क का निर्माण एवं भुईयन माता मंदिर से सिद्धिविनायक मैरिज लॉन आरसीसी रोड का निर्माण और मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और कूड़ा प्रबंधन की उचित व्यवस्था शामिल है।

**रोड एक्सीडेंट में पेट्रोल पंप कर्मी की मौत**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड में युवक की एक्सीडेंट मे मौत हो गई। हादसे के बाद उसे लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोला अलीगंज लखीमपुर के रहने वाले गौतम कुमार (20) पुत्र राम दयाल वाल्मीकि सेमरा पेट्रोल पंप पर काम करते थे। लखनऊ में डीके लॉन गोमतीनगर में अपने भाई कुलदीप के साथ किराए के मकान में रहते थे। भाई कुलदीप ने बताया कि शनिवार को उनकी नाइट ड्यूटी थी। गौतम उन्हें मधुरिमा स्वीट्स स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक से छोड़ने आया था। वहां पर छोड़कर वापस लौट रहा था। तभी पेट्रोल पंप की दूसरी साइड अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। गुजर रहे लोगों ने गौतम के मोबाइल का लॉक खुलवाकर सूचना दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इलाज के लिए लोहिया अस्पताल लाया गया।

**जयकारों के साथ सदर में निकली कलश यात्रा**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 23 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक हाता राम दास सदर कैण्ट में किया जायेगा। कथा से पहले रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा रामदास हाता से शुरू होकर सदर बाजार, कैंट होते हुए कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। यात्रा में कई बग्घी चल रही थी जिसमें बच्चे सर कर बैठे थे। यात्रा के बीच में डीजे पर बज रहे भक्ति मय भजनों पर लोग झूम रहे थे। बीच में करीब 501 महिलाएं सर पर मंगल कलश रखें पीले वस्त्र पहने भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रही थी। यात्रा के सबसे पीछे रथ पर कथा व्यास बैठे थे। यात्रा में क्षेत्र के नागरिकों ने राजेंद्र प्रसाद पांडे गुरु जी को गदा भेंट कर सम्मानित किया। संयोजक राजेन्द्र कमार पाण्डेय (गुरुजी सदर) ने बताया कि भागवत् कथा सोमवार से शुरू होगी। कथा प्रतिदिन सायं 3.30 से 7.30 बजे तक होगी। कथा प्रवक्ता नैमिषारण्य के आचार्य सुधीर कृष्ण शास्त्री कथा श्रवण करायेंगे।

**किसान पथ पर एक्सीडेंट में युवक की मौत**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के किसान पथ मोहिद्दीनपुर गांव के पास शनिवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही मृतक के परिवार को सूचना दी गई। इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक आशीष कुमार (35) सुल्तानपुर रोड, बसरहिया, गोसाईगंज लखनऊ में रहते थे। शनिवार रात बाइक से किसान पथ के रास्ते अपने घर लौट रहे थे। वह मोहद्दीनपुर गांव के पास पहुंचे ही थे, कि किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे वो उछलकर सड़क से दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। समय पर उपचार न मिलने पर उनकी मौत हो गई।

**मिनी लोडर ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दूसरा घायल**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में मिनी लोडर वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल चला रहे युवक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा युवक घायल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। हदसा संसारपुर गांव में एमीटी स्कूल के पास हुआ है। मोटरसाइकिल मनोज रावत (25) चला रहा था। पीछे कमलेश (35) बैठा था जो घायल है। उसका रामसागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय ले इलाज चल रहा है। दोनों मुर्गी दाना फैक्टरी में काम करते थे। रविवार को दोनों नौकरी से वापस घर संसारपुर लौट रहे थे। तभी एक्सीडेंट का शिकार हो गए।

**शकुंतला मिश्रा विवि के हिंदी विभाग ने शुरू किया पीएचडी कोर्स**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग ने पीएचडी कोर्स वर्क की शुरुआत की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र के सृजन संवाद कक्ष में हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय के नेतृत्व में आयोजित इस छह महीने के कार्यक्रम का उद्देश्य शोध में नई संभावनाओं को तलाशना है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा में शोध की महत्व एवं अंतर अनुशासनिक शोध दृष्टिश् विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश, प्रो. हिमांशु शेखर झा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि के रूप में कथाकार और व्यंग्यकार डॉ. अमित कुमार रॉय उपस्थित थे। डॉ. रॉय ने अपने वक्तव्य में कहा, मनुष्य की जिज्ञासा ही उसे शोध की ओर ले जाती है। शोधकर्ता की दृष्टि हमेशा अलग और मौलिक होनी चाहिए।

**शॉर्ट सर्किट से डॉक्टर के घर लगी आग, बेसमेंट का ऑफिस राख**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में रविवार सुबह करीब 7.30 बजे गोमती नगर में एक डॉक्टर के घर में आग लग गई। बेसमेंट से धुआं निकलते देख आसपास के लोगों ने डॉक्टर दंपती को सूचना दी। घर में आग लगे होने की जानकारी पर उन्होंने पुलिस और दमकल को जानकारी दी। गोमती नगर फायर स्टेशन से पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। आग से बेसमेंट बना ऑफिस जल गया है। दूसरी तरफ गोमतीनगर विस्तार स्थित सुलभ आवास में एक घर के बाथरूम में आग लग गई। जिसे परिजनों ने आसपास के लोगों की मदद से बुझा लिया। एफएसओ गोमती नगर ने बताया कि विनय खंड निवासी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. डीएस राय के घर में आग लगने की सूचना मिली थी। घर पर सिर्फवह और उनकी पत्नी थे।

**संविदा कर्मियों की समस्याओं का 2025 में कराया जाएगा समाधान**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने लखनऊ में अवगत कराया है कि 2025 का वर्ष संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों के नाम समर्पित रहेगा। प्रदेश में कार्यरत 9 लाख से अधिक संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की नियमावली बनाए जाने न्यूनतम वेतन 20000 निर्धारित किए जाने, नौकरी से बाहर किए गए नगरीय परिवहन, आईटीआई एवं अन्य सभी विभागों के आउटसोर्स,संविदा कर्मचारियों को सेवा में वापस लिए जाने आदि समस्याओं के निस्तारण के लिए संयुक्त परिषद ने 2025 को संकल्प वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

# अटल जी की जयंती पर निकलेगी सुशासन यात्रा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसम्बर को पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशताब्दी वर्ष है। इस अवसर पर प्रदेश भर में अनेकों कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने बताया कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसम्बर को भाजपा पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर अटल जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। बूथ स्तर पर पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता स्थानीय नागरिकों के साथ श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर अटल जी की कविताओं का वाचन भी किया जाएगा। साथ ही अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता अटल जी की जयंती पर सुशासन यात्रा निकालेंगे। यात्रा के बाद चौपाल लगाकर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार और माननीय नरेन्द्र मोदी की सरकार की उपलब्धियों तथा लोककल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की चर्चा करेंगे। जिला स्तर पर अटल जी के जीवन और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और योगदान पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों में राज्य सरकार के मंत्रिगण, पार्टी के पदाधिकारी, लोकसभा और राज्यसभा के सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष सदस्य, महापौर, पार्षद, नगर पालिका के अध्यक्ष, नगर पंचायत के अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख व अन्य जनप्रतिनिधियों सहित अन्य प्रमुख नेता, पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

**अटल की स्मृतियों के शिलापट को एलडीए ने जमींदोज किया**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृतियों की शिलापट को एलडीए ने जमींदोज कर दिया। इस शिलापट पर बाजपेयी की प्रेरक कविताएं लिखी हैं। कविता लिखे पत्थर जानकीपुरम स्थित अटल चौराहे पर लगे थे। पता चलते ही चौक पर लोग इकट्ठा हुए। यहां सभी धरने पर बैठ गए। जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक योगेश शुक्ला मौके पर पहुंचे। उन्होंने एलडीए के खिलाफनाराजगी जताई, और धरना दे रहे लोगों का समर्थन किया। विधायक ने कहा 25 दिसंबर को अटल जी का 100वां जन्म जयंती वर्ष है। इसे धूमधाम से मनाने की तैयारी थी। जानकीपुरम विस्तार संयुक्त कल्याण महासमिति इसे विशेष तरीके से मनाने की योजना बना रहे थी। लेकिन सौंदर्यीकरण के नाम पर तोड़फोड़ कर दी गई। जिस पत्थर पर अटल जी की कविताएं लिखी हैं, उसे एलडीए सुरक्षित निकाल सकता था। जानकीपुरम विस्तार महासमिति के अध्यक्ष विनय कृष्ण पांडे के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने रविवार को धरना दिया। मौके पर पहुंचे एलडीए के चीफ इंजीनियर अवनींद्र सिंह ने बताया कि यहां पर अटल जी की मूर्ति लगाई जाएगी। इसलिए तोड़फोड़ की गई है। जो पत्थर टूटे हैं, उनकी जगह नए पत्थर भी लगेंगे। सभी में उनकी प्रेरक कविताएं लिखी होंगी।

### एसजीपीजीआई में हुई एनेस्थीसिया रीजनल वर्कशॉप विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

**लखनऊ ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) लखनऊ में एनेस्थीसिया की रीजनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। 2 दिन के इस इवेंट का विषय कॉम्प्रिहेंसिव रीजनल एनेस्थीसिया फॉर ट्रॉमा रहा। इस दौरान संस्थान के निदेशक प्रो.आरके धीमन भी मौजूद रहे। वर्कशॉप के पहले सत्र के दौरान एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख डॉ. प्रभात तिवारी ने कहा कि एनेस्थीसिया में पैन मैनेजमेंट बेहद अहम पार्ट हो गया है। आने वाले दौर में इसकी रेलेवेंसी और बढ़ने जा रही है। ऐसे में इस कॉन्फ्रेंस से बहुत फायदा होने जा रहा है। उन्होंने लोकल एनेस्थीसिया की भूमिका पर जोर दिया हुए कहा कि इस वर्कशॉप में प्रैक्टिकल नॉलेज गेन करने पर सबसे ज्यादा फोकस है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आरके धीमन ने विभाग को बधाई दी और मरीजों की देखभाल के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। साथ ही आने वाले दौर के लिए खुद को अपडेट रहने की भी पर भी जोर दिया।

# यूपी सीएम ऑफिस के एक्स हैंडल पर फॉलोअर्स की संख्या हुई छह मिलियन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी की 25 करोड़ जनता के साथ ही देश में भी योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता दिनोदिन काफी तेजी से बढ़ रही है। जनता से संवाद और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण में योगी आदित्यनाथ काफी आगे रहते हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी उनकी जबर्दस्त सक्रियता रहती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी फॉलोअर्स की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। रविवार को यह संख्या छह मिलियन (60 लाख) पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निजी एक्स अकाउंट पर फॉलोअर्स की संख्या 30.9 मिलियन (3.09 करोड़), इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या 13.1 मिलियन (1.31 करोड़) है। इसी क्रम में रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर फॉलोअर्स की संख्या छह मिलियन (60 लाख) पहुंच गई है। योगी आदित्यनाथ के व्हाट्सऐप चैनल पर 35.36 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 2017 में सरकार बनने के बाद सीएम योगी ने जिस तरह राज्य में विकास और सुशासन के साथ-साथ कानून और व्यवस्था में व्यापक सुधार किए, उससे उनकी लोकप्रियता नए मुकाम पर पहुंच गई है। योगी आदित्यनाथ आमजन से संवाद के लिए जाने जाते हैं। वे किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में एक तरफ बच्चों से मुखातिब होकर प्यार लुटाते हैं तो दूसरी तरफ जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याओं को उनके पास जाकर सुनते भी हैं और निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी करते हैं। योगी आदित्यनाथ नियमित रूप से पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र को लेकर संवाद स्थापित करते हैं तो सोशल मीडिया के माध्यम से आई शिकायतों को भी संज्ञान में लेकर निस्तारण के लिए संबंधित अफसरों को निर्देश देते हैं।

# पंडित खेड़ा में निकाली गई जन आक्रोश रैली, महिलाओं ने भी लिया हिस्सा में



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के पंडित खेड़ा क्षेत्र में प्रशासन की अनदेखी के चलते विनीत मिश्रा के संयोजन में समस्त पंडित खेड़ा निवासी आज दोपहर दिन रविवार को जन आक्रोश रैली का आयोजन बहुत ही जोरदार तरीके से किया गया है। यह रैली भुईयन माता मंदिर से जयपुरिया तिराहे तक पैदल चलकर स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों की कई मुख्य मांगें उठाई गई ।

रैली में नाला का निर्माण प्रमुख था जो कि पिछले 1 सालों से रुका हुआ है। रैली में लगभग पांच सौ से अधिक लोगो ने अपनी प्रमुख मांगे उठाई जिनमें अधूरे नाले के निर्माण को जल्द पूरा करें, शुभम सिटी से पारा लिंक रोड का निर्माण, यादव आटा चक्की से पंडित अटल बिहारी वाजपेई छठ पूजा स्थल तक सड़क का निर्माण एवं भुईयन माता मंदिर से सिद्धिविनायक मैरिज लॉन आरसीसी रोड का निर्माण और मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और कूड़ा प्रबंधन की उचित व्यवस्था शामिल है।

निवासियों में मनजीत सिंह, सीएन शुक्ला, यमुना शंकर त्रिवेदी, लवलेश भाटिया, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, अनूप तिवारी, वीरेंद्र ओझा, निर्भय मिश्रा, उमेंद्र पाठक, अमित सिंह, राजेश सिंह, बी पाल, आशीष, रविकांत राय, रामशिरोमणि त्रिपाठी एवम समस्त निवासियों ने रैली में शामिल हुऐ।

### प्री-एग्जाम के परीक्षार्थी बोले दो घंटे में डेढ़ सौ सवाल पढ़ना समझना, लिखना मुश्किल

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में यूपीपीसीएस प्री एग्जाम की फर्स्ट शिफ्ट ओवर हो गई है। दूसरी शिफ्ट का एग्जाम शुरू है। सेंटर से बाहर निकले स्टूडेंट ने बातचीत के दौरान परीक्षार्थी ने कहा पेपर बनाने वाले ने महाभारत लिख दिया। इतना लेंदी था कि 2 घंटे में डेढ़ सौ सवालों को पढ़ना, समझना और लिखना मुश्किल हो गया। वहीं, यूपी पुलिस में तैनात अनुराग शुक्ला ने बताया कि पहली बार पेपर दिया हूं। हमारे सामने ही पेपर की सील खोली गई। व्यवस्था ठीक थी। हालांकि पेपर टफ था। कुछ सवाल आसान थे। कई सवालों को समझना आसान नहीं था। पेपर मिक्स्ड लेवल का था। लखनऊ के 64 केंद्रों पर यूपीपीसीएस प्री एग्जाम हो रहा है। फर्स्ट शिफ्ट में परीक्षार्थियों को सुबह 8 बजे प्रवेश दिया गया। 8.45 के बाद जो परीक्षार्थी सेंटर पहुंचे उनको एंट्री नहीं मिली। फर्स्ट शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक चली। दूसरी शिफ्ट 2.30 बजे से शुरू हो गई है। नकल और पेपर लीक गिरोह को देखते हुए लोक सेवा अयोग ने सख्ती बरती है।

### बिजली पंचायत में इकट्ठा हुए यूपी के कर्मचारी, ऊर्जा मंत्री से मांगा इस्तीफा

**लखनऊ ।** विद्युत निगम के निजीकरण के विरोध में कर्मचारी उतर आए हैं। बिजली पंचायत में प्रदेशभर से कर्मचारी पहुंचे हैं। इसके साथ ही प्रदेशभर में 1 जनवरी से जनजागरण के लिए बिजली रथ सभी जिलों में चलाया जाएगा। बिजली कर्मचारियों ने कहा कि अगर निजीकरण के लिए बिडिंग की गई तो कर्मचारी सीधी कार्यवाही करने को मजबूर होंगे। विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि विद्युत निगम की जमीनों को एक रुपए में पावर कारपोरेशन के चेयरमैन और ऊर्जा मंत्री जमीनों को प्राइवेट कंपनियों को सौंपने की तैयारी कर रहे। वह ईमानदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को धूमिल कर रहे। इस दौरान बिजली कर्मचारियों ने किसी भी कीमत पर वापस लेने की मांग की है।

# उत्तर प्रदेश में टीबी रोग के खात्मे को लेकर चला अभियान, 27 लाख से अधिक की हुई स्क्रीनिंग

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी से मुक्त करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में टीबी के खात्मे के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो 24 मार्च 2025 तक चलेगा। इस अभियान के जरिये टीबी रोगियों की पहचान, इलाज और पुनर्वास की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनता की भागीदारी और समग्र दृष्टिकोण अपनाना है, यह स्वस्थ और समृद्ध उत्तर प्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 15 जिले में खासतौर पर टीबी रोगियों की पहचान, इलाज और जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इनमें अयोध्या, सीतापुर, बाराबंकी, देवरिया, इटावा, अमेठी, बस्ती, फर्रुखाबाद, हाथरस, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर शामिल हैं, जहां टीबी के मामलों की दर अपेक्षाकृत अधिक है। अभियान के उद्देश्य के मुताबिक टीबी के उन रोगियों को खोजने पर जोर दिया जा रहा है, जिनकी अब तक पहचान नहीं हुई है। साथ ही समय पर उपचार और बेहतर देखभाल के जरिए टीबी से होने वाली मौतों को कम करना है।

इसके अलावा व्यापक जागरूकता फैलाने के साथ एहतियातन कदम उठाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। अभियान के तहत 07 दिसंबर से 19 दिसंबर के बीच 27,00,377 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जबकि 35,451 व्यक्तियों का माइक्रोस्कोपी और 26,642 व्यक्तियों का एनएएटी परीक्षण किया गया। इस दौरान 2,20,520 टीबी रोगियों को चिह्नित किया गया।

वहीं, निक्षय पोषण योजना के तहत 49,850 टीबी रोगियों को लाभ पहुंचाया गया है। इसके अतिरिक्त 1,96,520 लोगों को टीबी से बचाव के लिए उपचार दिया गया। योगी सरकार टीबी उन्मूलन के लिए विशेष कदम उठा रही हैं। इसमें निक्षय मित्र अभियान के तहत टीबी मरीजों को गोद लेने की योजना, जिसमें सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा दिया ज रहा है। वहीं, तेज निदान और उपचार के लिए आधुनिक एनएएटी मशीनों और मोबाइल मेडिकल यूनिट्स का उपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक संगठनों के साथ मिलकर व्यापक जागरूकता फैलाई जा रही है।

**निमंत्रण** | मंत्री आशीष पटेल व कपिल देव ने त्रिपुरा के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को सौंपा महाकुंभ 2025 का निमंत्रण

# भारतीय परंपरा, संस्कृति और एकता का प्रतीक है महाकुम्भ

समृद्धि न्यूज




**त्रिपुरा/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने रविवार को त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू से मुलाकात की। इस औपचारिक बैठक में दोनों मंत्रियों ने राज्यपाल को प्रयागराज महाकुंभ 2025 में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

मुलाकात के दौरान मंत्रियों ने महाकुंभ के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महाकुंभ 2025 भारतीय परंपरा, संस्कृति और एकता का प्रतीक है, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन की सराहना की और कहा कि महाकुंभ भारतीय सभ्यता की महान धरोहर है। इसके बाद, उत्तर प्रदेश के दोनों मंत्रियों ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री को औपचारिक निमंत्रण देते हुए उन्होंने महाकुंभ 2025 के आयोजन के महत्व पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने निमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया और आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति का अद्वितीय पर्व है और इसे सफल बनाने में सभी को योगदान देना चाहिए। महाकुंभ 2025 के प्रचार-प्रसार के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कल, 23 दिसंबर 2024 को त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में एक भव्य रोड शो का आयोजन करेगी। इस रोड शो का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को महाकुंभ की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता से अवगत कराना है। रोड शो के माध्यम से लोगों को इस आयोजन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**महाकुंभ में सनातन धर्म का होगा महासमागम**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में 144 वर्ष बाद ऐसा संयोग बन रहा है। जिसमें सनातन धर्म का महा समागम होगा। ऐसे संयोग पर संगम की रेती तपस्या करने वाले संतों का बहुत पुण्य अर्जित होगा। साथ ही सभी अखाड़ों के संत विश्व कल्याण के लिए अपना तप दान करेंगे। यह बात रविवार को आवाह्न अखाड़ा के छावनी प्रवेश कार्यक्रम में अष्ट कौशल महन्त सत्यानन्द भारती ने कही। उन्होंने बताया कि वह मध्य प्रदेश में स्थित इच्छापूर्ण पायली माता सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर है। महाकुंभ के दौरान 144 वर्ष बाद आने वाले पुण्य संयोग के मौके पर संगम की रेती पर मकर राशि में सूर्य के प्रवेश करने पर पतित पावनी मां गंगा की रेती पर अपनी धुनी जमाएंगे और 13 जनवरी से 45 दिन पूर्जा अर्चना, जप–तप करेंगे।

# प्री-पीसीएस परीक्षा केन्द्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

▸ सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए लगातार भ्रमणशील रहीं डीएम व एसपी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2024 की प्रथम पाली में सम्पन्न होने वाली परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, शुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के साथ निरन्तर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लेती रहीं। डीएम व एसपी ने राजकीय आईटीआई कैम्पस नानपारा रोड-बहराइच परिसर में स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक-मोहम्मदपुर, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, रिसिया नानपारा एवं राजकीय पॉलीटेक्निक, आसाम चौराहा, बहराइच का निरीक्षण भी किया। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित कन्ट्रोल रूम में पहुंचकर मॉनीटर स्क्रीन पर लगभग सभी कमरों को जूम कर परीक्षा कक्ष के अन्दर की व्यवस्था को परखा। डीएम ने परीक्षा केन्द्र पर मौजूद केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि किसी भी दशा में परीक्षा की शुचिता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सभी सम्बन्धित को यह भी निर्देश दिये गये कि इलेक्ट्रानिक डिवाइस को लेकर पूरी सतर्कता बरती जाय। कन्ट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों निर्देश दिया गया कि परीक्षा कक्षों की निगरानी हेतु कन्ट्रोल रूम की स्क्रीन पर अलग-अलग कक्षों को जूम करके निरन्तर अन्तराल पर देखते भी रहें तथा परीक्षा समाप्त होने पर आयोग द्वारा निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार कापियों को सुरक्षित रखने की कार्यवाही की जाय।

### जिले के 15 केंद्रों पर हुई पीसीएस प्री परीक्षा

लोकसेवा आयोग की ओर से रविवार को पीसीएस प्री परीक्षा आयोजित हुई। जिले में 15 परीक्षा केंद्र पीसीएस प्री परीक्षा के लिए बनाए गए हैं। रविवार सुबह आठ बजे से परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को स्कूल में प्रवेश दिया गया। विभिन्न जांच के बाद परीक्षार्थी अपने कमरे में गए। सुबह 9.30 बजे से परीक्षा शुरू हुई जो 11.30 बजे तक चली। वहीं दूसरी पाली में भी 2.30 बजे 4.00 बजे तक परीक्षा चली। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि परीक्षा को लेकर क्षेत्र को पांच जोन में बांटा गया है। सुरक्षा के लिए 64 उप निरीक्षक के साथ 256 सिपाहियों की अलग से ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं।

### डीएम की निगरानी में खोला गया ट्रेजरी का डबल लॉक

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रातः काल कोषागार पहुंचकर अपने सम्मुख डबल लॉक को खुलवाया। जहां से सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों के लिए नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस अभिरक्षा में प्रश्न पत्रों के पेटियां लेकर परीक्षा केन्द्रों के लिए रवाना किया।

## मंडल आयुक्त व पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पीसीएस परीक्षा केंद्रों का किया भ्रमण

▸ परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर चल रही परीक्षा का लिया जायजा, संबंधित को दिए दिशा निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील व डीआईजी अमित पाठक द्वारा पीसीएस प्री 2024 परीक्षा के सुचितापूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद गोण्डा व बलरामपुर के परीक्षा केंद्रों-शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज गोण्डा, एलबीएस कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोण्डा व महारानी लाल कुंवरि स्नाकोत्तर महाविद्यालय बलरामपुर व एम0पी0पी0 इंटर कालेज बलरामपुर केंद्रों का भ्रमण कर सर्व संबंधित को सुचिता कायम रखते हुए निष्पक्ष, नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने व पुलिस कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश सर्व संबंधित को पूर्व में ही गोष्ठी/प्रशिक्षण के माध्यम से दिये जा चुके हैं।

## नगर पंचायत धानेपुर में विकास कार्य नहीं होने से जनाक्रोश



**धानेपुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत धानेपुर मे पंद्रह वार्ड है। किसी भी वार्ड मे कोई विकास कार्य नहीं हुआ। जिससे नगरवासियों में रोष है। सभासद भी नाराज हैं। वार्डो की नालिया जीर्ण हो गईं हैं। सदर बाजार क़े पूरब गली क़े बारिश क़े पानी क़े निकलने की व्यवस्था नहीं हुई। गोण्डा उत्तरौला रोड क़े दोनों तरफ बने नाले पटे हुए हैं। हल्की सी बरसात होने पर सड़कों पर पानी बहने लगता है। लोगों का आरोप जितना धन विकास काम क़े लिये आया उसके सापेक्ष काम कुछ नहीं हुआ। ग्रामवासियों ने शासन व प्रशासन से जाँच कराने की मांग की है।

# बच्चों का भविष्य सवारने में मां की भूमिका अहम : मोहसिन

▸ आओ अपने बच्चों को संवारे विषय पर सेमिनार आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




आओ अपने बच्चों को संवारे के विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सुश्री बसराह हसन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य व्यवसायी, सचिव साहित्यिक सोसायटी अलीगढ़, कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कनीज़ फातिमा प्रधानाचार्या दर्सगाह इस्लामी स्कूल तथा अध्यक्षता जीशान एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के प्रबंधक श्री मोहसिन ख़ान ने की।

क़ुरान पाक की तिलावत से प्रोग्राम की शुरुआत हुई बसराह हसन ने अपने संबोधन में कहा कि हम सब इस्लाम को मानने वाले है और इस्लाम में वही का पहला लफ़्ज़ पढ़ो से ही शुरुआत हुई है और हम ही आज तालीम के क्षेत्र में सबसे पीछे है जिसमें लड़कियां तो ख़ास कर पीछे है औरतों को अपनी जिम्मेदारी का अहसास दिलाया साथ में घर व समाज में नुमायाँ रोल अदा करने के टिप्स भी दिए

संस्था के प्रबंधक मोहसिन ख़ान ने कहा कि अपने बच्चों के भविष्य को बनाने में सबसे अहम किरदार माँ का होता है जब आप शिक्षित होंगी तो बच्चों की अच्छी परवरिश होगी समाज में बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में तीन लोगों का सबसे अहम भूमिका होती है माता पिता और शिक्षक की यही तीन लोग है जो अपने बच्चों को खुद से आगे देखना चाहते है यहीं चिंता करने वाले हैं जिसमें सबसे ज़्यादा माँ रोल होता है क्योंकि माँ ही वो हर कुछ अपने बच्चों के बारे में जानती है जो कोई नहीं जान सकता इस लिए माँ की भूमिका बच्चों के भविष्य को बनाने में बहुत अधिक हो जाता है जिसे यदि आत्मविश्वास के साथ निभाये तो देश में बहुत सारे बच्चे आज भी मौलाना आज़ाद मिजाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम देश में पैदा हो सकते हैं।

इसी तरह कई वक्ताओं अपनी बात रखी। इस अवसर मौके पर शिक्षक ज़ुबैर ख़ान, फ़िरोज़ आलम, फारूक अहमद, रुक्सार अहमद, मौलाना सकलेन, हाफिज अब्दुर रशीद हाफिज अब्दुल अलीम, रमेश तिवारी, अनुपम शुक्ला, अमृत लाल पांडे, फातिमा, असना नूरी, सकीना, तहमीना, राजकुमारी, काजल, सानिया, कैफ़िया शिक्षिकाएं आदि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं ।

# लगभग एक दशक से एआरटीओ कार्यालय का काम संभाल रहे प्राइवेट आदमी

**नरेंद्र लाल गुप्ता**

▸ कितने ही सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आए और चले गए लेकिन उनका सारा कार्य देखते हैं महेंद्र

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा का संभागीय परिवहन कार्यालय अपनी कई विशेषताओं से जाना जाता है क्योंकि यह एक ऐसा कार्यालय है जहां सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन के कार्यालय में पिछले एक दशक से एक प्राइवेट व्यक्ति जिसका नाम है महेंद्र शुक्ला वही सारा कार्य देखता है चाहे डोंगल लगाना हो, पासवर्ड खोलना हो या कोई भी आवश्यक कार्य सब उसी पर निर्भर है या यूं कहें महेंद्र शुक्ला के बगैर संभागीय परिवहन कार्यालय में सब कुछ व्यर्थ लगता है जबकि ना तो इस व्यक्ति की कहीं कोई नियुक्ति है ना ही इस कार्यालय के कामों में काम करने की कोई परमिशन किंतु यहां का सारा कार्य चाहे वह डीएल का हो ,रजिस्ट्रेशन का हो या और कोई प्राइवेट लेनदेन हो यही नहीं इस व्यक्ति का कार्यालय से बंगले तक सारा कार्य महेंद्र शुक्ला के ही भरोसे रहता है किसी भी कार्य का महेंद्र शुक्ला माने कार्यालय की मास्टर चाबी । जब इस प्रकरण के बारे में सहायक संभागीय अधिकारी प्रशासन आरसी भारतीय के सीयूजी नंबर पर जानकारी लेने की कोशिश की गई तो जवाब मिला डायल किया गया नंबर उपयोग में नहीं है ।



लाल घेरे में महेंद्र शुक्ला, और नीली शर्ट में खड़े हैं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आरसी भारतीय

## खबरें एक नजर में

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की महिला जिलाध्यक्ष बनीं खुशबू कनौजिया व उपाध्यक्ष बनीं रूबी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की महत्वपूर्ण बैठक सिंचाई डाक बंगले में सम्पन्न हुई जिसमें संगठन का विस्तार करने के साथ ही सदस्यता नवीनीकरण किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक के मुख्य अतिथि देवीपाटन मंडल अध्यक्ष एसपी मिश्रा रहे। इस अवसर पर उन्होंने संगठन में अच्छे पत्रकार साथियों को जोड़ना का आह्वान किया। मंडलाध्यक्ष एसपी मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन आज उत्तर प्रदेश का सबसे मजबूत संगठन बन चुका है। बड़ी संख्या में पत्रकार साथी संगठन से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के मान–सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई हमेशा ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन लड़ता रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अहसन नसीम को संरक्षक, मोहम्मद फारूक को संयोजक, ए आर उस्मानी को जिला प्रभारी, अशोक कुमार पाठक को वरिष्ठ महामंत्री, मोहसिन हफीज को महामंत्री, अरूण पाठक को मनकापुर तहसील अध्यक्ष, रमेशचंद्र तिवारी को गोण्डा सदर तहसील अध्यक्ष, राहुल तिवारी को तहसील उपाध्यक्ष, रूबी अवस्थी आशीष श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष को महिला प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।

### युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सम्बन्ध में जिला पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के जिला पंचायत सभागार में प्रदेश सरकार की अनोखी पहल कोई न रहे बेरोजगार अपनायें स्वरोजगार के तहत मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को लागू होने के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।जिसमे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की मण्डलीय कार्यशाला का शुभारम्भ संयुक्त आयुक्त उद्योग, देवीपाटन मण्डल गोण्डा द्वारा किया गया ।योजना के सम्बन्ध में रवि गुप्ता विशेषज्ञ द्वारा योजना के सम्बन्ध में पी0पी0टी0 के माध्यम से जानकारियां प्रस्तुति की गयी है ।कार्यशाला में समाधान समिति के प्रतिनिधि मानस सिंह द्वारा भी योजना की प्रस्तुति की गयी ।उपायुक्त उद्योग गोण्डा द्वारा सभी का स्वागत करते हुऐ योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी ।संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा रू0 5.00 लाख के ऋण पर 10 प्रतिशत एक मुस्त अनुदान एवं 4 वर्ष तक व्याज मुक्त ऋण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। ऐसे आवेदक जो कक्षा आठ पास व जिनकी उम्र 21 से 40 वर्ष है एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त किये है वह पोर्टल द्वद्यद्वद्द.ह्वश्च.द्दश्1.द्वद्व आवेदन कर सकते है ।कार्यशाला में मण्डल के समस्त जनपदों के उपायुक्त उद्योग,उपायुक्त स्वतः रोजगार श्रावस्ती,अग्रणी जिला प्रबन्धक, इण्डियन बैंक गोण्डा, डायरेक्टर आर0सेटी0,प्रतिनिधि कौशल मिशन एवं 500 से अधिक आवेदक उपस्थित रहे।

### बालाजी को छप्पन भोग चढ़ाए, भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

▸ भजन प्रस्तुति से पूरा पांडाल भक्ति में हो गया भाव विभोर



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज के पुरैना बाजार में नवयुवक बालाजी सेवा समिति पुरैना बाजार में आयोजित दो दिवसीय श्रीबाला जी महाराज का आठवां कार्यक्रम शनिवार को पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ ।कार्यक्रम में गोरखपुर से उर्मिला राज तथा गोंडा से दीपिका मिश्रा के भजन का आनंद उठाया,भजन प्रस्तुति से पूरा पांडाल भक्ति में भाव विभोर गया। श्रद्धालुओं द्वारा बालाजी महाराज के गुणगान के साथ मंत्रोच्चार किया गया। मंदिर के पुरोहित ने धार्मिक विधान से बालाजी महाराज को पोशाक पहनवाई। मंदिर में छप्पन भोग का प्रसाद भी चढ़ाया गया। दोपहर बाद तीन बजे शुरू भंडारा देर शाम करीब नौ बजे तक चला। सेवादारों मे, दद्दन मौर्य, संजय, अर्विन्द शुक्ल, दुर्गा प्रसाद,अमित सिंह, सुधाकर पाठक, बजरंगी कश्यप, रमेश, प्रदीप आदि का व्यवस्थाओं में सहयोग रहा। सुरक्षा की दृष्टिकोण से थाना प्रभारी निरीक्षक विशेश्वरगंज नवीन कुमार सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ सक्रिय रहे।

# हत्या के चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**बहराइच समृद्धि न्यूज़ बहराइच।**

▸ वर्ष 2019 में हुई हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायधीश एफटीसी द्वितीय ने सुनाया फैसला

जिले के कोतवाली नगर व दरगाह शरीफ निवासी चार दोषियों को हत्या के ममले में शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय की कोर्ट ने आजावीन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को अलग-अलग अर्थदंड से दंडित भी किया है।दरगाह थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद शरीफ ने पांच फरवरी 2019 को थाने पर तहरीर देकर कहा था कि थाना क्षेत्र स्थित कैलाश होटल के पास एक आटो मोबाइल की दुकान पर नदीम के साथ बैठे थे।

इसी दौरान दुकान पर कोतवाली नगर के कासिमपुरा निवासी फैज व मोहल्ला चांदपुरा निवासी बाबू उर्फ राजू, थाना दरगाह के पलरीबाग निवासी मोहम्मद मानू व मानपुरवा निवासी अब्दुल रहमान पहुंचकर शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। नदीम ने पैसा देने से मना कर दिया, तो सभी नदीम से विवाद करने लगे। हालांकि थोड़ी देर बाद सभी चले गए। इसके बाद रात साढ़े नौ बजे सभी वापस आकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से नदीम पर अवैध असलहे से फायर झोंक दिया। नदीम को बचाने के लिए वहां मौजूद अनीस, अब्दुल कादिर, महफूज के साथ आस-पास के अन्य लोग दौड़े, तो हमलवरों ने उनके ऊपर भी फायर झोंक दिया। जिससे मौके पर ही नदीम, अनीस, अब्दुल कादिर, महफूज जमीन पर गिर पड़े।इस दौरान हमलावरों ने जान से मारने की धमकी देते हुए आस-पास के लोगों को भी धमकाया कि अगर किसी ने गवाही दी, तो उसको भी जान से मार देंगे।

डर के चलते कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। घटना की सूचना पुलिस को देने के बाद मौके पर पहुंची दरगाह थाने की पुलिस ने सभी गंभीर रूप से घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया था। इस दौरान चिकित्सकों ने सभी घायलों को लखनऊ मेडिकल कालेज रिफर कर दिया था। मेडिकल में इलाज के दौरान अनीस की मौत हो गई थी। घटना के संबंध में थाने की पुलिस ने छह फरवरी 2019 को विभिन्न धराओं में मुकदमा दर्ज की आरोपपत्र कोर्ट में सौंपा था। मुकदमें में शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय अनिल कुमार बारह की कोर्ट ने सुनवाई शुरू की।इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी सुनील जायसवाल ने अभियुक्त द्वारा की गई घटना को जघन्य अपराध बताते हुए अधिक से अधिक से सजा देने की दलील पेश की थी। कोर्ट ने अभियोजन व बचाव पक्ष की बहस सुनने के बाद चारों अभियुक्तों को दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषसिद्ध अब्दुल रहमान, फैज खान व बाबू को 16-16 हजार और मोहम्मद मानू को 15 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की धनराशि अदा न करने पर सभी अभियुक्तों को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित

▸ 23 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई परीक्षा, 7000 परीक्षार्थियों ने किया प्रतिभाग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में रविवार को मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया।यह परीक्षा पूर्व सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गयी।

जनपद के परीक्षा कोऑर्डिनेटर सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह ने बताया कि परीक्षा में जनपद से कुल 7000 छात्र-छात्राओ ने पंजीकरण कराया। और 23 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया । परीक्षा के दौरान निरीक्षण करने पर 269 बच्चे अनुपस्थित पाए गए।

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण की ओर से प्रतिवर्ष मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जाता है। परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाता है। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को गोडा स्थित नंदिनी नगर महाविद्यालय में 8 जनवरी 2024 को भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर पुरस्कार वितरित किया जायेगा। साथ ही सांत्वना पुरस्कार की श्रेणी में आने वाल छात्रों को भी सांसद की ओर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। जनपद स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को मोटर साइकिल / स्कूटी तथा द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले को 21000 व 16000 रूपये नकद राशि प्रदान की जाएगी।

इस दौरान पर्वेक्षक महेश सिंह मन्नू, रामचरण, मुकेश सिंह, संजय गुप्ता, अन्नू सिंह, आकिब खान, सत्या सिंह, मुन्नू सिंह, विपिन सिंह, निशांत श्रीवास्तव, अखंड शाही, कमलेश सिंह, पिंकू सिंह, प्रांशु श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

### सिंधी प्रीमीयर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के इंदिरा स्टेडियम में रविवार को युवा सिंधी समाज द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पहले दिन तीन मैच हुए पहले मैच में सिंधी सम्राट टीम ने 10 ओवर में 99 रन बनाये जिसके जवाब में सखी बाबा इलेवन 96 रन बना पाई। इस तरह सिंधी सम्राट 3 रन से विजई हुई। दूसरे मैच में एसबीडी लायंस ने 60 रन बनाये, झूलेलाल किंग्स ने इस टारगेट को चेज कर आसानी से मैच जीत लिया। तीसरे मैच में पहले खेलते झूलेलाल किंग्स ने 61 रन बनाकर सिंधी सम्राट को 62 रन का लक्ष्य दिया जिसे सिंधी सम्राट ने 7 विकेट खोकर मैच जीत लिया। इस अवसर पर जगदीश सत्या, प्रदीप चावला, ओम प्रकाश रूपानी, फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के अध्यछ बी डी लखमानी, मुन्ना सत्या सहित सेकडों की संख्या में सिंधी समाज के पुरुष महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे। आज तीन मैच के बाद का फाइनल खेला जायेगा। इसके अतिरिक्त सिंधी समाज की महिलाओं का एक फ्रेंडली मैच खेला जायेगा।

# ई-रिक्शा में चाबी लगा छोड़ा, अन्य ने दिया धक्का, बालक की कुचलकर मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

▸ पुलिस ने केस दर्ज कर वाहन को लिया कब्जे में



जिले के हैदरपुर नौबस्ता गांव में कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान चाबी लगा ई रिक्शा भी खड़ा था। अन्य बच्चों के धक्का देने पर ई रिक्शा आगे बढ़ गया। ई रिक्शा के नीचे दबकर एक साढ़े तीन वर्षीय बालक की दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत हैदरपुर नौबस्ता के मजरा अचेहरा निवासी अनमोल (3.5) पुत्र दिलीप कुमार शनिवार को घर के बाहर खेल रहा था। साथ में अन्य बच्चे भी खेल रहे थे। वहीं पर ई रिक्शा भी खड़ा था। जिसमें चाबी लगा था। साथ में खेल रहे अन्य बच्चों ने ई रिक्शा में धक्का दिया, जिसके चलते ई रिक्शा आगे बढ़ गया। ई रिक्शा के नीचे साढ़े तीन वर्षीय बालक दबकर घायल हो गया। परिवार के लोग उसे सीएचसी ले गए। जहां इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई। पिता का कहना है कि बच्चे ई रिक्शा के पास खेल रहे थे। तभी अन्य बच्चों ने ई रिक्शा में धक्का देकर आगे बढ़ा दिया। थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि लापरवाही से हादसा हुआ है। हादसे का केस दर्ज कर वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। चालक को जेल भेजा जाएगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया वीर बाल दिवस कार्यक्रम

▸ राष्ट्र रक्षा व हिंदू धर्म को बचाने के लिए सिख समाज ने अपना बलिदान देकर हिंदू धर्म को बचाने के लिए मुगल शासन में बहुत यातनाएं झेली : राहुल राज रस्तोगी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर वीर बाल दिवस का कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री वह कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष डॉ जितेंद्र त्रिपाठी ने की। व मंच संचालन मंदीप सिंह वालिया क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा राष्ट्र रक्षा व हिंदू धर्म को बचाने के लिए सिख समाज ने अपना बलिदान देकर हिंदू धर्म को बचाने के लिए मुगल शासन में बहुत यातनाए झेली मुगलों के अत्याचारों के खिलाफ सिख्खो के बलिदान की गाथाओं की कोई मिसाल दुनिया में और नहीं मिलती। राष्ट्र की नियत को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित करता है। जिससे वीर बाल दिवस को अतिरिक्त महत्व मिलता है। बलिदानों में जोरावर सिंह और फतेह सिंह का बलिदान सर्वोपरि है। क्योंकि उनकी उम्र उस समय 6 वर्ष और 9 वर्ष की थी। इस बलिदान की गाथा शुरू हुई गुरु अर्जन देव के बलिदान से उसके बाद साहब जादो के दादा हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर सिंह और उनके अनुयाई भाई मती दास छिब्बड भाई सती दास व भाई दयाल दास के प्रेरणा दायक बलिदान से जुड़ी है। गुरु तेग बहादुर सिंह को डराने के लिए उनके सामने भाई मती दास जी को आरे से चीर गया व मती दास के बाद भाई दयाल को उबलते हुए पानी में डाल दिया गया था। तथा उनके भाई सती दास को जिंदा जला दिया गया था। गुरु तेग बहादुर सिंह इस्लाम धर्म मानने से इनकार करने पर उनका सर धड़ से अलग कर दिया गया था और औरंगजेब के हुक्म पर यह कहा की इनका कोई अंतिम संस्कार नहीं करेगा ।इस्लाम कबूल ना करने पर सरहिंद के नवाब ने बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह जो कि उसे समय मात्र 7 वर्ष और 9 वर्ष के थे उनको जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया था।इस प्रकार उन्होंने धर्म रक्षा के लिए सर्वोपरि बलिदान अर्पित किया। दिसंबर के अंतिम पखवाड़े में गुरु तेग बहादुर का पूरा परिवार शहीद हो गया था। इसीलिए गुरु के अनुयाई शोक भी मनाते हैं। और जमीन पर सोते हैं। इसलिए सिखों के अंतिम गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों को अनोखी साहस की कहानी देश व दुनिया को अवगत कराने के लिए वीर बाल दिवस का कार्यक्रम जनपद के भाजपा के सभी मंडलों में दिनांक 23 व 24 दिसंबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी अखिलेश यादव रहे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सुषमा चौधरी, जिला महामंत्री मनीष आर्य, जिला मंत्री हेमा निगम, सुनील श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष प्रथम अमित शर्मा, मंदीप सिंह वालिया महिला मोर्चा संयोजिका सोनी श्रीवास्तव, सौरभ मिश्रा, प्रमोद पांडे, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, मंजुला पाठक, सुदामा मिश्रा, आशीष त्रिवेदी सहित नगर मंडल के सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# छह दिवसीय खेल में ग्रामीण युवा दिखाएंगे प्रतिभा

▸ खेल महोत्सव बोझिया का शुभारंभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत बोझिया में रविवार से छह दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिसमें ग्रामीण युवा अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। मिहींपुरवा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोझिया के एकलव्य खेल मैदान में 6 दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ राजित राम निषाद ने किया।

उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता से गांव की प्रतिभा सामने आएगी। युवा बढ़ चढ़कर खेल में प्रतिभाग करें। खेल में वॉलीबॉल प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता ,मार्शल आर्ट ,जुड़े कराटे ,खो खो, कबड्डी प्रतियोगिता और क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन का शुभारंभ हुआ। वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ गंगापुर और मनगौढीया के बीच खेला गया जिसमें गंगापुर की टीम विजई हुई। कार्यक्रम आयोजक प्रेम मल्होत्रा प्रिंसिपल ग्रामोदय लघु माध्यमिक विद्यालय गंगापुर ने बताया कि फिट बोझिया हीट बोझिया के तहत खेल महोत्सव कराया जा रहा है। जिससे बच्चों में खेल के प्रति रुचि बड़े और उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके। मुख्य रूप से कार्यक्रम में संदीप सिंह बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष, प्रियेश कुमार प्रबंधक जेएस एकेडमी, ग्राम प्रधान मकबूल खान, पूर्व ग्राम प्रधान शिवसागर गौतम शिवसागर निषाद, नरेंद्र मौर्य, संतोष कुमार तिवारी, चंदन सिंह, हरि मुन्ना वर्मा, अशोक मौर्य, लाल जी सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# रायबरेली आज शर्मिंदा है, राहुल के विरोध में शहर भर में लगे पोस्टर

**संसद का बवाल पहुंचा बछरावां के द्वार, सांसद के विरोध में लगे पोस्टर**







**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

संसद में हुए बवाल की आंच अब रायबरेली जनपद तक पहुंच गई है। प्रकरण पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद की ओर से जनपद के कई स्थानों पर विपक्ष के नेता और जिले के सांसद राहुल गांधी के विरोध में चुरुवा बार्डर से लेकर शहर तक कई स्थानों पर पोस्टर लगाए गए हैं। जिसमें लिखा गया है कि रायबरेली आज शर्मिंदा है। इससे राजनैतिक गलियारों में एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं। पोस्टर के जरिए कई सवाल पूछे गए हैं। मुखर विरोध कर रहे विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारी ने विपक्ष के नेता को उनके संसदीय क्षेत्र में घेरने की तैयारी की है। फिलहाल, इसको लेकर भाजपा और कांग्रेस में तनातनी का माहौल बन गया है।

**पोस्टरों में राहुल गांधी पर कसा गया तंज:** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव राहुल सिंह की ओर से लगाए गए पोस्टरों में सांसद राहुल गांधी के खिलाफ खूब जमकर तंज कसा गया है। पोस्टर में राहुल की विचार धारा को लेकर तमाम सवाल खड़े किए गए हैं। जिनमें हिंदू दर्जी कन्हैयालाल से नफरत और मुस्लिम दर्जी से प्यार क्यों?, हिंदुओं को जाति में बांटने की साजिश क्यों?, जार्ज सोरोस से राहुल गांधी का क्या नाता है?, भारत विरोधियों से हमदर्दी क्यों?, संभल के दंगाइयों से प्यार लेकिन बहराइच पीड़ित रामगोपाल मिश्रा से दुश्मनी क्यों?, आतंकवादी अफजल गुरु से प्यार लेकिन राष्ट्रभक्त वीर सावरकर से नफरत क्यों? जैसे कई सवाल शामिल हैं।

**आम जनता के बीच चर्चा जारी:** शहरा भर में लगाए गए पोस्टर्स से आम जनता के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। कई जगहों पर लोगों को चर्चा करते सुना गया। हालांकि कई स्थानों पर पोस्टर फाड़ने की बात भी बताई जा रही है। इसके अलावा इस पूरे मामले में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने निंदा करते हुए भाजपाइयों की साजिश बताया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि मुख्य मुद्दों को भटकाने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है भाजपा हमेशा से मुद्दे से हटकर बात करती है।

**कांग्रेस ने बताया भाजपा की साजिश:** कांग्रेसकर्ताओं की ओर से ये भी कहा गया है कि भाजपा हमेशा झूठी कहानी सुनाती है। वहीं आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी भाजपा को बुरी तरह घेरा था। उन्होंने कहा था कि भाजपा की कहानी में कोई सच्चाई नहीं होती। ये पार्टी सिर्फ कहानी सुनाने का काम करती है।

**चुरुवा बार्डर से लेकर शहर तक कई स्थानों पर लगे पोस्टर:** इसके बाद अब एक बार फिर संसद में हुई गतिविधियों के बाद चर्चाएं शुरू हो गई हैं। शनिवार को चुरुवा बार्डर से लेकर शहर तक कई स्थानों पर पोस्टर लगाए गए। इसमें राहुल गांधी से कई सवाल पूछ गए हैं। चर्चा यह भी है कि सांसद राहुल गांधी को उनके संसदीय क्षेत्र में घेरकर जनता के सामने जवाब देने के लिए मजबूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# छात्रों के बीच मारपीट का एक वीडियो वायरल



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र में लगातार मारपीट के नये नये वीडियो वायरल हो रहे हैं। रविवार सुबह 10:00 एक वीडियो फिर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें कुछ स्कूली छात्र आपस में डंडे से मारपीट करते दिखाई पड़ रहे हैं। जो बछरावां कस्बे के अंदर पुलिसिंग व्यवस्था तार तार कर रहे है। विदित हो कि लगातार कस्बा क्षेत्र में ही छात्रों के बीच मारपीट के वीडियो वायरल हो रहे हैं। जब इस वीडियो के बारे में पता किया गया तो पता चला कि वायरल वीडियो शनिवार दोपहर 3:00 बजे के आसपास पटेल नगर गेट के बगल का है, जिसमें एक निजी स्कूल के कुछ छात्र मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस तरह छात्रों के वीडियो वायरल होने से लोगों के द्वारा गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। स्कूलों की व्यवस्था और पुलिस की सुरक्षा दोनों को लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# बाइकसवार अनियंत्रित होकर खड़े ऑटो से टकराया, घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




बाइक सवार की तेज रफ्तार होने के चलते बाइक से गिरकर युवक सामने खड़े ऑटो से टकरा गया। जिसमें बाइक सवार युवक को गंभीर चोटें आई है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना रविवार दोपहर 1:00 बजे के आसपास की है जब एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरने से खड़े हुए से टकरा गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बछरावां बांदा बहराइच मार्ग पर बने ओवर ब्रिज के पास बाइक सवार मनोज शर्मा पुत्र हनुमान शर्मा निवासी देवपुरी बछरावां कस्बे से होकर ओवरब्रिज पर जा रहे था। तभी अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। और वह बाइक समेत सड़क पर गिर गए। और घसिटते हुए सामने खड़े हुए ऑटो से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां युवक का प्राथमिक उपचार किया गया परंतु सिर में गंभीर चोट होने के चलते युवक को जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर किया गया है। इस बाब त थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुए तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



आयुष्मान भारत मिशन और निपुण भारत मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन आर्यावर्त आई हॉस्पिटल स्टेडियम के सामने आनंद नगर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने किया कार्यशाला का संयोजन स्टेट आईसीटी विजेता 2023 विनीत श्रीवास्तव और स्टेट कहानी सुनाओ विजेता 2019 कंचन सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली के प्राचार्य जय प्रताप सिंह रहे। डायट प्राचार्य ने शैक्षिक गोष्ठी की वृहद संकल्पना की सराहना करते हुए अपने कार्यक्षेत्र में नैतिक आयामों को स्थापित कर जीवन पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता अभिवेक श्रीवास्तव,संतोष यादव, डॉ. अनीता उपस्थित रहे। संयोजक विनीत श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में कक्षा शिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईसीटी की भूमिका को छात्रों के निपुण लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक बताया तथा ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन के लिए डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। कंचन सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग की नीतियों को बच्चों के अधिगम स्तर को बढ़ाने में सहायक बताया। रश्मि श्रीवास्तव ने एडूलीडर की रूपरेखा बताई तथा इसके सफल क्रियान्वयन में जनपद रायबरेली की भूमिका पर प्रकाश डाला। आरती श्रीवास्तव तथा एकता श्रीवास्तव ने छात्रों के लिए उपयोगी और लाभकारी गतिविधियों को कक्षा शिक्षण में लागू करने पर बल दिया। डॉ हर्षित गुप्ता और डॉ धर्मेंद्र सिंह ने आर्यावर्त नेत्र चिकित्सालय की उपलब्धियों,भावी योजनाओं और लोक हित में किए जा रहे कारों से अवगत करवाया। डायट प्राचार्य द्वारा उत्कृष्ट शिक्षकों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया गया, जिनमें एडूलीडर्स संयोजक विनीत श्रीवास्तव, राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अजय सिंह,प्रीति सक्सेना, आरती श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, दीप्ति, धीरेन्द्र पटेल, विमलेश, कंचन सिंह, गौरव शर्मा, एकता श्रीवास्तव, खैरूननिशा नकवी सम्मिलित हैं।

# ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहे युवक को एक तेज रफ्तार ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजो जहां पर घायल की स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल पेपर कर दिया।

चिलौला धिगरिया पोस्ट कल्याणपुर थाना गुरबक्श गंज निवासी कृपा शंकर पुत्र सुखलाल उम्र 45 वर्ष मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से कहीं जा रहा था जैसे ही वह घुरवारा कस्बा के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास मौजूद लोगों ने उसे एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# यूपी पीसीएस की परीक्षा सम्पन्न, कड़ी निगरानी में हुआ आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

**जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, 15 केंद्रों में दोनों पालियों में कुल 6144 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने रविवार पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह के साथ भ्रमणशील रहकर उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा(प्रा.) परीक्षा-2024 के संबंध में जनपद में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा केंद्र व्यवस्थापको व अन्य संबंधित अधिकारियों को आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि उ0प्र0 लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य /प्रवर अधीनस्थ सेवा पीसीएस(प्रा0) परीक्षा-2024 जनपद में 15 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में पहली पूर्वान्ह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02.30 बजे से 04.30 बजे तक शांतिपूर्ण, सूचितापूर्ण व कुशलता के साथ संपन्न हुई। जनपद के 15 केंद्रों में दोनों पालियों में कुल 6144 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना था, जिसके सापेक्ष प्रथम पाली में कुल 2933 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा द्वितीय पाली में 2909 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सम्मय माई मन्दिर प्रांगण में बने हनुमान जी के मन्दिर में रखी मूर्ति खंडित

**रेहराबज़ार/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खण्ड रेहरा बजार के ग्राम सभा बैरिया सुर्जनपुर में प्राचीन मन्दिर बैरिया सम्मय माई के नाम से विख्यात है। इस प्राचीन मन्दिर पर मंगलवार को भक्तों का तांता लगा होता है। इस मन्दिर पर लोगों की आस्था है। कि जो सच्चे मन से माता जी से मांगता है। उसकी मुरादें पूरी हो जाती हैं। इसी मन्दिर प्रांगण में हनुमानजी की मन्दिर है इस मन्दिर में भी लोग पुजा अर्चना भी करने जाते हैं।कुछ सालों से गांव के ही पंडित बिरादरी के लोग आपस में हनुमानजी की मन्दिर पर अपना-अपना कब्जा के लिए थाना, पुलिस, लड़ाई, झगड़ा का विवाद आये दिन हो रहा है जिसकी जानकारी पुलिस और प्रशासन के साथ जनता को भी है। 21 तारीख की रात्रि को कुछ शरारती तत्वों या कहें विपक्षी पंडित जिनसे मन्दिर कब्जा को लेकर विवाद चल रहा है। उसी पंडित परिवार की ओर से हनुमानजी और सम्मय माई मन्दिर में रखी मुर्ति को खंडित किया गया मन्दिर के पुजारी एवं ग्रामीणों में है। आक्रोश मन्दिर पुजारी से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को 112 पर सूचना दी गयी है और ग्रामीण एवं मन्दिर के पुजारी ने उच्चाधिकारियों से आरोपीयों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# अवैध गैस रिफिलिंग और सुरक्षा को लेकर बढ़ता खतरा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** गैस रिफिलिंग के दौरान सुरक्षा से जुड़ी गंभीर खतरों को नज़रअंदाज करना जानलेवा साबित हो सकता है। उतरौला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, जिससे इलाके की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। अवैध गैस रिफिलिंग के दौरान गैस सिलेंडर में लीक होने का खतरा रहता है, जो किसी भी समय विस्फोट का कारण बन सकता है। इसके अलावा, गैस का रिसाव होने पर दम घुटने का खतरा भी बना रहता है, जो किसी की जान के लिए भी खतरे का कारण बन सकता है। उतरौला शहर के विभिन्न स्थानों पर गैस रिफिलिंग की जा रही है, लेकिन यह सभी प्रक्रिया अवैध तरीके से की जा रही है, जिससे यह सुरक्षा के लिहाज से गंभीर समस्या बन गई है। इस तरह की घटनाओं में न केवल जान-माल का नुकसान हो सकता है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों की संपत्ति भी नष्ट हो सकती है। अगर इस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह पूरे गांव या बस्ती के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। सभी नागरिकों को अवैध गैस रिफिलिंग से बचने की अपील की जा रही है। हमेशा अधिकृत और प्रमाणित गैस डीलरों से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। इसके अलावा, गैस सिलेंडर का नियमित निरीक्षण भी आवश्यक है। अगर गैस सिलेंडर से लीकेज हो तो तुरंत सिलेंडर बंद कर दें और विशेषज्ञ से मदद लें। समाजसेवियों ने स्थानीय प्रशासन से यह आग्रह किया है कि वे इस गंभीर खतरे को नजरअंदाज न करें। यदि समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो यह घटना किसी भी समय एक बड़े हादसे में बदल सकती है, जिसमें जीवन और संपत्ति का बड़ा नुकसान हो सकता है।

# स्कूली बच्चों ने चीनी मिल का किया दौरा

**जानी चीनी बनाने की पूरी प्रक्रिया**

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार के पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय कन्या सादुल्लानगर व पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय सहजौरा के 52 व 45 छात्र/छात्राओं ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के दतौली चीनी मिल दतौली भ्रमण किया। और चीनी के निर्माण की प्रक्रिया को करीब से समझा।

पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कन्या सादुल्लानगर व पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय सहजौरा के छात्रों ने दतौली चीनी मिल का भ्रमण किया। इस शैक्षिक यात्रा का आयोजन बच्चों को उद्योगों और उत्पादन प्रक्रिया से रूबरू कराने के उद्देश्य से किया गया था। सुबह छात्रों का दल उत्साह से भरा चीनी मिल पहुंचा। मिल के एच आर मैनेजर ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें सुरक्षा निर्देशों के साथ मिल का दौरा शुरू कराया। सबसे पहले छात्रों को गन्ना क्रशिंग यूनिट दिखाया गया, जहां ताजा गन्ने को काटकर क्रश किया जाता है। इसके बाद जूस को फिल्टर किया जाता है। जिसे साफ करने और उसमें से अशुद्धियों को हटाने का काम किया जाता है। रिचा, साक्षी, राजन ,वर्तिका, कोमल, आसिफ आदि छात्र/ छात्राओं ने बताया कि हमें यहां गन्ने के रस से चीनी बनाने की प्रक्रिया देखने को मिली। यह बहुत ही रोचक और नई जानकारी थी। छात्रों को बताया गया कि फिल्टर किए गए जूस को बॉयलिंग हाउस में ले जाया जाता है। जहां इसे गर्म करके क्रिस्टल्स तैयार किए जाते हैं। फिर इन क्रिस्टल्स को ड्रायिंग यूनिट में सुखाया जाता है।जिसके बाद बाजार में चीनी के रूप में बेचा जाता है। प्रधानाध्यापक अरशद अब्बासी ने बताया कि यह यात्रा बच्चों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक रही। उन्हें समझ आया कि रोजमर्रा में उपयोग की जाने वाली चीजें कैसे तैयार होती हैं। पर्यावरण संरक्षण के उपायों और गन्ने के बायप्रोडक्ट्स के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर अरशद अब्बासी, अब्दुल रज्जाक, अफजल हुसैन, अफसाना खातून, संध्या, मुस्ताक, सत्येंद्र, शिवम जायसवाल प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# ध्वनि प्रदूषण से त्रस्त स्थानीय नागरिक

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अत्यधिक उपयोग से स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। फेरी वाले दुकानदार, जैसे सब्जी, फल, कपड़े आदि बेचने वाले, अपने सामान की बिक्री के लिए इन यंत्रों का अंधाधुंध प्रयोग कर रहे हैं। उनकी तेज आवाज और अनियमित ध्वनि से न केवल बाजार क्षेत्र बल्कि आसपास के इलाकों में भी लोग परेशान हो रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग मानक स्तर से काफी अधिक हो रहा है। ऐसे दुकानदार न तो आवाज के स्तर को नियंत्रित करने के नियमों का पालन कर रहे हैं, और न ही सरकारी आदेशों की परवाह कर रहे हैं। इस समस्या से बच्चों, बुजुर्गों, और बीमार लोगों को विशेष रूप से दिक्कत हो रही है। कुछ दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों का ध्यान खींचने के लिए यह आवश्यक है, लेकिन इसका विरोध कर रहे स्थानीय लोगों ने इसे असंवेदनशीलता करार दिया। बाजार क्षेत्र के व्यापारियों ने भी कहा कि फेरी वालों की तेज आवाज से ग्राहकों के साथ संवाद में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में नागरिकों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन को चाहिए कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर सख्त निगरानी रखे और मानक स्तर का पालन सुनिश्चित करे। यह न केवल कानून व्यवस्था के हित में होगा, बल्कि स्थानीय निवासियों और दुकानदारों के लिए भी राहत प्रदान करेगा।

# घर में घुसकर लूटपाट व मारपीट करने का आरोप लगाया

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे शिवा मजरे राधा बालमपुर निवासी रामनारायन पुत्र कंधई ने शिकायती पत्र में बताया कि 21 दिसंबर को वह और उसका पूरा परिवार सहमदा मेला मे अपनी दुकान लगाया हुआ था घर को सुनसान देखकर विपक्षी सुनील पुत्र रामू व शनि पुत्र सुनील ने घर में घुसकर और कमरे का ताला तोड़कर 35 हजार रुपए नकदी और 100 ग्राम चांदी की पायल निकाल ले गए। जैसे ही पीड़ित को इसका पता चला तो वह आनन-फानन में घर पहुंचा और विरोध करने लगा जिसको लेकर सुनील ने धारदार हथियार से सर पर वार कर दिया जिससे पीड़ित अचेत होकर गिर गया और विपक्षी सामान व पैसा लेकर भागने में सफल रहे वही इस संबंध में डलमऊ कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि चोरी की कोई घटना नहीं हुई है मारपीट की घटना हुई है जिसका मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कार्रवाई की जा रही है।

# प्रदेश अध्यक्ष ने उठाया भ्रष्टाचार का मुद्दा, शिकायत पहुंची पंचायती राज्य मंत्री तक

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत इटई रामपुर में लगातार भ्रष्टाचार हो रहा है। जब ग्रामीणों की शिकायत पर जिला प्रशासन द्वारा उचित कार्यवाही नहीं हुई तो स्थानीय निवासियों ने प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी विकास तिवारी को मामला बताया जिसमे आवास, शौचालय में हो रहे भ्रष्टाचार और जिले के अधिकारों द्वारा किए गए लीपापोती का सबूत भी सौंपा है । जिस पर विकास तिवारी ने मंत्री को पत्र लिख कर आवास आवंटन और शौचालय निर्माण की जांच ग्राम पंचायत आयुक्त और मनरेगा मामले की जांच मनरेगा आयुक्त से कराए जाने की मांग की है।

विकास तिवारी ने बताया कि हमारी पार्टी खुद आवास शौचालय सहित अन्य योजनाओं के लाभ के लिए जन मानस से फॉर्म भरवा रही है। ऐसे में लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचे।कैबनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर गरीबों पिछड़ों असहायों के नेता हैं। उनका हक मारने वाले की खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी गरीबों का हक कोई मार नहीं सकता है।भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ गरीबों पिछड़ों असहायों को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है ।

# दयनीय सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



उतरौला क्षेत्र के श्रृंगार जोत घाट से बुजुर्ग डीह, तिलखी होते हुए महुआ धनी और अन्य दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली कच्ची सड़क की हालत अत्यंत दयनीय हो गई है। यह सड़क क्षेत्र के लगभग 5000 लोगों के लिए दैनिक आवागमन का मुख्य मार्ग है। लेकिन खराब हालत के कारण यह ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क पर चलना तो दूर, दोपहिया और चारपहिया वाहन भी आए दिन फंस जाते हैं, जिससे घंटों का समय बर्बाद हो रहा है।

इस मार्ग की खस्ता हालत के चलते स्थानीय लोगों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में यह समस्या और बढ़ जाती है, जब सड़क पूरी तरह कीचड़ में बदल जाती है। यहां से गुजरने वाले वाहन फंसने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा है, क्योंकि इसे उपयोग में लाकर वे शिक्षा, चिकित्सा, और अन्य आवश्यक सुविधाओं तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने कई बार अपने जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है। हालांकि, अभी तक सड़क की मरम्मत या निर्माण को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीण राघवेंद्र मिश्रा ने बताया, हमने कई बार अधिकारियों को ज्ञापन दिया है और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि इस सड़क को पक्की बनाई जाए। लेकिन हमारी समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। इसी तरह, दिलीप मिश्रा का कहना है, यह सड़क न केवल ग्रामीणों के लिए बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। यदि इसे पक्का नहीं किया गया, तो लोगों का जीवन और कठिन हो जाएगा। क्षेत्रवासियों, जिनमें राघवेंद्र मिश्रा, दिलीप मिश्रा, राधेश्याम, दुर्गा यादव, भागवत प्रसाद मिश्रा और वेदव्रत मिश्रा प्रमुख हैं, ने इस समस्या को लेकर जिला प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि खराब सड़क का असर उनकी आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है। किसान अपनी फसल और उत्पाद को बाजार तक सही समय पर नहीं पहुंचा पा रहे हैं। वहीं, छात्र और मरीजों को आवागमन में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि ग्रामीणों ने कई बार ज्ञापन सौंपे और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिला प्रशासन की ओर से इस समस्या पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। उतरौला और आसपास के गांवों की इस ज्वलंत समस्या को हल करना बेहद जरूरी है। यह मार्ग न केवल आवागमन का साधन है, बल्कि क्षेत्र के विकास का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द इस सड़क के निर्माण की योजना बनाए और ग्रामीणों की समस्या का समाधान करे।

## व्यक्तिगत जानकारी उजागर करते पैन-आधार

हिंदुस्तान की आबादी की 141 करोड़ जनसंख्या में से 120 करोड़ जनमानस के पास आधार कार्ड है और पैन कार्ड धारकों की भी संख्या अब करोड़ों में पहुंच चुकी है। ये आंकड़े सरकार के पास भी हैं जो अक्सर यह संदेह पैदा करतें है कि इसका कही दुरुपयोग होकर कहीं आपके निजी जीवन में हस्तक्षेप तो नहीं किया जा रहा है। सरकार द्वारा समस्त शासकीय सुविधाओं की प्राप्ति के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं मोबाइल सिम के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता लागू कर दी गई है। यह बात तो सर्वविदित है कि मोबाइल में सिम कार्ड लेते वक्त आधार कार्ड की अनिवार्यता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण तो है ही पर इसमें कभी-कभी यह आशंका भी होने लगती है कि भारत में निवास करने के लिए आधार के रूप में निजी जीवन में कहीं दखलअंदाजी तो नहीं है अथवा व्यक्ति के जीवन में उसकी निजता पर प्रहार तो नहीं है। चूंकि आधार कार्ड व्यक्ति की निजी पहचान को अपने में सम्मिलित करता है और इसकी अनिवार्यता से व्यक्ति की निजी पहचान का दुरुपयोग हो सकता है। व्यक्ति कहां क्या गतिविधियां कर रहा है यह आधार की अनिवार्यता के साथ सरकार के पास सारी जानकारी उपलब्ध हो जाती है, जिससे सरकार द्वारा अथवा डाटा संग्रहण केंद्र के माध्यम से किसी भी हैकर द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है। जो व्यक्तिगत इच्छा के विपरीत है और यदि सरकार आधार से संबंधित आंकड़े किसी अन्य पक्ष के साथ साझा करती है तो इसके दुरुपयोग की संभावना प्रबल हो जाती है। आधार कार्ड के दुरुपयोग की दूसरी समस्या इसके राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में उपयोग किए जाने की हो सकती है। राजनीति में सत्ता पक्ष की जितनी भूमिका होती है विपक्ष की भूमिका उससे अधिक होती है। आधार कार्ड के आंकड़ों के माध्यम से कोई भी सत्ता पक्ष, विपक्ष की इस भूमिका को सीमित करने का प्रयास कर सकता है। आधार कार्ड की अनिवार्यता के साथ विपक्षी राजनेताओं के संवादों को टेप कर रणनीति का पूर्वानुमान लगाना सत्ता पक्ष की मंशा हो सकती है,इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। पर इसके कई फायदे भी हैं ,आधार कार्ड की पैन कार्ड में अनिवार्यता ने वर्षों से टैक्स की छूट ले रहे फर्जी पैन कार्ड धारकों के हितों में चोट तो की है। इससे सरकार के कर संग्रहण में बढ़ोतरी होने से योजनाओं के लिए धन आवंटन एवं भौतिक सामाजिक निवेश में वृद्धि होगी। आधार कार्ड की अनिवार्यता से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता नहीं बढ़ाया जा सकता है क्योंकि इससे सरकार के पास वास्तविक सफलता के आंकड़े भी उपलब्ध होंगे जो बेहतर नीति निर्माण के लिए सहायक भी होगी। विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि भले ही निजता का अधिकार मौलिक अधिकार हो किंतु सरकार द्वारा जनकल्याण के कार्यों के लिए उसका अतिक्रमण किया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक सरकार का प्रथम एवं अंतिम उद्देश्य लोक कल्याणकारी रूप में स्वयं को स्थापित करना है। यदि लोक कल्याण के लिए सरकार व्यक्तियों के आंकड़ों का संग्रहण करती है उसे उचित माना जाना चाहिए। शर्त यह है कि सरकार विधि सम्मत स्थापित कर दें कि उन एकत्रित आंकड़ों का दुरुपयोग कि किन्ही भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। व्यक्ति की निजता एक अखंडनिय अधिकार है, किंतु इसकी निरंतरता के लिए सरकार का सहयोग अपनी कर्तव्यनिष्ठा का पालन भी आवश्यक है। व्यक्ति को चाहिए कि वर्तमान डिजिटल युग के खतरों को भांपते हुए निजी पहचान को किसी भी अनाधिकृत वेबसाइट अथवा व्यक्ति को देने से बचें क्योंकि निजता का वास्तविक खतरा उससे है,ना कि सरकार के आंकड़ों के संग्रहण से है।

# संसद की गरिमा का दांव पर लगना चिन्ताजनक



**संसद का मूल्यवान समय बर्बाद हो रहा है, यह इससे स्पष्ट होता है कि पहली लोकसभा में हर साल 135 दिन बैठकें आयोजित हुई थीं। आज स्थिति कितनी नाजुक हो गई है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि पिछली लोकसभा में हर साल औसतन 55 दिन ही बैठकें आयोजित हुईं। नयी लोकसभा की स्थिति तो और भी दुखद एवं दयनीय है। संसद में काम न होना, बार-बार संसदीय अवरोध होना तो त्रासद है ही, लेकिन धक्का-मुक्की तक नौबत पहुंचना ज्यादा चिन्ताजनक है। कोई भी दल हो, किसी भी दल के सांसद हो, उन्हें यह संदेश देने की जरूरत है कि संसद ऐसे किसी संघर्ष का अखाड़ा नहीं है। संसद और संविधान, दोनों ही सांसदों से उच्च गरिमा एवं मर्यादाओं की अपेक्षा करते हैं। संसद देश की आवाजों और दलीलों का मंच है, यह किसी भी प्रकार की शारीरिक जोर-आजमाइश का मंच न बने, इसी में देश की भलाई है, लोकतंत्र की अक्षुण्णता है।**

ललित गर्ग

संविधान-निर्माता भीमराव आंबेडकर को लेकर भारतीय संसद में जो दृश्य पिछले कुछ दिनों में देखने को मिले हैं, वे न केवल शर्मसार करने वाले है बल्कि संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अंबेडकर को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। दोनों पक्षों ने गुरुवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान हाथापाई भी हुई जिसमें भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी को नियमों का पालन करना पड़ेगा। संसद की मर्यादा और गरिमा सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी है।

भारतीय संसद के प्रांगण में जिस तरह की अशोभनीय एवं त्रासद स्थिति का उत्पन्न हुई है, वे हर लिहाज से दुखद, विडम्बनापूर्ण और निंदनीय है। आरोप-प्रत्यारोप की वजह से परिवेश ऐसा बन गया है, मानो सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच शुद्ध शत्रुता, द्वेष, नफरत की स्थितियां उग्रतर हो गई हो। और तो और, धक्का-मुक्की, दुर्व्यवहार जैसे आरोपों को लेकर पुलिस में मामला दर्ज होना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। इन दुखद एवं अशालीन स्थितियों का उपचार न किया गया, तो संसद में काफी कुछ अप्रिय एवं अशोभनीय होने की आशंकाएं बलशाली होगी। कहना न होगा कि देश की संसद लोकतंत्र के वैचारिक शिखर और देश की संप्रभुता को रेखांकित करने वाला शिखर संस्थान है। इसलिए इसकी गरिमा बनाए रखना सभी सांसदों का मूल कर्तव्य बन जाता है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा होती है कि वे संसद की गरिमा को भंग न करे, अपना आचरण शुद्ध, शालीन एवं व्यवस्थित रखेंगे और व्यर्थ की बयानबाजी, धक्का-मुक्की, दुर्व्यवहार की जगह सार्थक बहस की संभावनाओं को उजागर करें। भारत की परंपरा कहती है कि वह सभा, सभा नहीं, जिसमें शालीनता एवं मर्यादा न हो। वह संसद संसद नहीं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा न करें। वह धर्म, धर्म नहीं, जिसमें सत्य न हो। वह सत्य, सत्य नहीं जो कपटपूर्ण हो। आज संसद में सांसदों का व्यवहार शर्म की पराकाष्ठा तक पहुंच गया है। पूरे देश की जनता ने बड़ा भरोसा जताते हुए अपने प्रतिनिधियों को चुनकर लोकसभा में भेजा है, ताकि वे सांसद के रूप में देश की भलाई के लिए नीति एवं नियम बनाएं, उसे लागू कराएं और जनजीवन को सुरक्षित तथा खुशहाल बनाते हुए देश का विकास करें। संसद की सदस्यता की शपथ लेते समय सांसदगण इन सब बातों को ध्यान में रखने की कसम भी खाते हैं, लेकिन उनकी कसम बेबुनियाद ही होते हुए संसद की मर्यादाओं को आहत कर रही है। बीते कुछ समय से धरना-प्रदर्शन के साथ सड़क पर राजनीतिक दमखम दिखाने वाले नजारे संसद के दोनों सदनों में भी दिखने लगे हैं। भौतिक रूप से छीना-झपटी और हाथापाई की नौबत भी दिखती रही है और विचाराधीन विषय से दूर एक-दूसरे को हीन साबित करना ही उद्देश्य बन गया है।

संसद का मूल्यवान समय बर्बाद हो रहा है, यह इससे स्पष्ट होता है कि पहली लोकसभा में हर साल 135 दिन बैठकें आयोजित हुई थीं। आज स्थिति कितनी नाजुक हो गई है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि पिछली लोकसभा में हर साल औसतन 55 दिन ही बैठकें आयोजित हुईं। नयी लोकसभा की स्थिति तो और भी दुखद एवं दयनीय है। संसद में काम न होना, बार-बार संसदीय अवरोध होना तो त्रासद है ही, लेकिन धक्का-मुक्की तक नौबत पहुंचना ज्यादा चिन्ताजनक है। कोई भी दल हो, किसी भी दल के सांसद हो, उन्हें यह संदेश देने की जरूरत है कि संसद ऐसे किसी संघर्ष का अखाड़ा नहीं है। संसद और संविधान, दोनों ही सांसदों से उच्च गरिमा एवं मर्यादाओं की अपेक्षा करते हैं। संसद देश की आवाजों और दलीलों का मंच है, यह किसी भी प्रकार की शारीरिक जोर-आजमाइश का मंच न बने, इसी में देश की भलाई है, लोकतंत्र की अक्षुण्णता है। सार्थक और उत्पादक संवाद के लिए हर सांसद को संविधान का ज्ञान, संसदीय परंपराओं की जानकारी एवं उनके प्रति प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए। दुर्भाग्य से बहुत कम सांसद ही इस ओर ध्यान देते हैं।

मुखर प्रवक्ता के रूप में विपक्ष के कई सांसद अक्सर बेलगाम, फूहड एवं स्तरहीन आरोप-प्रत्यारोप दर्ज कराने में जुट जाते हैं। आधी-अधूरी सूचनाओं या गलत जानकारी के साथ विपक्ष के नेता सरकारी पक्ष को आरोपित करने में जुट जाते हैं, बयानों तो तोड़मरोड़ का प्रस्तुत करते हैं। निश्चित ही विपक्ष लगातार अपनी जिम्मेदारी से विमुख होता दिख रहा है। वह सरकार को घेरने और आरोपित करने के उद्देश्य से संसद के कार्य में अक्सर व्यवधान डालता है। लगता है विपक्ष का मकसद यही हो गया है कि संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से न चल सके और सरकार की विफलता दर्ज हो। इस तरह की विपक्ष की बौखलाहट का बड़ा कारण भाजपा की लगातार चमत्कारी जीत है।

सांसदों को समग्रता में सोचना चाहिए कि अगर संसद जोर आजमाइश एवं हिंसा का अखाड़ा होकर बात एफआईआर की राजनीति तक बढ़ेगी, तो संसद का संचालन जटिल से जटिलतर होता जायेगा। संसद में तनाव कोई नई बात नहीं है। तनाव और तल्खी का इतिहास रहा है, पर बहुत कम अवसर ऐसे आए हैं, जब शारीरिक बल का दुरुपयोग देखा गया है। संसद भवन के प्रांगण में ही नहीं, बल्कि देश में कहीं भी सांसदों को ऐसे आमने-सामने नहीं आना चाहिए, जैसे गुरुवार को देश ने देखा है। संसद भवन के प्रांगण में जगह-जगह कैमरे लगे हैं। उन कैमरों की मदद से कम से कम यह तो सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषी कौन है? दुध का दुध एवं पानी का पानी हो और सच सामने आये। सच की जीत हो और झूठ नैस्तनाबूद हो। अगर किसी सांसद के सिर में चोट लगी है, तो यह वैसे भी गंभीर मसला है। भाजपा सांसद सारंगी ने यही बताया है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की वजह से एक व्यक्ति उनसे टकराया और वह गिर गए। ऐसा ही आरोप कांग्रेस ने भी लगाया है। पक्ष-विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप लगेंगे, पर ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि सच सामने आए। यदि सच सामने न आए, तो कम से कम सभी सांसद ऐसी स्थिति फिर न बनने दें, इसके लिये संकल्पित हो। शीतकालीन सत्र में आंबेडकर के नाम पर संसद के भीतर-बाहर जो कुछ हो रहा है, उससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल संसद की गरिमा से जानबूझकर खिलवाड़ करने पर तूले है। यह मानना अविश्वसनीय है कि यह धक्का-मुक्की अनजाने में हुई।

विचार

# हाउस अरेस्टिंग डिजिटल क्रांति का काला और स्याह पहलू

**वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निर्माता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं, और 2023 में इनकी संख्या 450 मिलियन होने की संभावना है। एक गणना के अनुसार भारत में लोग सोशल मीडिया पर 24 घंटे गुजारते हैं जबकि भारत से समृद्ध देश जापान के लोग केवल 47 से 50 मिनट तक की सोशल मीडिया पर उपस्थित रहते हैं।**

संजीव ठाकुर

डिजिटल क्रांति का स्वरूप मानवीय जीवन में एक नया और क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आया है। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने आमजन की जीवन शैली ही बदल कर रख दी है। इस क्रांति ने देश और विदेश की दूरियों को एकदम कम कर दिया इसके अनेक लाभ तो है ही साथ ही जीवन में अनेक परेशानियां तथा दहशत को जन्म दिया है। इंटरनेट की सेवाओं से उपजा हाउस अरेस्टिंग का मायाजाल कभी एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट कभी कस्टम ऑफिसर और कभी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को डरा धमका कर हाउस अरेस्ट कर आमजन के संचित कोष को लूटने में लगा है इसके अलावा पीड़ित व्यक्ति का समय दशरथ और डर गुजरता है मामला गंभीर है और चिंतनीय भी। ,

इसका निदान तत्काल प्रभाव से किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा हाउस अरेस्टिंग एक बड़े सामाजिक अभिशाप के रूप में सामने आने लगा है। 21वीं सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं।



इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं। इंटरनेट के जरिए विश्व के अनेक देशों की दूरियां पलक झपकते खत्म हो जाती है।

वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निर्माता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं, और 2023 में इनकी संख्या 450 मिलियन होने की संभावना है। एक गणना के अनुसार भारत में लोग सोशल मीडिया पर 24 घंटे गुजारते हैं जबकि भारत से समृद्ध देश जापान के लोग केवल 47 से 50 मिनट तक की सोशल मीडिया पर उपस्थित रहते हैं। सोशल मीडिया नेटवर्किंग कोई भी सकारात्मक रूप से लें इसके बहुत फायदे हैं, इसके फायदे की जद में न सिर्फबच्चे बल्कि शिक्षक, व्यवसाई, न्यूजपेपर, मीडिया चौनल आदि भी हैं जिसका परिणाम सोशल मीडिया एक विशाल नेटवर्क बन गया है।ये पूरे विश्व को जोड़कर रखने में सक्षम है। इसके अलावा यह संचार का अच्छा माध्यम होने के साथ-साथ बहुत तेज गति से सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करता है।

भौगोलिक तथा सांख्यिकी रूप से विशाल देश भारत में जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इसको अभियान की तरफ अपनाया गया है। इसके अलावा यह रोजगार प्रदान करने वाला माध्यम भी बन गया है। यह शिक्षा तथा ज्ञान का एक विशिष्ट माध्यम बन गया है। एक झटके में एक क्लिक से विश्व की कोई भी जानकारी इसमें तत्काल उपलब्ध हो जाती है। सोशल नेटवर्किंग का सबसे ज्यादा फायदा कोविड-19 के संक्रमण काल में करुणा की महामारी को रोकने के लिए इस संबंध में बचाव कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हुआ है। अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, इजराइल, ऑस्ट्रेलिया जैसे सक्षम देश में महामारी से लाखों लोगों की मौत हुई किंतु सोशल नेटवर्किंग के बलबूते पर भारत शासन ने कोविड-19 की महामारी में विशाल जनसंख्या के होते हुए भी प्रभावी नियंत्रण पा लिया है। सोशल नेटवर्किंग की इस सदी की सबसे बड़ी मानवीय सहायता है।

## गिरता रुपया और फाईव ट्रिलियन अर्थव्यवस्था

प्रेम शर्मा

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की विनिमय दर 85 के आंकड़े को पार कर गई है। दूसरे शब्दों में कहें तो 1 डॉलर खरीदने के लिए 85 रुपये चुकाने होंगे। अप्रैल में, यह विनिमय दर 83 के आसपास थी। एक दशक पहले, जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यभार संभाला था, यह 61 के आसपास थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई भाषणों में 5 ट्रिलियन इकॉनमी की खूब चर्चा हो रही है। वे पूरे आत्म विश्वास के साथ कहते है कि भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना बिल्कुल संभव है। लेकिन जिस तरह से डालर के मुकाबले लगातार रूपये गिर रहा है। उसे देखकर 5 ट्रिलियन डॉलर (350 लाख करोड़ रुपये) इकॉनमी देश की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य दूर दिख रहा है। भारत की अर्थव्यवस्थ अभी लगभग 3.8 ट्रिलियन डॉलर है। रुपये में ऐतिहासिक गिरावट 19 दिसम्बर 24 दर्ज की गई। भारतीय मुद्रा लुढ़ककर 85 रुपये प्रति डॉलर के नीचे बंद हुई। यह रुपये का अब तक का सबसे निचला स्तर है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में 19 पैसे की गिरावट के साथ रुपया 85.13 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर पहुंचा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के 2025 के अनुमानों में बदलाव के चलते उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बढ़ा। डालर का 85 के पार जाने से चिंता बढ़ गई है। यह भारतीय



अर्थव्यवस्था के लिए नई चुनौती है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले का असर दुनिया भर के बाजारों पर दिख रहा है। जब जब रुपया कमजोर होता है तो विदेशी निवेशक पर इसका असर नजर आ सकता है। भारत में निवेश करने से ये हिचकिचा सकते हैं। इसके पीछे की वजह यह है कि उन्हें लगता है कि भविष्य में रुपये का मूल्य और कम हो सकता है, जिसकी वजह से उन्हें नुकसान हो सकता है।

इधर रूपये के कमजोर होते ही रुपये को मजबूत करने के लिए सरकार और रिजर्व बैंक कुछ कदम उठा सकते हैं। वे ब्याज दरें बढ़ा सकते हैं। इससे लोगों को लोन लेना महंगा पड़ेगा. कारोबार पर भी इसका असर पड़ता नजर आ सकता है।जानकारों के अनुसार डालर के मुकाबले रूपये में गिरावट अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अपनी नीतियों में बदलाव की वजह से ऐसा हुआ है। कोरोना के बाद दुनिया के तमाम देश मंदी की चपेट में आ गए थे। उससे उबरने के लिए सभी ने अपने-अपने तरीके से उपाय किए। अमेरिकी फेडरल ने अपनी ब्याज दरों में कटौती कर उसे साढ़े चार फीसद पर ला दिया है। इस तरह डालर की स्थिति मजबूत हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि जब से राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की विजय हुई है, निवेशकों को लगने लगा है कि वहां निवेश करना सबसे फायदेमंद है। इसलिए बहुत सारे निवेशकों ने भारत से पैसे निकाल कर अमेरिका का रुख कर लिया। इससे विदेशी मुद्रा भंडार में भी छीजन दर्ज शुरू हो गई। पिछले कुछ समय तक डालर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट लगभग रुकी हुई थी, तब विशेषज्ञों ने कहना शुरू कर दिया कि सरकार विदेशी मुद्रा भंडार से डालर की निकासी करके रुपए की कीमत को रोक रखा है। मगर अब वह तरीका भी शायद काम नहीं आ रहा।अब डालर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट का असर व्यापार, पर्यटन, शिक्षा आदि पर पड़ेगा। भारत अपनी जरूरत का अधिकतर ईंधन तेल दूसरे देशों से खरीदता है। ऐसे में जब भी कच्चे तेल की कीमत बढ़ती है, तो सरकार का खर्च बढ़ जाता है। इसके अलावा, दवाइयों के लिए कच्चा माल, खाद्य तेल, इलेक्ट्रानिक साजो-सामान आदि के लिए भी हम दूसरे देशों पर निर्भर है। विदेश पढ़ने गए विद्यार्थियों और पर्यटकों की जेब पर बोझ बढ़ जाता है। इसलिए रुपए की कीमत का गिरना चिंताजनक होता है। सरकार द्वारा लगातार व्यापार घाटा पाटने के लिए कई विदेशी वस्तुओं के आयात पर रोक लगाने और देसी वस्तुओं को प्रश्रय देने की कोशिश की गई, इसका कुछ असर भी हुआ। मगर फिर भी व्यापार घाटा कम नहीं हो पा रहा।



## राशिफल

**मेष:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्क :-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**धनु:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

# किसानों की बुलंद आवाज थे चौधरी चरण सिंह

रमेश सर्राफ धमोरा

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वे कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता।

चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोड़ने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हें 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है।

### किसान दिवस (23 दिसम्बर ) पर विशेष



चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे। चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। किसानों में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया।

चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे-से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे। उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितों, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी।

चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे। चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी। किसानों में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है। अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। आज किसानों की हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# एसपी व एएसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का लिया जायजा

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2024 को सुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल व अपर एसपी वन्दना सिंह द्वारा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटीरत पुलिस बल व




अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गोंड सहित थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पुलिस चौकी प्रभारी सनय कुमार, महोबकण्ठ थाना प्रभारी गणेश कुमार गुप्ता अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि चरखारी में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हो रही परीक्षा में सम्मिलित होने आये कुछ अभ्यर्थी भूलवश दूसरे परीक्षा केन्द्र में चले गये थे, जिस पर महोबा पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए ऐसे अभ्यर्थियों को उनके वास्तविक परीक्षा केन्द्र भिजवाया गया है।

## ओवरटेक करने के चक्कर में दो चालकों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**हमीरपुर।** वाहन ओवरटेक करने के चक्कर में स्कार्पियों चालक ने दूसरे वाहन के चालक पर मारपीट कर दी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक स्कार्पियों चालक रिशू सचान व आल्टो चालक कुलदीप दोनो की लक्ष्मीबाई तिराहे जा रहे थे तभी ओवरटेक करने के चक्कर में दोनों में कहा सुनी हो गयी तभी रिशू सचान ने फोन पर अपने भाइयों व मित्रों को बुला लिया और आल्टो चालक कुलदीप के साथ मारपीट कर दी पुलिस ने दोनों को कोतवाली लाकर पूछताछ की बाद में पुलिस ने कुलदीप के पिता कृष्ण विहारी की तहरीर पर एक नामजद व सात अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जाच शुरु कर दी है।

# अधिवक्ताओं ने दी आमरण अनशन की चेतावनी, तहसीलदार की कार्यप्रणाली से नाराज वकील अनशन पर डटे

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

अधिवक्ताओं के अनशन के तीसरे दिन तहसील का कोई भी अधिकारी उनकी मांगों को सुनने के लिए नहीं पहुंचा जिससे अधिवक्ताओं में भारी नाराजगी है और चेतावनी देते हुए अधिवक्ताओं ने बताया यदि हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती तो क्रमिक अनशन को आमरण अनशन में बदल देंगे। तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर अधिवक्ताओं ने जमकर नारे बाजी की।कुछ अधिवक्ताओं ने तो यहां तक कहा कि जब तक तहसीलदार का




स्थानांतरण नहीं हो जाता वह उनके न्यायालय में नहीं जाएंगे। कुछ अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसीलदार बीस प्रतिशत ज्यादा मामलों की सुनवाई नहीं करते संबंधित मामले लंबित छः माह तक पड़े रहते हैं और सुनवाई नहीं हो पाती है जिसकी वजह से आम जनमानस को न्याय नहीं मिल पाता। अधिवक्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि मौदहा का अधिवक्ता संघ जब कोई मांग उठाता है तो उसको पूरा कराने के लिए संघर्ष करता है। रविवार को क्रमिक अनशन के तीसरे दिन अधिवक्ता ज्ञानचंद दिवेदी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हमारी नौ सूत्रीय मांगे पूरी नहीं की जाती तो हम क्रमिक अनशन को आमरण अनशन में बदल देंगे हरिप्रकाश गुप्ता सौरभ तिवारी ने बताया कि जिले की अन्य तहसीलों से हमें सहयोग धीरे.धीरे मिल रहा है और अधिवक्ताओं की मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक अनशन जारी रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### युवक ने ट्रेन से कट कर दी जान

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** कानपुर- बांदा रेलवे लाइन पर स्थित ग्राम जगीराबाद फाटक के पास एक युवक ने ट्रेन से कट कर जान दे दी। सूचना पाकर पतारा चौकी इंचार्ज सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और युवक की पहचान करने का प्रयास किया। बाद में मृतक की पहचान कस्बा घाटमपुर के जवाहर नगर पश्चिमी मोहल्ला निवासी अशोक के पुत्र सौरभ के रूप में हुई है। पतारा चौकी इचार्ज ने बताया की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### कवियत्री एव साहित्य कार प्रमिला पांडे सम्मानित



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** जनपद कानपुर नगर के साकेत नगर में रहने वाली देश भर में अपनी कविताओं से सबको मंत्र मुग्ध करने तथा देश भर के कई पुरस्कार पाकर सम्मानित हो चुकी उत्कृष्ट कवियत्री प्रमिला पांडेय गीत, गजल, दोहे छंदमुक्त रचनाओं के साथ उपन्यास लघु कथा कहानी की। रचयिता के रूप में जानी-पहचानी जाती हैं। सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रमिला पांडेय का हिन्दी साहित्य में विशेष योगदान के चलते उन्हें दिल्ली में महादेवी वर्मा सम्मान से सम्मानित किया गया। युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच न्यास के ग्यारहवें वर्ष के अखिल भारतीय वर्षिक कार्यक्रम साहित्योत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन हिन्दी भवन में किया गया। आयोजन में कवियत्री प्रमिला पांडेय को नकद राशि तथा सम्मान पत्र से पुरस्कृत किया गया। सम्मान समारोह में सम्मानित होने की खबर आते ही उनके आवास पर परिजनों को बधाई देने का ताता लग गया।

### कुकर फटा, महिला घायल

**राठ, हमीरपुर।** आलू पकाते समय कुकर के फट जाने से उसमें भरे गर्म पानी की चपेट में आकर एक महिला झुलस गई। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ला निवासी वर्षा पत्नी जयप्रकाश सोनी रविवार की सुबह सब्जी बनाने के लिए कुकर में आलू पका रही थी। तभी कुकर फट गया और उसमें भरे पानी की चपेट में आकर उसका चेहरा झुलस गया। चीख पुकार सुन आए स्वजनों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

### पच्चीस दिसम्बर को राठ व चंडीगढ़ के मध्य खेला जायेगा मैच

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे स्वामी ब्रह्मानंद डिग्री कालेज के ग्राउंड पर आगामी 25 दिसंबर से स्वामी ब्रह्मानंद एसीसी अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जाएगा। इसकी जानकारी टूर्नामेंट के अध्यक्ष धर्मसिंह खजांची ने दी। उन्होंने बताया कि राठए चंडीगढ़ कानपुरए नोएडा लुधियाना पंजाब दिल्ली आगरा जयपुर की टीम का मुकाबला होगा। पहला मैच राठ बनाम चंडीगढ़ के बीच खेला जाएगा।

### ग्राम पंचायत कोनिया छतेसर सचिवालय में आयोजित हुई बैठक




**पनवाड़ी(महोबा), समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देश पर प्रशासन गांव की ओर को लेकर चलाए जा रहे सुशासन सप्ताह के तहत विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनिया छतेसर सचिवालय में प्रधान दमयंती रोहित राजपूत की अध्यक्षता एवं सचिव आलोक द्विवेदी की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया। बैठक में सचिव ने उपस्थित ग्रामीण महिला,पुरुषों को शासन द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन की जानकारी दी तथा आवेदन भी लिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल योजना, राशन कार्ड, फैमिली आईडी से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं लाभ के बारे में जानकारी दी। बैठक में पंचायत सहायक नरेंद्र, सीई विवेक सिंह आदि उपस्थित रहे। सचिव ने उपस्थित लोगों से कहा कि फैमिली आईडी अनिवार्य है, सभी लोग बनवा लें। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पीसीएस परीक्षा में शामिल होने आ रही महिला अभ्यर्थी सड़क हादसे में घायल, हुई लहूलुहान

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** महोबा मुख्यालय में पीसीएस की परीक्षा देने आ रही एक महिला अभ्यर्थी सड़क हादसे में घायल हो गई। कानपुर-सागर हाईवे 86 पर ट्रक की चपेट में आने से कार सवार अभ्यर्थी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस की मदद से घायल महिला अभ्यर्थी को सरकारी एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। छात्रा पीसीएस की परीक्षा देने के लिए अपने भाई के साथ कार से महोबा मुख्यालय आ रही थी, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी और इस हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि महोबा के राजकीय वीर भूमि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पीसीएस की परीक्षा देने आ रही गिरिजा तिवारी हमीरपुर जिले से कार से महोबा आ रही थी। लेकिन इस दौरान खन्ना थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने कार सवार महिला अभ्यर्थी को जोरदार टक्कर मार दी। भीषण सड़क हादसे के बाद घायल महिला अभ्यर्थी गिरिजा तिवारी को जिला अस्पताल लाया गया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें तत्काल झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# हाइड्रा की टक्कर से बाइकसवार एक व्यक्ति की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**सुमेरपुर, हमीरपुर**

रविवार शाम करीब 6 बजे बांदा रोड स्थित ग्राम पंधरी में हाइड्रा वाहन ने बाइक सवार जीजा-शाला को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल शाला भीमराज सिंह (60) को अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि जीजा मदन सिंह को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक भीमराज सिंह, निवासी झंझरी पुरवा, थाना पैलानी, जनपद बांदा, अपने बहनोई टेढ़ा निवासी मदन के साथ बाइक द्वारा कस्बा सुमेरपुर से अपने गांव जा रहे थे तभी ग्राम पंधरी में टेढ़ा मोड के पास एक हाइड्रा ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी तो दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने भीमराज सिंह की मौत घोषित कर दिया गंभीर रूप से घायल मदन सिंह को उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया है, मृतक अपने पीछे दो पुत्रों सत्यम सिंह और सुघर सिंह और, तीन पुत्रियों सहित परिजनों को रोता-बिलखता छोड़ गए। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने हाइड्रा वाहन को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल मदन सिंह, निवासी ग्राम टेढ़ा, का उपचार जारी है।

## सड़क हादसे में रिटायर्ड दरोगा की मौत, रिश्तेदार घायल

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** महाराजा सुमेरदेव की जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद बाइक से गांव वापस जा रहे रिटायर्ड दारोगा व उनके साथी को क्रेन मशीन ने टक्कर मार दी। जिससे दरोगा की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घायल को इलाज के लिए पीएचसी भेजा गया है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जसपुरा थानाक्षेत्र के झंझरीपुरवा निवासी रिटायर्ड दरोगा भीमराज सिंह (65), टेढ़ा गांव निवासी रिश्तेदार मदन सिंह (60) को साथ लेकर बाइक से कस्बे में महाराजा सुमेरदेव खंगार की जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आए थे। कार्यक्रम समापन के बाद जब यह वापस गांव जा रहे थे। तभी पंधरी गांव के निकट सड़क किनारे खड़ी क्रेन मशीन से उनकी बाइक टकरा गई। जिससे रिटायर्ड दरोगा भीमराज सिंह की मौके पर मौत हो गई। जबकि मदन सिंह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस की मदद से पीएचसी भेजा। जहां चिकित्सकों ने भीमराज को मृत घोषित कर दिया। घायल को मदन सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे दो बेटों व तीन बेटियां को रोता बिलखता छोड़ गए है।पुलिस ने क्रेन को कब्जे में लेकर फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी में खड़ा कराया है।

# भाजपा ने वीर बाल दिवस संगोष्ठी का किया आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुद्वारा महोबा में वीर बाल दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू मौजूद रहे इस दौरान बाबा जोरावर सिंह व फतेह सिंह के बलिदान पर वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा कि जोरावर सिंह गुरु गोविंद सिंह की चौथे पुत्र थे उनका जन्म आनंद साहिब में हुआ था वह बहुत ही साहसी और धार्मिक थे मुख्य अतिथि ने कहा जोरावर सिंह और फतेह सिंह को नवाब वजीर खान ने धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया था उन्होंने धर्म परिवर्तन करने से इनकार कर दिया इसके बाद उन्हें जीवित दीवार में चुनवा दिया गया और उनकी शहीदी हो गई इन दोनों साहब की



शहीदी को याद करने के लिए हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। उनकी शहीदी के बाद गुरु गोविंद सिंह ने उनकी बहादुरी की प्रशंसा की थी और उन्हें वीर बालक की उपाधि दी इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष रविंद्र महेंद्र, कार्यक्रम सह संयोजक वियोगी शाश्वत, पूर्व जिला अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला मंत्री ओम नारायण, नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विभा पुरवार, नगर अध्यक्ष रेखा तिवारी, सरदार अमरजीत सिंह और सरदार जसप्रीत सिंह सहित आधा सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

# दो पुत्रों की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया, जनप्रतिनिधियों ने लिया भाग

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के बुधौलियाना स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा में गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान उप्र सरकार के जल शक्ति राज्य मंत्री सहित विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद रहे। रविवार को उप्र सरकार के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने गुरु ग्रंथ साहिब पर मत्था टेका। उन्होंने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्र जोरावर सिंह व फतेह सिंह को मुगलों ने पड़कर उनसे इस्लाम धर्म स्वीकारने की शर्त रखी थी। मुगलों की शर्त को मानने से मना करने पर क्रूर औरंगजेब ने दोनों भाइयों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया था। क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने बताया कि अपने धर्म के प्रति सच्ची आस्था रखने वाले लोग कभी भी अपने जीवन की परवाह नहीं करते हैं। गुरु गोविंद सिंह के दोनों मासूम पुत्रों ने अपने जीवन को न्योछावर कर अपना नाम हमेशा के लिए अमर कर लिया है। जिनके बलिदान को हम वीर बाल दिवस के रूप में



मनाते हैं। भाजपा नेता श्रीनिवास बुधौलिया पूर्व विधायक डॉ अंबेश कुमारी, डॉ. आराधना राजपूत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरचंद अनुरागी, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ बंटी, जिला महामंत्री नरवेंद्र सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमरजीत अरोड़ा, जिला पंचायत सदस्य महोबा मृत्युंजय प्रताप सिंह उर्फ शनि, हिंदू युवा संगठन के अध्यक्ष ब्रजेश खरे, मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, सरदार मौसम सिंह, हरप्रीत कौर, मनप्रीत कौर, हिंदू युवा वाहिनी के जिला संयोजक सचिन शर्मा, अनुज सक्सेना, मुकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कनेक्शन देने में भी लापरवाही, नाराजगी

**कुरारा(हमीरपुर)**

विकास खंड क्षेत्र के पारा गांव में नमामि गंगे परियोजना से गांव में डाली जा पाइप लाइन से भारी अनियमितता की जा रहीहै, जिससे गांव वालो में रोष व्याप्त है। क्षेत्र के पारा गांव में नमामि गंगे परियोजना से पेयजल के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है। तथा ग्रामीणों के कनेक्शन किए जा रहे है। जिसमे घर के अंदर टोटी लगाना है। लेकिन कई मोहल्ले में कनेक्शन पाईप लगा कर खुला छोड़ दिया है। जिससे कनेक्शन पाइप गाड़ियों के निकलने से कुचल कर खराब हो रहा है। ग्रामीणों ने घर के अंदर कनेक्शन लगाए जाने की मांग अधिकारियों से की है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

आगामी कुम्भ मेला-2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:-

**02417/02418 सूबेदारगंज - दिल्ली जं. - सूबेदारगंज सुपरफास्ट कुम्भ विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 34 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02417 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02418 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:35 | सूबेदारगंज | 19:40 | --- |
| 08:55 | --- | दिल्ली जं. | --- | 09:30 |

**चलने के दिन:** **02417 सूबेदारगंज** से प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को दिनांक 03.01.2025 से 28.02.2025 तक और **02418 दिल्ली जं.** से प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को 04.01.2025 से 01.03.2025 तक
**सीनः** प्रथम वाता सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन

**04145/04146 सूबेदारगंज - दिल्ली जं. - सूबेदारगंज सुपरफास्ट कुम्भ विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| Train No. 04145 ARR. | DEP. | ↓ स्टेशन ↑ | Train No. 04146 ARR. | DEP. |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:35 | सूबेदारगंज | 19:40 | --- |
| 08:55 | --- | दिल्ली जं. | --- | 09:30 |

**चलने के दिन:** **04145 सूबेदारगंज** से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 02.01.2025 से 27.02.2025 तक और **04146 दिल्ली जं.** से प्रत्येक शुक्रवार को 03.01.2025 से 28.02.2025 तक
**सीनः** प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन

**04111/04112 प्रयागराज जं.-प्रयागराज जं. अनारक्षित कुम्भ विशेष रिंग रेल** — 94 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04111 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04112 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:00 | प्रयागराज जं. | 21:00 | --- |
| 11:15 | 11:20 | जौनपुर | 13:50 | 13:55 |
| 18:50 | --- | प्रयागराज जं. | --- | 06:30 |

**चलने के दिन:** **04111/04112 प्रयागराज जं. से** दिनांक 10.01.2025 से 28.02.2025 (28, 29 एवं 30.01.2025 को छोड़कर) तक।
**ठहरावः** प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन।

**04113/04114 प्रयागराज जं.-प्रयागराज जं. अनारक्षित कुम्भ विशेष रिंग रेल** — 94 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04113 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04114 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 17:30 | प्रयागराज जं. | 08:00 | --- |
| 22:55 | 23:00 | जौनपुर | 01:05 | 01:10 |
| 07:45 | --- | प्रयागराज जं. | --- | 17:45 |

**चलने के दिन:** **04113/04114 प्रयागराज जं. से** दिनांक 10.01.2025 से 28.02.2025 (28, 29 एवं 30.01.2025 को छोड़कर) तक।
**ठहरावः** प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन।

**04210/04209 प्रयागराज संगम-जौनपुर-प्रयागराज संगम अनारक्षित कुम्भ विशेष रिंग रेल** — 66 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04210 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04209 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | --- |
| 14:00 | --- | जौनपुर | --- | 14:15 |

**चलने के दिन:** **04210 प्रयागराज संगम** से और **04209 जौनपुर** से दिनांक 01.01.2025 से 10.01.2025, 17.01.2025 से 26.01.2025, 06.02.2025 से 09.02.2025 एवं 15.02.2025 से 23.02.2025 तक
**ठहरावः** प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ, स्टेशन

**08251/08252 रायगढ़ जं.-वाराणसी-रायगढ़ जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 8251 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08252 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:00 | रायगढ़ जं. | 05:25 | --- |
| 10:00 | --- | वाराणसी | --- | 10:50 |

**चलने के दिन:** **08251 रायगढ़ जं. से** दिनांक 25.01.2025 (शनिवार) को **और 08252 वाराणसी से** दिनांक 27.01.2025 (सोमवार) को
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** चाँपा जं., बिलासपुर जं., पैन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल जं., उमरिया, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जंक्शन स्टेशन।

**09031/09032 उधना - गाजीपुर सिटी - उधना कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09031 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09032 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:40 | उधना | 12:45 | --- |
| 14:05 | 14:15 | वाराणसी जं. | 06:00 | 06:10 |
| 18:05 | --- | गाजीपुर सिटी | --- | 00:30 |

**चलने के दिन:** **09031 उधना** से दिनांक 17.01.2025 एवं 16.02.2025 को और **09032 गाजीपुर सिटी** से दिनांक 19.01.2025 एवं 18.02.2025 को।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** भरूच, विश्वामित्री, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, चुनार, जौनपुर और औंड़िहार जं. स्टेशन

**09403/09404 अहमदाबाद जं. - जंघई - अहमदाबाद जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09403 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09404 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:15 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | --- |
| 03:00 | --- | जंघई | --- | 08:30 |

**चलने के दिन:** **09403 अहमदाबाद जं.** से दिनांक 09, 16, 21.01.2025 एवं 05, 14, 15, 18, 19, 26.02.2025 को और **09404 जंघई** से दिनांक 11, 18, 23.01.2025 एवं 07, 16, 17, 20, 21, 28.02.2025 को।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** आणंद, छायापुरी, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा किला, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर और प्रयागराज स्टेशन

**01455/01456 पुणे-मऊ जं.-पुणे कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01455 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01456 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:10 | पुणे | 15:45 | --- |
| 17:10 | 17:20 | वाराणसी | 05:25 | 05:35 |
| 22:00 | --- | मऊ जं. | --- | 23:50 |

**चलने के दिन:** **01455 पुणे से** दिनांक 08, 16, 24.01.2025 एवं 06, 08, 21.02.2025 को और **01456 मऊ जं. से** दिनांक 09, 17, 25.01.2025 एवं 07, 09, 22.02.2025 को।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन।

**09371/09372 डॉ० अम्बेडकर नगर-बलिया-डॉ० अम्बेडकर नगर कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09371 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09372 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 13:45 | डॉ० अम्बेडकर नगर | 05:30 | --- |
| 14:05 | 14:15 | वाराणसी | 06:00 | 06:10 |
| 19:15 | --- | बलिया | --- | 23:45 |

**चलने के दिन:** **09371 डॉ० अम्बेडकर नगर से** दिनांक 22.01.2025, 25.01.2025, 08.02.2025 एवं 22.02.2025 और **09372 बलिया से** दिनांक 23.01.2025, 26.01.2025, 09.02.2025 एवं 23.02.2025 को
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** इंदौर जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी स्टेशन।

**01033/01034 छत्रपति शिवाजी महाराज(टर्मि.)-मऊ जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01033 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01034 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 14:30 | --- |
| 17:10 | 17:20 | वाराणसी | 05:25 | 05:35 |
| 22:00 | --- | मऊ जं. | --- | 23:50 |

**चलने के दिन:** **01033 छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) से** दिनांक 09, 17, 22, 25.01.2025 एवं 05, 22, 26.02.2025 को और **01034 मऊ जं. से** दिनांक 10, 18, 23, 26.01.2025 एवं 06, 23, 27.02.2025 को
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं. , कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन।

**09029/09030 विश्वामित्री-बलिया-विश्वामित्री विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09029 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09030 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 08:35 | विश्वामित्री | 10:05 | --- |
| 14:05 | 14:15 | वाराणसी | 06:00 | 06:10 |
| 19:00 | --- | बलिया | --- | 23:30 |

**चलने के दिन:** **09029 विश्वामित्री से** दिनांक 17.02.2025 (सोमवार) को और **09030 बलिया से** दिनांक 18.02.2025 (मंगलवार) को
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** वडोदरा जं., गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी स्टेशन।

**03409/03410 मालदा टाउन-प्रयागराज रामबाग-मालदा टाउन कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03409 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03410 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:45 | मालदा टाउन | 14:30 | --- |
| 13:45 | 13:50 | वाराणसी | 22:00 | 22:10 |
| 17:15 | --- | प्रयागराज रामबाग | --- | 19:15 |

**चलने के दिन:** **03409 मालदा टाउन से** प्रत्येक गुरूवार एवं शनिवार को दिनांक 02.01.2025 से 22.02.2025 तक और **03410 प्रयागराज रामबाग से** प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 03.01.2025 से 23.02.2025 तक
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, और बनारस स्टेशन

**08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08791 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08792 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 13:50 | दुर्ग | 05:30 | --- |
| 10:00 | --- | वाराणसी | --- | 10:50 |

**चलने के दिन:** **08791 दुर्ग से** दिनांक 08.02.2025 (शनिवार) को **और 08792 वाराणसी से** दिनांक 10.02.2025 (सोमवार) को
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** रायपुर जं., भाटापारा, उस्लापुर, पैन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल जं., उमरिया, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन।

**08253/08254 बिलासपुर - वाराणसी-बिलासपुर कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08253 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08254 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 08:15 | बिलासपुर जं. | 10:40 | --- |
| 10:00 | --- | वाराणसी | --- | 10:50 |

**चलने के दिन:** **08253 बिलासपुर जं. से** दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) को **और 08254 वाराणसी से** दिनांक 24.02.2025 (सोमवार) को
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** रायपुर जं., दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा सकुशल व निर्विघ्न संपन्न

- 15 कॉलेजों को बनाया गया था परीक्षा केंद्र, सुरक्षा व्यवस्था रही चौकस
- बड़ी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा से रहे नदारत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

रविवार को राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा जनपद में सकुशल और निर्विघ्न तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नकल विहीन वातावरण में छात्रों ने परीक्षा दी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और अधिकारियों के साथ मिलकर परीक्षा की व्यवस्था का निरीक्षण किया। जनपद में 15 कालेजों को परीक्षा संपन्न कराने के लिये परीक्षा केंद्र बनाया गया था। हालांकि उक्त परीक्षा में प्रथम पॉली में 5952 परीक्षार्थियों को शामिल होना था लेकिन 2096 परीक्षार्थी शामिल हुये और 3856 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार से दूसरी पॉली में 2076 परीक्षार्थी शामिल हुये और 3876 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और राजकीय मेडिकल कॉलेज आदि परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों पर परीक्षा संचालन की स्थिति का जायजा लिया और किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को रोकने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजामों का पालन सुनिश्चित किया। पुलिस और प्रशासन के सख्त निगरानी के सकुशल परीक्षा संपन्न हुई। जिस तरह से जिला प्रशासन द्वारा राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की तैयारियां की थी उसके अनुरूप वैसा ही हुआ। किसी भी परीक्षा केंद्र से किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने की कोई सूचना नहीं मिली। बताया जाता है कि उक्त परीक्षा से बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे तो दूसरी पॉली में यह आंकड़ा और भी बढ़ गया था। परीक्षा को देखते हुये परीक्षा केंद्र बनाये गये विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम रहे।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते जाते डीएम, एसपी व सीओ।

## घर से निकली युवती दो दिनों से लापता

### मां ने पुलिस ने लगायी गुहार

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** घर से बाहर गई युवती दो दिन से लापता है। पीड़ित मां ने कोतवाली में सूचना देकर बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी प्रीति देवी ने पुलिस को बताया कि उनकी 21 वर्षीय बेटी दो दिन पूर्व शाम को गांव में गई थी। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। रात में उसका कहीं पता नहीं चला। अगले दिन सभी नाते रिश्तेदारों और आसपास तलाश करने के बाद भी उसकी कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित मां ने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## देवा में पावर रिक्रूटमेंट ग्रुप ऑफ कंपनीज ने जरूरतमंदों को बांटा कम्बल व राशन




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत देवा में दुबई की मशहूर कम्पनी पावर रिकरूटमेंट ग्रुप ऑफ़ कंपनी ने एलोरा मैनपावर एजेंसी के माध्यम से ज़रूरत मंदो में राशन व कम्बल दान किया।

कम्पनी के एच. आर. हेड स्वादिक़ और एलोरा मैनपावर के ऑनर प्रेम शर्मा श्रमिक मंच के अध्यक्ष आलोक पाण्डेय समाज सेवी रजी अहमद वारसी के द्वारा नगर पंचायत देवा में चेयरमेन मोहम्मद हारून वारसी की अध्यक्षता में दान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ज़रूरत मंद लोगों को कंबल, राशन व अन्य सामान सामग्री का वितरण किया गया! कार्यक्रम में विभिन्न वर्ग के लोगों ने भाग लिया !मुख्य अतिथियों ने ज़रूरत मंदो की मदद कर इंसानियत का सबसे बड़ा धर्म बताते हुए समाज सेवा के कार्य को आगे बढ़ाने का संदेश दिया! पावर रिकरूटमेंट ग्रुप ऑफ़ कंपनी के इस पहल ने समाज के गरीब तबके को ठंड के मौसम में राहत पहुंचाने का कार्य किया। यह कार्यक्रम न केवल सामाजिक सदभाव का प्रतीक बना, बल्कि समाजसेवा सेवा की प्रेरणा भी देता है।

## खबरें एक नजर में

### सरस्वती विद्या मंदिर में ज्ञान विज्ञान मेला आयोजित



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सरस्वती विद्या मंदिर में ज्ञान विज्ञान बाल मेला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन चेयरमैन आलोक तिवारी ने किया। राजकुमार शर्मा,गणेश अग्रवाल, राजेंद्र साहू, सामाजिक कार्यकर्ता दिव्यांश श्रीवास्तव, पवन गुप्त,महेंद्र चौरसिया,सुरेश कुमार श्रीवस्तव, सभासद शिवा वर्मा भी उपस्थित रहे विद्यालय के प्रबंधक श्री जितेन्द्र सिंघल जी व प्रधानाचार्य श्री ओम प्रकाश सिंह जी ने आए हुए अतिथियों का अभिवादन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव जी ने किया। विज्ञान मेला आचार्य गौरीश कुमार मिश्र, आचार्या सोनाक्षी के निर्देशन में संपन्न हुआ विद्यालय के आचार्य राकेश, वैशाली व गायत्री उपस्थित रहे।

### पांच राज्यों के नेत्रहीन प्रतिनिधियों की कार्यशाला संपन्न

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** ऑल इंडिया कनफेडरेशन ऑफद ब्लाइंड दिल्ली की संस्था का 6 राज्यों के नेत्रहीन संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ शहर के गेस्ट हाउस में दो दिन की कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसमें बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिसमें चित्रकूट से दृष्टि संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता और एआईसीबी दिल्ली की सचिव श्रीमती मंजुला रथ सहित नगर पंचायत कोटरा के अध्यक्ष सियाशरण व्यास और जिला योजना कार्य समिति के सदस्य अरविंद सिंह सेंगर माधौगढ़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रथम दिन की इस कार्यशाला में प्रोजेक्ट के बारे में आए हुए लोगों को विस्तृत रूप से बताया और उनसे आग्रह किया कि आप लोग अपने राज्यों में भी नेत्रहीन लोगों के लिए इस तरह का कार्य करें। अरविंद सेंगर एवं श्री व्यास ने संस्था का उत्साह बर्धन करते हुए हर तरह से सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस कार्यशाला का आयोजन दृष्टि संस्था चित्रकूट के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट की टीम जिसमें सुधांशु शुक्ला प्रोजेक्ट मैनेजर एडवोकेसी ऑफिसर सुरेश चतुर्वेदी सहित पूरा फील्ड स्टाफउपस्थित रहा और व्यवस्था पूर्ण रूप से संभाली।

### पति ने भाई के साथ मिलकर महिला से की मारपीट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** पति व उसके भाई ने मिलकर महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भाइयों के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी रामकांति ने पुलिस को बताया कि उनके पति अशोक कुमार व देवर सुनील आए दिन उसके साथ विवाद करते रहते हैं। जिसके चलते वह परेशान रहती है। महिला ने आरोप लगाया कि रविवार की सुबही वह घर के काम कर रही थी। तभी देवर सुनील वहां आए और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। जब उसने रोकने की कोशिश की तो पति व देवर दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की है।

### पत्नी ने पति के विरुद्ध कोतवाली में दी तहरीर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** पत्नी के साथ गाली, गलौज कर मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में की है। पुलिस ने आरेपी पति के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी राजरानी ने पुलिस को बताया कि उनके पति उमाशंकर घर में विवाद करते हैं। किसी न किसी बात को लेकर उसके साथ झगड़े का बहाना ढूंढते हैं। घर में रोज रोज के झगड़े से माहौल खराब हो रहा है। कई बार समझाने के बाद भी वह समझने को तैयार नहीं है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि रविवार की सुबह पति अकारण ही गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफकार्रवाई की है।

### प्राइवेट दुकानदार मनमाने दामों पर बेच रहे किसानों को खाद

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत ग्राम शेखपुर अहीर में प्राइवेट खाद के विक्रेता गोविंद गुप्ता के द्वारा खाद की बिक्री मनमाने दामों में कर रहे हैं किसानों के कहने पर उनको अच्छी खासी फटकार लग रहे हैं यदि लेना हो तो लीजिए नहीं वरना और किसी भी जगह से आप खाद खरीद सकते हैं मेरे यहां जो रेट होगा वही रेट से आप लोगों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी। खाद विक्रेता द्वारा यूरिया खाद की बोरी के दाम 370 रुपए तथा डीएपी खाद की बोरी के दाम 1750 रुपए के हिसाब से विक्रय की जा रही है। इसलिए किसानों ने समाचार पत्र के माध्यम से अपनी आपबीती बताई जिससे समाचार पत्रों में जनपद के बैठे उच्च अधिकारियों को अवगत करने के लिए खबर प्रकाशित की गई है। भारतीय किसान यूनियन (भानू )के जिला अध्यक्ष ज्ञानू सिंह तोमर ने भी किसानों की वकालत करते हुए खाद विक्रेता को आग्रह पूर्वक समझाया की उचित रेट में आप अपनी खाद की बिक्री करें ताकि गरीब किसानों का भी भला हो सके और उनके खेतों में फसल की उपज हो पाए। किसान गणों द्वारा इस समस्या की अपील करते हुए जिला अधिकारी से मांग है कि प्राइवेट खाद विक्रेता की जांच कर कर उचित रेट में हम किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए। और विक्रेता के ऊपर कानूनी कार्यवाही किए जाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाए।

### बच्चों को जागरूक कर स्टेशनरी का किया वितरण

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हदरुख व हरसिंहपुर वीर कुंवर जन कल्याण सेवा फाउंडेशन मानपुर रायपुरा की ओर से स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा हेतु गरीब असहाय है पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्टेशनरी उपलब्ध करवाना वीर कुंवर कुंवर जन कल्याण सेवा फाउंडेशन की तरफसे योग डॉक्टर के द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण के बारे में जागरूक किया गया स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए डॉक्टर उमेश कुमार डॉक्टर सुमित कुमार इस फाउंडेशन एवं संस्था के सचिव प्रबल प्रताप सिंह राठौर सहयोगी सोनेलाल चौधरी बबलू राठौर पंडितपुर के द्वारा गरीब परिवार के शिक्षकों को एवं छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी उपलब्ध करवाना शिक्षा की ओर अग्रसारित किया गया एवं स्वास्थ्य के बारे में डॉक्टर के द्वारा जागरूक किया गया जिससे समय-समय पर आगामी समय में आने वाली बीमारियों से बचाया जा सके यह संस्थान प्रथम दौर में 2 ग्रामों में स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण के बारे में जागरूक कर स्टेशनरी वितरण की गई।

## शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई पीसीएस की परीक्षा

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पीसीएस परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।कुल 384 परीक्षार्थियों मे से 203 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे।शेष परीक्षार्थियों ने किन्हीं कारणोवश परीक्षा छोड़ दी।जानकारी के अनुसार जिले के कई विद्यालयो मे आयोजित पीसीएस परीक्षा केंटो में शामिल जैदपुर कस्बे के नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज मे भी पीसीएस परीक्षा का आयोजित की गई थी।जो जिम्मेदारो की परिश्रम से सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

परीक्षा के लिए गोंडा, बहराइच, अयोध्या, सुल्तानपुर और रायबरेली जैसे विभिन्न जिलो से आए परीक्षार्थियो ने भाग लिया।परीक्षा देने के बाद परीक्षार्थियो ने बताया कि इस बार प्रश्न पत्र में इतिहास के साथ घटनाओ की तारीखे भी पूछी गईं जो परीक्षा को और चुनौतीपूर्ण बना रही थीं।

परीक्षार्थियो ने बताया कि परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत नही हुई।प्रशासन द्वारा विशेष रूप से परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए परिवहन की व्यवस्था की गई थी जिससे सभी परीक्षार्थी ने सुविधा का लाभ लेकर गंतव्य तक पहुंचे।परीक्षा केंद्र पर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी।प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने के लिए पूरे प्रयास किए जिससे परीक्षार्थियों को बिना किसी व्यवधान के परीक्षा देने का अवसर प्राप्त हुआ।इस सफल आयोजन के लिए प्रशासन और परीक्षा केंद्र प्रबंधन की सराहना की जा रही है।

## चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आंचलिक विज्ञान केंद्र का किया भ्रमण

- सीखे विज्ञान के अनेकों प्रयोग, खूब की मौज-मस्ती





**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं का आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ के शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। संस्था के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने शैक्षिक भ्रमण की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बच्चों को विज्ञान नगरी में विज्ञान के अनेको प्रयोग एवं प्रागैतिहासिक काल के जीव जंतुओं के बारे में जानकारी दी गई। विज्ञान नगरी में स्थापित झूलों पर बच्चों ने खूब मौज मस्ती की तो वहीं थ्रीडी शो, जुरासिक शो,विज्ञान के प्रयोगों का शो, द्रव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, वायु विज्ञान, हमारा जीवन, मनोरंजक विज्ञान, मानव आचरण, जलीय दुनिया आदि विज्ञान की तमाम जानकारी प्राप्त की। जयपुरिया इंस्टीट्यूट लखनऊ की एसआरसी निदेशिका डॉ रीना अग्रवाल के निर्देश पर प्रबंधन छात्रों ने चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के बच्चों को गाइड किया और उन्हें विज्ञान नगरी में स्थापित अनेको प्रयोगों को समझाया। साइंस सिटी के रेस्टोरेंट में लजीज छोला भटूरा एवं फ्रूटी का आनंद लिया तो बच्चों ने मनपसंद की चींजे ली।

चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने सभी का निर्देशन किया, प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, प्रिया मौर्य, अनिता, अर्चना सरस्वती सहित जयपुरिया इंस्टीट्यूट के प्रबंधन छात्र सौरभ सिंह, आकृति सिंह, वैष्णवी शर्मा, प्रियंका खंडेलवाल, ऋतिविका विशाल, कीर्तिका सिंह, कशिश जायसवाल, प्रीति यादव, स्पर्श सिन्हा, अभिषेक सिंह, रिजा नबाब, प्रेक्षा जैन, प्रतीक्षा सिंह, राज शुक्ल सहित अनेक प्रबंधन छात्रों ने बच्चों को गाइड किया और पश्चात मूल्यांकन कर बच्चों के अनुभवों को जाना। जस शैक्षणिक भ्रमण में चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के 125 छात्रों ने भाग लिया।

## टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का पूर्व चेयरमैन ने किया उद्घाटन

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत कार्यालय के बगल मैदान पर चल रहे चार दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद टूर्नामेंट कमेटी के सदस्य शाहिद अंसारी,शुएब राईन और युवा नेता फैज अंसारी की गरिमापूर्ण उपस्थिति मे फीता काटकर उद्घाटन किया।रियाज अहमद द्वारा बैटिंग कर मैच का शुभारंभ कराया।उत्साही युवको ने आतिशबाजी कर श्री रियाज का स्वागत किया गया।इसके पश्चात उपस्थित क्रिकेट प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहाकि खेलों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और इससे सेहत भी दुरुस्त रहती है।

उद्घाटन मैच यूनाइटेड इलेवन और आर्मी इलेवन के बीच खेला गया।यूनाइटेड इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।निर्धारित ओवरो मे बल्लेबाजी करते हुए यूनाइटेड इलेवन ने ,6 विकेट के नुकसान पर मात्र 68 रन पर ही ढेर हो गई।

इसके पश्चात आर्मी इलेवन ने सिर्फ 6 ओवर में 3 विकेट खोकर 7 विकेट से जीत हासिल कर ली।मैन ऑफ द मैच का सम्मान से शिबू खान को नवाजा गया।इस अवसर पर टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष बबलू खान, सभासद सायंम रिजवी, मोहम्मद शोएब राइन, समाजसेवी मोहम्मद जमील राइन वकील खजूर,बबलू आरा मशीन,मुन्ना ड्राइवर सहित सैकडो क्रिकेट प्रेमी लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया जिला पंचायत राजस्व निरीक्षक का जन्मदिन



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** जिला पंचायत के राजस्व निरीक्षक त्रिवेणी प्रसाद दुबे का जन्मदिन साथियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर साथियों द्वारा खेत खिलाकर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी गई। जन्मदिन के शुभ अवसर पर सुबह से ही श्री दुबे के सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक व्हाट्सएप एवं उनके निज निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी विशिष्ट पांडे विष्णु शुक्ला आशुतोष शुक्ला ऋषभ पांडे पत्रकार विकास तिवारी पत्रकार आशीष मौर्य नवनीत मिश्रा नीलू दादा करुणेश द्विवेदी एडवोकेट विभोर गुप्ता ऋषभ पांडे राहुल सिंह अन्नू दीदी बैजनाथ मौर्य आदि शामिल रहे।

## नादान विटप स्मृति में काव्य समारोह आयोजित

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नव साहित्य संगम हैदरगढ़ बाराबंकी के तत्वाधान में कस्बा स्थित केशव मैरिज लॉन में शनिवार की रात नादान विटप स्मृति काव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव साहित्य संगम द्वारा अभ्यागत कवियों व चेयरमैन अलोक तिवारी का एवं चेयरमैन द्वारा कवियों का सम्मान भी किया गया।

पूर्व शिक्षा अधिकारी माता प्रसाद अवस्थी के संरक्षण में संपन्न हुए काव्य समारोह में सार्वजनिक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रहे स्वर्गीय राज बहादुर द्विवेदी नादान एवं हास्य कवि रहे स्वर्गीय श्याम नारायण अग्रवाल विटप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अभ्यागत अतिथियों द्वारा प्रकाश डाला गया। समारोह के मुख्य अभ्यागत कवि निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य लखनऊ



डॉ आनन्द ओझा एवं विशिष्ट अभ्यागत कवियों अधीक्षण पुरातत्व डॉक्टर इंदु प्रकाश द्विवेदी, राष्ट्रीय कवि नोएडा कमल आग्रेय द्वारा काव्य पाठ किया गया। इसके अलावा कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर, डॉ शिवाकांत शुक्ला, कवियत्री डॉक्टर कुसुम चौधरी, जितेंद्र कुमार मिश्रा ययावर, सुशील पांडे व डॉक्टर अश्विनी शुक्ला सहित तमाम क्षेत्रीय कवियों ने भी काव्य पाठ किया। समारोह में बड़ी संख्या में सुधी श्रोता उपस्थित रहे।

## दबंगों ने किया सरकारी जमीन व गीडा की भूमि को कब्जा, जिम्मेदार बेखबर



**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** तहसील के अंतर्गत पीड़ित गुड़िया देवी पत्नी सरोज कुमार निवासी ग्राम-जुडियान तहसील-सहजनवां जिला गोरखपुर के निवासिनी हैं मैं पूर्व से अपने डीह की जमीन में मकान बनाकर करता हूं, मेरे घर के आगे सरकारी जमीन है जो मौके पर वर्तमान में खाली था पूर्व मे हुए पैमाईश में बगल के कास्तकार धर्मेन्द्र चौहान पुत्र स्व0 राधेश्याम का जमीन जो कागज में 9 डी0 है आज सुबह मौके पर सरकारी जमीन में लगे हरे पेड़ों को काटकर जबरजस्ती सरकारी जमीन व गीडा की जमीन में कब्जा कर रहे है। हम लोग द्वारा मना करने पर गाली गलौज करने लगा 112 नं पर जब कॉल किया गया तो पुलिस मौके पर आयी और निर्माण कार्य करने से रोकी परन्तु कार्य नहीं रोका गया। वही दबंगों ने हम लोगो को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।वही पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को शिकायत कर कार्यवाही करने की मांग की है वही पीड़ित का कहना है कि मैं अनूसुचित जाति की असहाय महिला हूं हम लोग के साथ न्याय हो अन्यथा हमलोग को घर से बेघर कर दिया जाएगा अतः आप उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

## चोक हो गई गांव की नालियां भरा रहता है गन्दा पानी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत हजरतपुर गांव के बाहर नालियों पर कब्जा होने के चलते नालियां चोक हो गई है और गन्दा पानी नही निकल पाता जिसके चलते सड़क पर गन्दा पानी भरा रहता है। गन्दे पानी के वजह से आने जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जिम्मेदार अधिकारी इस ओर धयान नहीं दे रहे। लोगों की माने तो सड़क के आसपास के तीन चार घरों घर लोगों ने नाली पर अतिक्रमण किए हुए हैं। जिससे नाली पट गई और पानी नही निकाल निकल पा रहा है। राहगीरों व ग्रामीणों ने बताया कि हजरतपुर गांव के बाहर गेट पास में नालियां पटी होने से गन्दा पानी सड़क पर भरा रहता है।जिससे सड़क पर मोटरसाइकिल पैदल निकलने वाले लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। राहगीरों ने इस सड़क को सही करवाने की मांग किया है।

## पत्रकारों के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं : कमलेश्वर

- अधिकारियों की तानाशाही के खिलाफ खोला जाएगा मोर्चा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



तहसील मुख्यालय स्थित प्रेस कार्यालय रामसनेहीघाट पर पत्रकारो की समस्याओं व उनके निदान को लेकर एक बैठक आहूत की गई जिसमें तमाम पत्रकार साथी पहुंचे तथा प्रेस कार्यालय संगठन को मजबूती देने पर चर्चा की गई।

बाराबंकी के तहसील रामसनेहीघाट मुख्यालय पर रविवार दोपहर बाद करीब 3 बजे प्रेस कार्यालय पर पत्रकारों से संबंधित एक बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अवधराज सिंह ने की। बैठक में पत्रकारों के साथ हो रही घटनाओं व अभद्रता को ध्यान में रखते हुए उनकी सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार अवध राज सिंह ने कहा कि पत्रकार एक आईने की तरह होता है जो सिर्फ सच को दिखाता है कभी-कभी पत्रकार साथी को सच दिखाने पर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, खबर प्रकाशन के बाद पत्रकारों पर जानलेवा हमले सहित उनके साथ अभद्रता की नौबत तक आ जाती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की भी एक सीमा है पत्रकारों को अपनी सीमा व मर्यादाओं में रहकर कार्य करना चाहिए इसके बाद अगर किसी पत्रकार साथी के साथ कोई अभद्रता होती है तो सभी पत्रकारों को एकजुट होकर अपनी एकता का परिचय देना चाहिए। पत्रकार रामनारायण मिश्र प्रेस कार्यालय अध्यक्ष दिनेश तिवारी, कमलेश्वर तिवारी सहित वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर बाबा ने कहा पत्रकार दिन रात मेहनत करता है गांव गलियों में कड़ी धूप, बरसात, दिन हो या रात हर समय खबरों का संकलन कर समाचार का प्रकाशन करता है इसके बाद भी अगर किसी पत्रकार साथी के ऊपर कोई भी घटना होती है या उसके साथ अभद्रता की जाती है तो वह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ऐसे मामले सामने आने पर सभी पत्रकार साथियों को एकजुट होकर अधिकारियों कर्मचारियों को अपनी ताकत का एहसास करना चाहिए। इस दौरान बैठक में पत्रकार पंकज शुक्ला, अजय तिवारी, मुकेश कुमार, कुलदीप जायसवाल, अनिल कुमार, अमर सिंह राणा, अंकित पांडे, भक्तिमान पांडे, कौशल, अमित गुप्ता सहित तमाम पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## स्वर्गीय रुद्र प्रताप सिंह के पूर्ण तिथि के अवसर पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



रुद्र धीरज आईटीआई के कैंपस में स्वर्गीय रुद्र प्रताप सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन कैप्टन ओ पी मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया कार्यक्रम का संचालन गोपाल सिंह द्वारा किया गया इस अवसर पर बोलते हुए ओ पी मिश्रा ने कहा कि रक्तदान महादान है ।रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान करने से एक या ज्यादा लोगों की जान बच सकती है ।रक्तदान शिविर का आयोजन करना अपने आप में एक नेक कार्य है। इसी क्रम में प्रधानाचार्य राजेश सिंह सोलंकी ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान करने से 24 घंटे के अंदर शरीर में उतना रक्त बन जाता है । नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियमित रहती है जो दिल की सेहत के लिए अच्छा होता है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति के रक्त लेने की आवश्यकता पड़ जाती है ऐसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्त प्रदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरूरतमंद की मदद हो सकेगी।इस रक्त दान शिविर में कुल 18 यूनिट रक्त जिला अस्पताल रक्तदान केंद्र द्वारा एकत्रित किया गया। रक्तदान करने वालों को रक्तदान उपरांत पेय पदार्थ व फल वितरित किया गया। इसी क्रम में सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला, पूर्व विधायक जी एम सिंह,विधायक जटाशंकर त्रिपाठी, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी,आचार्य घनश्याम मिश्र , हिंदू युवा वाहिनी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामपाल सिंह , संजय राज , शेर बहादुर सिंह,परशुराम शुक्ल, छोटू सहारा,सुनील सिंह, आई डी सिंह , डॉ आनंद प्रताप सिंह, लेक व्यू रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी गोरखपुर के अध्यक्ष श्री पीयूष सिंह और अन्य लोगों ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया।रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए संस्थान पर स्टाफ व अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रक्तदान शिविर की सराहना करते हुए देवनारायण सिंह ने कहा कि रक्तदान से बड़ा अन्य दान हो ही नहीं सकता है आप रक्तदान करके कई लोगों को नई जिंदगी देने का कार्य कर रहे हैं। शिविर का समापन संस्थान के प्रबंधक आईपीएन सिंह जी ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए आगंतुक लोगों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत तुर्रा मुहार वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों की पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 23.12.2024 से 29.12.2024 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदाएँ खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क 50 रूपये**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | धरोहर धनराशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | तुर्रा मुहार | कैटल शेड निर्माण गौशाला में | 6.18 लाख | चद्दर पाइप सीमेन्ट, बालू,ईंटा,मौरम आदि | 1 प्रतिशत | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

सचिव ग्राम प्रधान

# पीसीएस प्री परीक्षा संपन्न, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

**▸ डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम व एसपी

लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित पीसीएस प्री की परीक्षा रविवार को जनपद के 4 केंद्रों पर शांतिपूर्ण और नकल विहीन पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। दो पालियों में परीक्षा संपन्न कराई गई। पुलिस व प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गये थे। प्रथम पाली में 1632 पंजीकृत अभ्यार्थियों में से मात्र 682 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 950 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 1632 में से कुल 678 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 954 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर 1632 परीक्षार्थी दोनों पालियों में पंजीकृत थे। परीक्षा केंद्रों पर जगह- जगह पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। पीसीएस की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की पहले परीक्षा केंद्र के गेट पर तलाशी ली गई।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर शहर में स्थित परीक्षा केंद्रों पीएसएम डिग्री कॉलेज, एसबीएस इंटर कॉलेज मकरन्द नगर और किसान इंटर कॉलेज, डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए। दोनों पालियों में परीक्षा शांति पूर्वक नकल विहीन पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा संपन होने के बाद जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## तिर्वा में शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न हुई पीसीएस की परीक्षा


परीक्षा खत्म होने के बाद बाहर निकलते परीक्षार्थी

**तिर्वा।** डीएन इंटर कॉलेज व किसान इंटर कॉलेज में रविवार को पीसीएस की आयोजित हुई एक दिवसीय प्रारम्भिक परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न हुई। दोनो परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा से पहले गेट पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए केन्द्र के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। डीएम-एसपी ने भी दोनो परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया। पीसीएस की एक दिवसीय प्रारम्भिक परीक्षा के लिए कस्बे में डीएन इंटर कॉलेज व किसान इंटर कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। इन दोनो परीक्षा केन्द्रो पर दो पालियों में 864 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। रविवार को प्रथम पाली में परीक्षा से पूर्व सुबह 08.30 पर परीक्षार्थियों को प्रवेश देने के लिए गेट खोल दिए गए थे। गेट पर ही एक-एक कर सभी परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई। इसके बाद उनके अनुक्रमांक के हिसाब से कक्षों में भेजा गया। प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षाएं शुरू हुई। प्रथम पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद दोनो परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षार्थी खुश होकर बाहर निकले। दूसरी पाली की परीक्षा में भी परीक्षार्थियों ने अपने केन्द्रो पर पहुंचकर सामान्य ज्ञान द्वितीय की परीक्षा दी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई थानों की पुलिस परीक्षा केन्द्र के बाहर मौजूद रही। केन्द्र से 100 मीटर दूरी तक किसी को फटकने तक नहीं दिया गया। दोनो पालियों की परीक्षा में किसी तरह का कोई व्यवधान नहीं आया।

# बीजेपी कॉलेज में मैथ क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**




भारतीय गणितज्ञ रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर मैथ क्विज कंपटीशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

क्षेत्र के तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज में महान भारतीय गणितज्ञ रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर मैथ क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अमित कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। मैथ क्विज प्रतियोगिता में जूनियर तथा सीनियर वर्ग के पाइथागोरस, हरिश्चंद्र, शकुंतला देवी, राधा कृष्ण राव, सत्येंद्र नाथ बोस, ब्रह्म गुप्त, भास्कर, वराह मिहिर, श्रीनिवास रामानुजन व आर्यभट्ट विभिन्न टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जूनियर वर्ग में विजेता शकुंतला देवी टीम रही (दिव्यांशी, अंजली, गरिमा सिंह चौहान, मुस्कान) एवं उप विजेता ब्रह्मगुप्त टीम रही।

(आयुष, उत्कर्ष, आर्यन, कृष्णा) तथा सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान विजेता आर्यभट्ट टीम रही ( शुभी, अनामिका , प्राँशी, सृष्टि, अरीवा ) एवं उपविजेता भास्कर टीम रही (शुभम संगकारा, गोपी किशन, शशांक, जतिन वर्मा ,आदर्श दुबे) रहे। इस दौरान ओमेंद्र सिंह, फूल मोहम्मद, विकास कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार, अमन कुमार, चंद्रप्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, सरनाम सिंह, उरूज़ आलम, स्वाति अवस्थी, सचिन कुमार सहित आदि लोग रहे।

# रंजीत ने सहयोगियों के साथ मिलकर बचाई गाय की जान

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के सरकारी महिला अस्पताल में मरणासन अवस्था में पड़ी गाय की व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से गौ सेवक रंजीत पांडे को मिली सूचना। जिसके पश्चात गौ सेवक रंजीत पांडे ने अपने सहयोगियों के साथ तत्काल प्रभाव से मौके पर पहुंचकर मारणासन अवस्था में पड़ी गाय को देखा जोकि सुबह से महिला सरकारी अस्पताल में पड़ी थी इसके पश्चात उन्होंने गाय के आसपास सर्दी से बचने हेतु अलाव जलाई और जब आसपास के लोगों से बात की तो उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी उन्होंने पालिका प्रशासन के ईज़ओज़ को देने के लिए जब संपर्क किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

इसी बीच गौ सेवक रंजीत पांडेय ने डायल 1962 पर काल की तो उन्होंने स्थान से लगभग 2km दूर पशु चिकित्सालय होने के कारण गाय के इलाज के लिए सुविधा देने में असमर्थता जताई। इसके पश्चात छिबरामऊ ब्लॉक के बीडीओ से कॉल कर संपर्क किया तो उन्होंने पशु चिकित्सक डॉक्टर अमित कुमार को मौके पर भेजा और पशु चिकित्सक ने गाय का इलाज शुरू कर दिया तथा इलाज के कुछ समय पश्चात ही गाय को आराम मिला और वह चलने लगी। इसके बाद बाबा महेश्वर नाथ सेवक रंजीत पांडे ने अपने सहयोगियों के साथ आसपास के लोगों के घर-घर जाकर गाय को सर्दी से बचाने के लिए बोरे मांग कर गाय के ऊपर डलवाने की व्यवस्था की। इस मौके पर सुधीर मिश्रा, गोविंद मिश्रा, शिव अवतार गुप्ता, कृष्णा पांडेय, दीपक कमल, भूरा नागर, नीलू गिहार, वहां मौजूद प्यारे नन्हे मुन्ने बच्चे एवं अन्य कई साथियों ने सहयोग किया।

## पच्चीस हजार के इनामिया को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** वांछित चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद ने 25000 का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना ठठिया पर दर्ज मुकदमा पंजीकृत में वांछित/इनामिया अभियुक्त उमेश (24) पुत्र स्व. सुखलाल निवासी ग्राम लुंजीपुर थाना ठठिया को थाना प्रभारी कुलवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने जैनपुर रोड ठठिया से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस और 1425 नगद रुपये के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 25,000 रुपये का पारितोषिक घोषित किया गया था।

# सुभासपा का विस्तार कर मजबूत करने का लिया संकल्प

**▸ बैठक में पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


पदाधिकारी को मनोनयन पत्र देते जिलाध्यक्ष व अन्य

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव के द्वारा कन्नौज जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया और प्रदेश सरकार के द्वारा किए जा रहे हैं। विकास कार्य के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया गया है। कार्यकारी गठन के बाद सभी का फूल मालाओं से कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

रविवार को नगर के कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार पाठक के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष अनूप सिंह पाल एवं प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ मंगेशकर के पार्टी संगठन का विस्तार करते हुए मो. अकबर खान को जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, मृदुल कुमार को जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, प्रभाशंकर पाठक को जिलाध्यक्ष प्रबुद्ध वर्ग, विनोद कुमार को जिला सचिव अनवर अहमद को जिला उपाध्यक्ष, अमित कुमार सिंह को जिला सूचना मंत्री, अजीत सिंह एवं सुभाष चंद्र यादव को जिलाध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ का बनाया गया और सुदामा लाल, ऋषभ सिंह, अमजद खान, युवराज सिंह, सूर्य प्रकाश, धीरेंद्र कुमार आदि को पार्टी के विभिन्न पदों पर मनोनयन पत्र प्रदान कर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनूप सिंह पाल ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के बारे में प्रचार प्रसार किया जाए। इस मौके पर प्रदेश महासचिव राजीव पाठक ने सभी कार्यकर्ताओं को जीरो पॉवर्टी योजना का आवेदन कर पार्टी कार्यालय में जमा करने को कहा। उसे लाभार्थी को होने वाले लाभों के बारे में बताया। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा रवि राजपूत सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी के हित में कार्य करने की सलाह दी एवं सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# प्राथमिक स्कूल हवेली का नया भवन तैयार लोकार्पण का इंतजार, बच्चे परेशान



लोकार्पण के इंतजार में प्राथमिक विद्यालय हवेली का नया भवन।

**▸ दो किलोमीटर दूर गुलौली मुस्तकिल के मजरा बगिया प्राथमिक स्कूल जाकर पढ़ने को मजबूर**

**कदौरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

गुलौली मुस्तकिल गांव के मजरा हवेली में प्राथमिक स्कूल बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन लोकार्पण न होने से छात्रों को दो किलोमीटर दूर मजरा बगिया प्राथमिक स्कूल जाना पड़ रहा हैं। व्यवस्था होने के बाद भी सुविधा न मिलने से अभिभावकों में नाराजगी है।

कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के गुलौली मुस्तकिल में सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था हुई, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में काफी कमजोर रहा। गांव के मजरा हवेली में प्राथमिक विद्यालय का निर्माण 2005 में हुआ था। कुछ सालों के बाद विद्यालय क्षतिग्रस्त हो गया। लेकिन फिर भी इसी जर्जर भवन में कक्षाएं चलती रही साल 2021-22 में जब इस भवन का प्लास्टर टूट कर गिरने लगा तो भवन में कक्षाएं लगनी बंद हो गई और बच्चों को गांव से 2 किलोमीटर दूर मजरा बगिया स्थित प्राथमिक विद्यालय भेजा जाने लगा। जर्जर भवन को तोड़कर निर्माण शुरू हुआ। छह माह पूर्व भवन बनकर तैयार हो गया,लेकिन अभी तक भवन शिक्षा विभाग को हस्तांतरित नहीं हो सका है। हस्तांतरण और लोकार्पण का इंतजार चल रहा है और दूसरी तरफ 52 नौनिहाल 2 किलोमीटर दूर स्थित स्कूल जाकर पढ़ने को मजबूर हैं। प्रधान नूर बेग ने कहा कि 10 लाख रूपये से अधिक की लागत से भवन तैयार हो चुका है। कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन किसी ने कोई सुध नहीं ली, अधिक दूरी के कारण अभिभावक बच्चों को भेजने से कतराते है। बीईओ ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था, वह जल्द इसको दिखवाते है, बच्चों को पढ़ने के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा।

# मैथ क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**▸ धूमधाम से मनाई गई श्रीनिवास रामानुजन की जयंती**
**▸ महान गणितज्ञ के चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं।

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को भारत के महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक शंभू दयाल गुप्ता ने किया।

रामानुजन की जयंती पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उल्टी गिनती, पहाड़ा, भाषण, चित्रकला, निबंध, रंगोली प्रतियोगिता आदि में हिस्सा लिया। उल्टी गिनती में आराध्या गुप्ता प्रथम, विष्णु द्वितीय, अटल गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पहाड़ा प्रतियोगिता में अध्याय पाठक, अभिराज द्वितीय, आरोही पाठक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चार्ट प्रतियोगिता में आयुष व गौरव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में शैल्वी व देव सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुष्का पाठक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्राची राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बृजेश कौशल, हरिओम गुप्ता, अनुराग गुप्ता, सुगम दुबे, धर्मेंद्र कौशल, नीरज मिश्रा आदि का प्रधानाचार्य नवनीत सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। गुरसहायगंज, कन्नौज। महान भारतीय गणितज्ञ श्री रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रुप में मनाई गई। गणित दिवस पर बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज तेराजाकेट में मैथ क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य अमित कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। रविवार को आयोजित मैथ क्विज प्रतियोगिता में जूनियर तथा सीनियर वर्ग के पाइथागोरस, हरिश्चंद्र, शकुंतला देवी, राधा कृष्ण राव, सत्येंद्र नाथ बोस, ब्रह्म गुप्त, भास्कर, वराह मिहिर, श्रीनिवास रामानुजन व आर्यभट्ट विभिन्न टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जूनियर वर्ग में शकुंतला देवी टीम विजेता रही। जबकि ब्रह्मगुप्त टीम उपविजेता रही। सीनियर वर्ग में आर्यभट्ट टीम विजेता व भास्कर टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर ओमेंद्र सिंह, फूल मोहम्मद, विकास कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार, अमन कुमार, चंद्र प्रकाश गुप्ता वीरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, सरनाम सिंह, उरूज़ आलम, स्वाति अवस्थी व सचिन कुमार मौजूद रहे।

# लाखों की चोरी के मुख्य आरोपी को भेजा जेल

**▸ दो माह पूर्व ठठिया के जनखत गांव में हुई थी चोरी की घटना**

**समृद्धि न्यूज, संवाददाता।**



**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के जनखत गांव में दो माह पहले हुई चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने रविवार को घटना के मुख्य आरोपी को दबोच लिया। उसके पास से एक देशी तंमचा व 1425 रूपए की नगदी बरामद की।

करीब दो माह पूर्व जनखत गांव में स्थित एक डीजे की दुकान से लाखों का सामान चोरी हुआ था। इस मामले में दुकानदार ने चोरो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। करीब एक पखवारे पहले पुलिस ने इस मामले में दो चोरो को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया था। छानबीन के दौरान इस मामले में लुंजीपुर गांव निवासी उमेश राजपूत का नाम गिरोह के सरगना के रूप में सामने आया था। जिसको लेकर पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि रविवार को उमेश को जैनपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की पूछताछ में उसने कुछ अन्य घटनाओं में शामिल होना स्वीकारा है।

# बिनु परतीत न होवे प्रीति, प्रीत बिना नहीं भगति दृढ़ई


सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में महात्मा बृजेश कुमार वर्मा

**▸ संत निरंकारी सत्संग में महात्माओं ने किए प्रवचन**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिस तरह कोल्हू का बैल चलता तो है। लेकिन पहुंचता कही नहीं। उसी प्रकार हम भक्ति तो करते है और परमात्मा को जान भी नहीं पाते। तो मंजिल पर कैसे पहुंच पाएंगे। पहले हम परमात्मा को जाने, तब हम भक्त बन पाएंगे। क्योंकि जो भक्त होते हैं। वह सदैव ही परमात्मा से सबके भले की प्रार्थना करते हैं। उनका विचार यही होता है कि सबका भला करो, भगवान सबका सब विधि हो कल्याण। तब ऐसा प्रतीत होता है कि परमात्मा को जाना और हमारे अंदर विस्तार हुआ है।

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें कानपुर के महात्मा बृजेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिनु जाने न होये परतीती, बिनु परतीत न होवे प्रीति, प्रीत बिना नहीं भगति दृढ़ई, जिउ खगेश जल के चिकनाई।

भक्ति के लिए परमात्मा को जानना आवश्यक है। इसे जाने बगैर हम जो भी काम करते हैं। वह हमारे लिए सुखद नहीं होते। वह कर्म हमें मंजिल तक नहीं पहुंचा सकते। मनुष्य जन्म पाकर अगर हमने परमात्मा को नहीं जाना, तो हमारे जीवन का लक्ष्य भी अधूरा है। हम संसार में आकर तमाम सारे कार्यों में व्यस्त हो गए। लेकिन परमात्मा के बारे में हमने न तो सोच पाया और न ही इसे प्राप्त करने का कोई विचार बनाया। तो अभी हमारा जीवन शुरू ही नहीं हुआ। जब तक परमात्मा को हम जान नहीं पाएंगे। तो हम भक्ति नहीं कर पाएंगे।

इस दौरान विपिन कुमार, सुशील, मुन्नी, सुनीता, पारुल, सेजल, पूनम, विनीता, काजल, दिशा, छाया, सरोजिनी, जानकी, अशोक कुमार, सुरेंद्र, शिवम, ईश्वर दयाल, लालाराम, योगेंद्र सिंह, सचिन, राम अवतार, सत्यजीत, सत्य प्रकाश, आकाश आदि मौजूद रहे।

# बरेली के लेखपाल की हत्या की घटना से नाराज लेखपालों ने सौंपा ज्ञापन

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बरेली में लेखपाल मनोज कश्यप की निर्मम हत्या की घटना को लेकर कालपी के लेखपालों ने नाराजगी जताते हुए उक्त घटना के विरोध स्वरूप उप्र लेखपाल संघ के आव्हान पर कालपी तहसील के लेखपालों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई करने तथा पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग उठाई है। लेखपाल संघ के अध्यक्ष जयवीर सिंह, मंत्री अनुपम तिवारी, उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता, प्रशांत गौतम, दिनेश कुमार राहुल आदि लेखपालों ने एसडीएम सुशील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि बरेली में लेखपाल मनीष कश्यप की निर्मम हत्या अपहरण की घटना के अलावा प्रदेश के विभिन्न स्थानों में लेखपालों के साथ मारपीट, जानलेवा हमला, धमकी की घटनाएं लगातार हो रही है, लेकिन प्रशासन संवेदनहीन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि लेखपालों के साथ बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से हम लोग बहुत ही आहत हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन के माध्यम से पीड़ित लेखपाल के आश्रितों को शासकीय मदद करने तथा दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# कृषकों को जोत एवं फसल की संस्तुति के आधार पर उर्वरकों की करें बिक्री

**▸ जिला कृषि अधिकारी बोले भण्डारण एवं वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता पाएं जाने पर कार्रवाई अमल में लायी जायेगी**


जानकारी देते जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।** जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में जनपद में आलू एवं गेहूँ की की फसल में यूरिया के टॉप ड्रेसिंग (छिडकाव) का कार्य कृषकों द्वारा तेजी से किया जा रहा है। जनपद में 580 निजी खुदरा बिक्रेताओ के पास यूरिया की 6724.00 मी.टन की उपलब्धता है। तथा सहकारी क्षेत्र में 42 समितियों के पास 522 मी. टन यूरिया उपलब्ध है। किसान अपने नजदीकी निजी अथवा सहकारी समिति, उर्वरक बिक्री केन्द्र से आवश्यकतानुसार यूरिया उर्वरक का क्रय निर्धारित मूल्य 266.50 रुपए प्रति बोरी की दर से कर सकते है। किसानों को सलाह दी जाती है। कि आलू एवं गेहूँ की खडी फसल में संतुलित मात्रा में ही यूरिया का उपयोग टॉप ड्रेसिंग के रूप में करें। आलू एवं गेहूँ की फसलों में नाइट्रोजन की पूर्ति के लिए किसान यूरिया के स्थान पर टॉप ड्रेसिंग के लिए नैनो यूरिया का छिडकाव कर सकते हैं। जो कि सामान्य यूरिया की अपेक्षा अधिक प्रभावी है। और जिससे किसानों की लागत में भी कमी आयेगी। अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए किसानों को खडी फसल में नैनों यूरिया के दो छिड़काव अवश्य करने चाहिए। नैनों यूरिया जनपद की सभी सहकारी समितियों, एग्रीजंक्शन एवं इफको सेन्टरों पर उपलब्ध है। आधा लीटर की बोटल एक एकड अथवा 05 बीघा के लिए पर्याप्त है। जिसकी कीमत 225.00 रुपए प्रति बोटल है। यदि किसी भी किसान को कोई भी समस्या हो तो जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नं 8272893015 एवं 933567380 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने जनपद के समस्त सहकारी एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक बिक्रेताओं को निर्देशित कि कृषकों को उनकी जोत एवं फसल की संस्तुति के आधार पर ही उर्वरकों की बिक्री करे। यदि उर्वरक के भण्डारण एवं वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पायी जायेगी। तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## मारपीट में महिलाओं सहित छह लोग घायल

**दोनों पक्षों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पारिवारिक बंटवारे के विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हुई। इसमें महिलाओं सहित 06 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम रूपपुर निवासी मकसूदन लाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि परिवार के सुभाष चंद्र, धीरेंद्र, यशवेंद्र और राजकुमारी ने शनिवार की शाम करीब 05 बजे बंटवारे को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे, उसकी पत्नी भगवान देवी और नाती लालू को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष से सुभाष चंद्र पुत्र सोबरन लाल का कहना है कि परिवार के मकसूदन लाल, मुकेश चंद्र, देवेंद्र और दिनेश उर्फ लालू ने बंटवारे के विवाद को लेकर दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके पुत्र धीरेंद्र, पत्नी राजकुमारी को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 14 केंद्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई पीसीएस परीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में पहली बार आयोजित हुई उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की (पीसीएस) परीक्षा को जिला प्रशासन नें सकुशल सपन्न कराया। दो पालियों में परीक्षा जनपद में 14 केन्द्रों पर आयोजित की गयी।

रविवार को जनपद में दो पालियों में पीसीएस परीक्षा का आयोजन किया गया। पहली पाली सुबह 9:30 बजे 11:30 व दूसरी पाली 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराया गया। जनपद के परीक्षा केंद्रों में क्रिश्चियन इंटर कालेज, रस्तोगी इंटर कालेज, मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज,


परीक्षार्थियों की ली जा रही तलाशी

महावीर इंटर कालेज नगला खैरबंद, म्यूनिस्पल इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़, एन.ए.के.पी. बालिका इंटर कालेज, स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज, राजकीय पॉलीटेक्निक बेवर रोड, महीयसी महादेवी वर्मार ाजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़, बद्री विशाल महाविद्यालसय, दुर्गा नारायण महाविद्यालय, एन.ए.के.पी. महाविद्यालय के अलावा आर.पी. डिग्री कालेज के नाम शामिल हैं। केन्द्रों के बाहर सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व एसपी आलोक प्रियदर्शी लगातार परीक्षा केन्द्रों पर नजर बनाये रहे। आलाधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का जायजा भी लिया। प्रथम पाली में 5952 परीक्षार्थियों की जगह 2267 ने परीक्षा दी, जबकि दूसरी पाली में भी 5952 की जगह 2277 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के दौरान 200 मीटर दूरी तक की सभी दुकानें बंद रहीं।

# लड्डू के रेट को लेकर विवाद, मारपीट व सवा लाख की हुई लूट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर में अतीक मिष्ठान भंडार के नाम से शेखपुर दरगाह के पास दुकान है। दुकानदार खालिद हलवाई ने बताया रविवार शाम को सरैया निवासी तीन-चार लोग दुकान पर पहुंचे और लड्डू के रेट के बारे में जानकारी ली। दुकानदार ने बताया कि डेढ़ सौ रुपए किलो हैं। जिस पर लड्डू लेने के लिए गए लोगों ने कहा कि मेला में 100 रुपये किलो बिक रहे हैं। जिस पर दुकानदार ने कहा कि वह मेरा लड्डू नहीं है और इसमें मेरा परता नहीं आएगा।

लड्डू ले रहे हैं युवक ने दुकानदार से स्कैनर मांगा और 100 के हिसाब से पेमेंट करने के लिए तैयार हुआ। जब दुकानदार ने कहा की मैं इस भाव


घटना की जानकारी करती पुलिस व मौजूद दुकानदार

नहीं दे पाऊंगा। इसी बात को लेकर लड्डू ले रहे युवक ने दुकानदार के मुंह पर स्कैनर फेंककर मारा। जिस पर उसने कहा कि तुम बदतमीजी क्यों दे रहे हो। इसी बात को लेकर गाली-गलौज होने लगी तथा लड्डू लेने आए युवकों ने अपने आठ-दस साथियों को बुलाया तथा दुकानदार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। उसके घर में घुसकर और गोलक में रखे पूरे दिन की मेला की दुकानदारी के लगभग सवा लाख रुपए लूट लिए। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। खालिद ने बताया लगभग दस बारह लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर एसआई गंगा प्रसाद अपनी टीम के साथ में पहुंचे और जाँच पड़ताल की।

# गैंगेस्टर के तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस ने गैंगेस्टर के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना कादरीगेट के क्षेत्र गिहार बस्ती लकूला निवासी कुंदन उर्फ पिनिया पुत्र शिवरतन जो गैंग बनाकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है और क्षेत्र में बर्चस्व बनाकर जनता में भय व आतंक बना रखा है। मोबाइल चोरी जैसी आदि घटनाओं को अंजाम देकर अपने परिवार को आर्थिक व भौतिक दुनियावी लाभ प्राप्त करा रहा है। कादरीगेट थानाध्यक्ष आमोद कुमार ने गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

# गृहकलेश में विवाहिता फांसी पर झूली, मौत


मृतका का फाइल फोटो


पीएम हाउस में मौजूद मृतका के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विवाहिता ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम बूढ़नपुर निवासी 25 वर्षीय आयुषी यादव पत्नी उपेन्द्र यादव ने गृहकलह के चलते बीती रात कमरे के कुंडे में साड़ी से फांसी लगा ली। जब परिजनों ने देखा, तो उसे लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताते हैं कि आयुषी यादव की शादी चार वर्ष पूर्व उपेंद्र यादव के साथ हुई थी। पति पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। जिससे आयुषी मानसिक रुप से काफी परेशान रहती थी। बीते दिन भी पति पत्नी में विवाद हुआ था। जिसके चलते आयुषी यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उपेंद्र यादव मजदूर आदि करता था। मृतका के दो पुत्रियां खुशी 3 साल तथा राधिका 1 वर्ष है। सूचना मिलते ही मृतका का मायका अर्जुनपुर थाना हरपालपुर जनपद हरदोई में है। सूचना मिलने पर मायके वाले पहुंच गये और हत्या करने का आरोप लगाया।

# बाइक की टक्कर से महिला व उसकी नातिन घायल


अस्पताल में भर्ती घायल बच्ची

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाइक की टक्कर से महिला व उसकी नातिन घायल हो गयी। दोनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार रविवार को फतेहगढ़ के केशव नगर निवासी सुमन (31) पत्नी राजकुमार अपनी नातिन राधा (6) पुत्री राजीव के साथ सब्जी खरीदकर घर जा रही थीं, तभी बढ़पुर ब्लाक के पास एक बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी। जिससे महिला व उसकी नातिन घायल हो गयीं। घटना की सूचना पाकर आवास विकास से पुलिस मौके पर पहुंच गयी और दोनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं घटना के बाद बाइक सवार बाइक लेकर फरार हो गया। फिलहाल दोनों की हालत स्थिर बनी हुई है।

# स्वच्छ भारत मिशन अभियान की पोल खोल रहे छावनी क्षेत्र में स्थित शौचालय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ के छावनी क्षेत्र में स्वच्छता के नाम पर कहीं भी साफ-सफाई नहीं हो रही है। छावनी क्षेत्र में बने शौचालयों में न ही पानी है और न ही लाइट, वहीं गंदगी के लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें।

महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया और इसके सफल कार्यान्वयन हेतु



छावनी स्थित शौचालय में पसरी गंदगी

भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। जिससे भारत स्वच्छ बनाया जा सके, प्रधानमंत्री के इस अभियान में कुछ लोग बाधा डाल रहे हैं। जिसके चलते छावनी क्षेत्र के शौचालयों में गंदगी का साम्राज्य है। लोग यहां पर शौच आदि जाने से कतराते हैं। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को भी अवगत कराया गया उसके बाबजूद कोई सुनवाई नहीं हुई।

भाजपा के नगर मंत्री सुनील गुप्ता ने रूपेश गुप्ता गुप्ता जिला अध्यक्ष को सूचना देकर अवगत कराया कि कैंट एरिया में नॉमिनी सभासद कोई भी कार्य नहीं करते हैं। जगह वे जगह गंदगी रहती है। सड़कों का भी बुरा हाल है।

# जल जीवन मिशन योजना की पोल खोल रही पानी की टंकी


क्षतिग्रस्त पाइप लाइन दिखाते प्रधान मनोज कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत बुढ़नामऊ में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था, जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल मिले, लेकिन लोगों को क्या पता था कि इस टंकी का पानी उन्हें नसीब नहीं होगा। आज आलम यह है कि यह टंकी बंद पड़ी है। जिससे यहां के लोगों में रोष है। रविवार को यहां के प्रधान मनोज कुमार से जब समृद्धि न्यूज के संवाददाता ने बातचीत की, तो उनका कहना था कि जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण जल निगम द्वारा कराया गया था, ताकि यहां के लोगों को शुद्ध पेयजल मिले और उन्हें दूरदराज लगे हैंडपंपों की दौड़ न लगानी पड़े, लेकिन जब से टंकी का निर्माण हुआ है, तब से कुछ दिन चलने के बाद यह टंकी से पानी की सप्लाई बंद कर दी गयी। आज यह टंकी सफेद हाथी साबित हो रही है। इससे क्षेत्रीय जनता को कोई लाभ नहीं हो रहा है। जबकि इस टंगी में लाखों रुपये की लागत आयी है। टंगी की पाइप लाइन देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो गयी है। उन्होंने जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह से इस टंकी को चालू करवाये जाने की मांग की है, ताकि यहां की जनता को इसका लाभ मिल सके।

# वृद्ध की हत्या में शक की सुई परिजनों पर, पुत्रवधू सहित तीन हिरासत में

**थानाध्यक्ष बोले शीघ्र किया जायेगा घटना का खुलासा**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

खेत की रखवाली करने गए किसान की गोली मारकर हत्या के मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा थाना अध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव चंदनी निवासी वृद्ध किसान पुत्तन खान (70) पुत्र स्वर्गीय मुश्ताक खान शुक्रवार की रात अपने गांव से 1 किलोमीटर दूर ग्राम नगला दमोह जाने वाले मार्ग पर खेत में बीते दिन खोदे गये आलू की फसल की रखवाली करने लगभग रात्रि 8.30 बजे गये थे और जाते समय घर पर कह गये थे कि एक दो घंटे में वापस लौट आयेंगे। परिजनों का कहना है कि वह पुत्तन खान को मना करते रहे, लेकिन वह फिर भी खेत पर फसल


घटनास्थल का निरीक्षण करते एएसपी व थानाध्यक्ष आदि

की रखवाली करने चले गये। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटे तो पुत्र फिरोज खान चाय लेकर उनको देखने गया। उसने देखा कि उसके पिता खून से लथपथ आलू के बोरे के सहारे टिके थे। यह देख फिरोज खान व साथ गये दो साथियों के हाथ पांव फूल गये। फिरोज ने चीखना चिल्लाना शुरु कर दिया। जिससे खेतों में काम कर रहे लोग मौके की ओर दौड़े तथा गांव से भी लोग सूचना पाकर मौके पर पहुंच गये और मृतक को घर ले आये थे। मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया था। जिसमें गोली लगने से हत्या की पुष्टि हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 315 बोर करा बुलेट निकाला था। जिस पर पुलिस तथा ग्रामीणों का शक गहरा गया। वहीं थाना पुलिस ने कल रात से ही गांव में डेरा डाल दिया और आज शव का अंतिम संस्कार होने के बाद मृतक की पुत्रवधू सहित तीन लोगों को हिरासत में ले लिया और मामले में पूछता चल रही है। खबर लिखे जाने तक थाना पुलिस किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंची थी। वहीं थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने बताया है की घटना का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। पूछताछ की जा रही है।

## बुखार की चपेट में आने से युवक की मौत



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बुखार की चपेट मे आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव उस्मान नगर बरकखेड़ा निवासी प्रदीप कुमार उम्र 32 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र प्रसाद को बीते पाँच दिनों से बुखार आ रहा था। जिसका उपचार गॉव के ही किसी चिकित्सक के यहाँ चल रहा था, लेकिन आराम नहीं होने के कारण उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन यहाँ भी युवक को कोई आराम नहीं होने पर परिजन उसे रविवार को कायमगंज सरकारी अस्पताल में लेकर गए। जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने मृतक का अन्तिम संस्कार कर दिया।

# भाकियू लोक शक्ति की बैठक में छायी रहीं समस्यायें


बैठक के दौरान मौजूद किसान नेता

**कई पदाधिकारी कमेटी में हुए शामिल**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की बैठक जिला अध्यक्ष दीपू राठौर की अध्यक्षता में गाँव लखनपुर व लुधइया में सम्पन्न हुई। जिससें किसानों की समस्याओं के अलावा जनहित की समस्याओं पर चर्चा हुई। जिसमें कायमगंज चीनी मिल की समस्या, बिजली की समस्या, विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार की समस्या, थानों में किसान नेताओं की सुनवाई न होना आदि मुद्दे छाये रहे। किसानों ने कहा कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अली कायम, प्रदेश सचिव कन्हैया वर्मा, युवा जिला अध्यक्ष डॉ0 ज्ञानेश राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अंकुर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष युवा उपेंद्र पाल, सुरजीत पाल, तहसील अध्यक्ष कायमगंज शिवनंदन राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष शमशाबाद शैलेंद्र पाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष नवाबगंज नजमुद्दीन, अल्पसंख्यक तहसील अध्यक्ष कायमगंज इजहारुद्दीन, तहसील महासचिव कायमगंज, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नए पदाधिकारी कमेटी में शामिल हुए। सनोज उपाध्यक्ष, सुधीर उपाध्यक्ष, संजय पाल तहसील महासचिव, कायमगंज गुरमीत, सचिव राकेश, उपाध्यक्ष नजरुद्दीन, तहसील सचिव कायमगंज, जिला मीडिया प्रभारी मुनेश श्रीवास्तव आदि भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में पर्यावरण सुरक्षा व गीता के उपदेशों को नाट्य के माध्यम से किया प्रस्तुत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सीपी विद्या निकेतन के वार्षिकोत्सव में पर्यावरण सुरक्षा, गीता के उपदेशों को नाट्य माध्यम से नैतिकता का संदेश दिया गया।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रुपेश गुप्ता, पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक, प्रबंधक सत्यप्रकाश अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ0 मिथलेश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। नन्हे मुन्ने बच्चों ने नेवर गिव गीत प्रस्तुत किया। पर्यावरण सुरक्षा एवं गीता के उपदेशों को विभिन्न नाटकों के माध्यम से दर्शाकर सभी को नैतिकता का संदेश दिया गया। राजस्थानी नृत्य घर मोरे परदेसिया पर लोग तालियां बजाने पर बाध्य हो गए। समारोह में विभिन्न राज्यों के मनमोहक नृत्य की झलक देख लोग झूम उठे। प्रधानाचार्य आरके बाजपेई ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। रितु अग्रवाल, ज्योत्सना अग्रवाल


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

ने विद्यालय की प्रगति के विभिन्न आयामों से सभी को परिचित करवाया। जय अग्रवाल, अनुज अग्रवाल ने अपने संबोधन में बच्चों को नई-नई तकनीक से अवगत कराया। इस दौरान विधायक सुशील शाक्य, पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक, भाजपा जिलायक्ष रूपेश गुप्ता, प्रभारी शिवमहेश दुबे, अजय धाकरे, विश्वाश गुप्ता, अमरदीप दीक्षित, मुन्नालाल गुप्ता, प्रभाकर राजपूत, निशांत गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, देवेंद्र दुबे, ममता सक्सेना, रमला राठौर, मोहम्मद इजहार खाँ, सुशील राजपूतस एसके बाजपेई, विद्यालय के समस्त शिक्षक अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी, दीपक कुमार जैना, हेडगर्ल वनिका सिठौलीवाल ने संचालन किया।


कंबल वितरित करते नगर पालिका अध्यक्ष डा0 शरद गंगवार व पदाधिकारी

## कालेश्वर हनुमान सेवा ट्रस्ट ने गरीबों को वितरित किये कंबल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बढ़ती ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए गरीब व असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण का कार्य किया जा रहा है, ताकि सभी वंचितों एवं जरूरतमंदों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में रविवार को कायमगंज कालेश्वर हनुमान सेवा ट्रस्ट रजि0 के तत्वावधान में गरीबों, वंचितों, जरूरतमंदों, रिक्शा चालक, मेटिया मजदूर, दिव्यांग तथा वृद्ध बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया गया, ताकि बढ़ती ठन्ड से राहत मिले और इनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कायमगंज नगर पालिका अध्यक्ष डा0 शरद गंगवार, नीरज अग्रवाल, रश्मि दुबे, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, आसिफ मंसूरी पूर्व सभासद, राम प्रकाश पूर्व सभासद उपस्थित रहे। इसके अलावा कमेटी के उपाध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अशोक गंगवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कन्हैया लाल, मंदिर महंत संगम शाक्य, राजू वैद्य, मंदिर सदस्य विपिन कुमार कोहली, गुरुदेव, बबलू राठौर, विकास श्रीवास्तव, पंकज मिश्रा, दीपक शाक्य, प्रियंका पाल, कमलेश भारद्वाज, आदि कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। कंबल पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी व मंदिर महंत संगम शाक्य ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी चलते रहेंगे। गरीबों व असहाय लोगों की सेवा होती रहेगी कार्यक्रम का संचालन आसिफ मंसूरी ने किया तथा सभी ने कार्यक्रम की बहुत ही भूरि भूरि प्रशंसा की।

# प्रकृति परीक्षण शरीर की संरचना या प्रकृति की पहचान करने पर केंद्रित है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आयुष मंत्रालय द्वारा देश में चलाये जा रहे प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सक आये दिन कई गांवों में कैंप लगाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण कर रहे हैं।

यह अभियान एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य जागरूकता पहल है और इसका उद्देश्य पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा जागरूकता में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। चिकित्सकों ने कहा कि यह पहल आयुर्वेद को हर घर के करीब लाती है।

नागरिकों को अपनी अनूठी प्रकृति को समझने और व्यक्तिगत निवारक स्वास्थ्य प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। प्रकृति परीक्षण अभियान वात, पित्त और कफ दोषों के आयुर्वेदिक सिद्धांतों के आधार पर



कैंप के दौरान मौजूद चिकित्सक

किसी व्यक्ति की अद्वितीय मन, शरीर संरचना या प्रकृति की पहचान करने पर केंद्रित है। यह ज्ञान प्रतिभागियों को बेहतर स्वास्थ्य और बीमारी की रोकथाम के लिए अपनी जीवनशैली, आहार और व्यायाम दिनचर्या को अनुकूलित करने में सक्षम बनाता है। इसी क्रम में रविवार को मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने जनपद के दो स्थानों पर कैंप लगाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण किया। प्रथम कैंप ग्राम दलेलगंज, शमशाबाद में लगाया गया। जिसमें डॉ0 नीतूश्री, डॉ0 शिवा प्रसाद, डॉ0 विकास बाबू, डॉ0 पियूष, डॉ0 शाबाज, डॉ0 सुहेबा आदि शिक्षक एवं छात्रायें मौजूद रहे। वहीं दूसरा कैंप ग्राम रोहिला, सकवाई में लगाया गया। जिसमें डॉ0 अंजना दीक्षित, डॉ0 शीलू गुप्ता, डॉ0 सकंल्प सिंह, डॉ0 मुकेश विश्वकर्मा, डॉ0 रेशमा, डॉ0 मनोज चतुर्वेदी, डॉ0 भानू कटियार आदि शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

## शराब के 35 पाउच सहित युवक गिरफ्तार

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा थाना व गांव नयागांव निवासी संजीव सिंह पुत्र सत्यप्रकाश सिंह को मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला कोठी से बरखिरिया जाने वाले मार्ग पर संकिसा चौकी प्रभारी अवदेश अवस्थी ने जानेमन शराब के 35 पाउच सहित गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी अवधेश अवस्थी ने बताया कि जमानती अपराध होने की वजह से आरोपित को थाने से ही जमानत दे दी गईं।

# भाजपा कार्यालय पर मनाया गया वीर बाल दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने सिखों के गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों की शहादत दिवस कार्यक्रम को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने की।

संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा गुरु गोविंद के पुत्रों की शहादत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर यह कार्यक्रम वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। विदेशी व मुगल आक्रांताओं के जुल्म और अत्याचार व भारत का इस्लामीकरण रोकने के लिए सिखों के धर्मगुरु गुरु गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों ने अपनी


कार्यक्रम में मौजूद तोषित प्रीत सिंह व हरजिंदर सिंह आदि

शहादत देने का कार्य किया। मुगल विदेशी आक्रांताओं द्वारा लगातार धर्म और संस्कृति का विनाश किया जा रहा था, लेकिन साहबजादे ने अपने धर्म को ना परिवर्तित करते हुए मौत को गले लगाना स्वीकार किया। देश में आजादी के बाद कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने साजिश के तहत उन वीर साहबजादों की शहादत का इतिहास इस देश की जनता से दूर रखा। रूपेश गुप्ता ने कहा भारत वीरों की धरती है, जहां पर देश की खातिर लाखों और हजारों लोगों ने शहादत देने का कार्य किया। मुगल शासकों ने भारत पर शासन करके लगातार हिंदू धर्म को समाप्त करने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह ने अपने चारों पुत्रों को बलिदान कर दिया। उनकी इस शहादत को कभी बुलाया नहीं जा सकता है। भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा वीर बाल दिवस हमारे इतिहास के उन्नयन बच्चों की याद दिलाता है, जिन्होंने धर्म, संस्कृति और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। यह दिन साहस निष्ठा और बलिदान का प्रतीक है।

अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा आजादी के बाद किस देश को जो इतिहास पढ़ना चाहिए था वह कांग्रेस की साजिश के तहत देश की जनता को नहीं पढ़ाया गया, बल्कि पूरा इतिहास वोट बैंक और राजनीतिक महत्वाकांक्षा की भेंट चढ़ गया। फतेहगढ़ गुरुद्वारा प्रधान हरजिंदर सिंह एवं ग्रंथि ज्ञानी मंगल सिंह एवं सरदार तोषित प्रीत सिंह को सम्मानित किया गया। संचालन धर्मेन्द्र राजपूत ने किया।

इस मौके पर डीएस राठौर, वीरेंद्र सिंह राठौर, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, गोपाल राठौर, जय गंगवार, शिवांग रस्तोगी, रवि बाजपेई मौजूद रहे।

# कहानी सुनाओ प्रतियोगिता के विजेता बने हिमलेश व अनुराग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उप शिक्षा निदेशक कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रजलामई में जनपद स्तरीय कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिसर लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्रथमिक विद्यालय, कम्पोजिट विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं हेतु कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। डायट कार्यालय रजलामई में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

प्रतियोगिता में कहानी देश प्रेम, भारत की समृद्धि, सांस्कृतिक विरासत, भारतीय ज्ञान परम्परा, हमारी धरोहरें तथा प्रदेश की


कहानी सुनाती शिक्षिका हिमलेश शाक्य व मौजूद प्रवक्ता

सांस्कृतिक विरासत आदि पर कहानी सुनाओ प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। सभी सातों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग करते हुए कहानी सुनाई।

प्राथमिक स्तर पर अनुराग चतुर्वेदी व उच्च प्राथमिक स्तर हिमलेश शाक्य विजेता रही। निर्णायक मण्डल में माध्यमिक विद्यालयों व इंटर कालेज से प्रवक्ताओं ने भूमिका निभाई। श्रद्धा गुप्ता, अंजना कटियार, वृंदावन के अलावा डायट प्रवक्ता कमल कुमार दुबे ने चयन किया। जिसमें उच्च प्राथमिक से विजेता हिमलेश शाक्य बनी व प्राथमिक स्तर पर अनुराग चतुर्वेदी विजेता रहे। सभी ने उन्हें विजेता होने पर बधाई दी।

## अज्ञात बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राइवेट बस ने बीते दिन एक बाइक को रौंद दिया था। जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी थी। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार बीते दिन थाना राजेपुर के क्षेत्र ग्राम उजरामऊ के सामने बस चालक ने बाइक संख्या 76आर/3640 सवार दो युवकों को रौंद दिया था। इस दौरान बस भी अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। जिसमें बैठी 9 सवारियां गंभीर रुप से घायल हो गयी थी। जिन्हे उपचार के लिए डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान लोहिया अस्पताल के चिकित्सक ने चाचूपुर निवासी 17 वर्षीय लालबा पुत्र रविन्द्र व 25 वर्षीय अमीन पुत्र मोबीन निवासी चाचूपुर को मृत घोषित कर दिया था। मृतक अमीन के पिता की तहरीर पर राजेपुर पुलिस ने अज्ञात बस चालक के विरुद्ध धारा 281, 106, 324 (4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## 24 दिसम्बर को बसपा करेगी विरोध प्रदर्शन


बैठक में मौजूद बसपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तरीय बसपा की कार्यकर्ता बैठक जिलाध्यक्ष विनोद गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि आशाराम व फजल मंसूरी रहे। बैठक में सत्यपाल जाटव, आरडी बौद्ध, अजय भारती, नागेन्द्र जाटव, सर्वेश भारती, प्रेम सागर दिवाकर आदि लोगों ने विचार व्यक्त किये। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब पर की गई टिप्पणी के खिलाफ बसपा नेताओं ने आंदोलन की रणनीति बनायी और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के लिए विचार विमर्श हुआ। 24 दिसम्बर को सभी बसपा नेता फतेहगढ़ अम्बेडकर प्रतिमा पर एकत्र होकर फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च करते हुए राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेगें। जिसको लेकर बसपा की बैठक सम्पन्न हुई और ज्यादा से ज्यादा भीड़ एकत्र करने के लिए निर्देश दिये गये। इस मौके पर बृजेश फौजी, विजय सिंह, सुरजीत बाबू, अनिल गौतम, प्रेम सिंह, देव नारायन, उपेन्द्र लोधी, आयुषकांत, त्रिपुरेश गौतम, राजीव पेंटर, राजीव दुबे, शब्बीर मंसूरी, दौलतराम बौद्ध, मनोज सत्यार्थी, धीरेन्द्र गौतम, सुशील अम्बेडकर, नफीस अहमद, विजय भास्कर आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा के बिना जीवन बेकार है, शिक्षा ही जीवन का आधार : अमर पाल लोधी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा पर आधारित लक्ष्य संगठन के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम टीआरआर इंटर कालेज लुखरियाई में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि ज्वांइट कमिश्नर अमरपाल सिंह लोधी ने रविवार को अपने शैक्षिक कार्यक्रम में बच्चों से कहा कि जिस विषय में जिस क्षेत्र में रुचि हो उसी में आपको अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत करें सफलता अवश्य ही मिलेगी, इसी के साथ उन्होंने अभिवावकों से भी आग्रह किया कि आपको झूठे आडम्बरों, शराब नशे में व अन्य फिजूलखर्ची न करके अपने पसीने की कमाई को अपने बच्चों पर अच्छी शिक्षा पर खर्च करें। उन्होंने बच्चों को अध्ययन करने व कम्पटीशन हेतु तैयारी के उदाहरण देकर बच्चों को तरीके बताए और


कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि व समाज के लोग

कहा कि छः घंटे पढ़ते हैं तो दो घंटे लिखकर भी रखें। उन्होंने कहा कि हमें आपका वोट नहीं चाहिए, हमें शिक्षा की चोट चाहिए। शिक्षा के बिना जीवन बेकार है, शिक्षा ही जीवन का आधार है। विशिष्ट अतिथि हरचंदपुर रायबरेली विधायक राहुल शिवगणेश लोधी ने कहा कि जब तक हम सभी संगठित नहीं होंगे, तब तक अपने अधिकार से वंचित रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नरेश बाबू लोधी ने कहा कि हमने देखा है कि लोग अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए गरीबी का उलाहना देते हैं, लेकिन शराब नशा करने के लिए उसका इंतजाम कहीं से भी कर ही लेते हैं। वर्षा लोधी ने महिलाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चे की प्रथम गुरु मां ही होती है। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष वीरपाल राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष यतेंद्र राजपूत, प्रदेश संयोजक मुन्ना सिंह लोधी ने विचार व्यक्त किये। कई जिलों से आये लोगों ने भाग लिया। 250 प्रतिभाओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता ओमशंकर वर्मा ने की व संचालन डा चंदशेखर शास्त्री ने किया। इस मौके पर पूर्व सांसद रामवक्स सिंह वर्मा, यदुनंदन लाल वर्मा, आनन्द राजपूत, अजय राजपूत, रामलड़ैते राजपूत, अरविन्द राजपूत, नबाव सिंह राजपूत, उदयवीर राजपूत, अरुण राजपूत, बादाम सिंह राजपूत, आशीश कुमार, हृदेश राजपूत, प्रदीप राजपूत, शिवमंगल राजपूत, सतीश राजपूत, सर्वेश कुमार राजपू, कलेक्टर राजपूत, ज्ञानेंद्र सिंह राजपूत, कृपाल सिंह राजपूत, हरिश्चंद्र राजपूत, गंगा प्रसाद, अमर सिंह राजपूत, नरेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश राजपूत, पुष्पेन्द्र लोधी, रीता लोधी, शिवकुमार राजपूत, रोहित लोधी, पंकज वर्मा, राजीव राजपूत आदि मौजूद रहे।

## आलू मण्डी में बिकवाली हुई सुस्त, भाव में गिरावट जारी


मण्डी में लगा आलू का ढेर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को आलू मण्डी में आमदनी 80 मोटर रही। भाव 601 रुपये से लेकर 701 रुपये पैकेट रहा। पैकेट में 50 किलो आलू है। 1301 रुपये से 1351 रुपये कुंटल की बिकवाली हुई। रविवार की बजह से व्यापारी कम पहुंचे। जिससे बिक्री सुस्त रही। मण्डी में आलू की आमद बढ़ने से भाव में गिरावट जारी है। आलू आढ़तियों ने किसानों से अपील की कि मण्डी में आलू खुला न लाकर बोरों में लाया जाये। आवारा पशु आलू को फैला देते है और नुकसान हो जाता है। लगभग कोल्ड स्टोरेजों से पुराने आलू समाप्त हो चुके है। मण्डी में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए आढ़तियों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें पकड़ा जाये जिससे आलू का नुकसान न हो।

# भावना सेवा समिति के नेत्र शिविर में 253 मरीजों का हुआ परीक्षण


नेत्र शिविर में मौजूद व्यापारी व अन्य

**253 मरीजों ने उठाया नेत्र शिविर का लाभ**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भावना समाज सेवा समिति के द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कायमगंज में हुआ। अतिथि के रुप में पहुंचे व्यापारी नेता आदेश अग्निहोत्री ने भाग लिया। नेत्र शिविर में आसपास के लगभग 253 मरीजों की जांचें की गई और दवा वितरित की गई।

भावना समाज सेवा समिति के प्रबंधक अरुण कुमार सक्सेना व अध्यक्ष अजय कुमार बंसल ने व्यवस्था देखी और मरीजों को ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। चिकित्सीय टीम द्वारा मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मोतियाबिंद के अलावा अन्य परेशानियों से पीड़ित मरीजों को दवाईयां वितरित की गई। इस मौके पर रुप किशोर शर्मा, अखिलेश शर्मा, शिवकांत मिश्रा, प्रदीप यादव, राकेश कठेरिया, रश्मि दुबे, सुनील कुमार चक, सचिन मिश्रा, शिवम कोहली, विशाल कोहली, अग्रिम सक्सेना, कृष्णा राजपूत, प्रिंस श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## स्थानीय लोगों ने पकड़े चार चोर, पुलिस को सौंपे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के चार सदस्यों को स्थानीय लोगों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया और उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ के दौरान जनता द्वारा पकड़े गये आरोपियों ने कई चोरी की घटनाओं का खुलासा किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर माल बरामदगी मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के क्षेत्र पांचाल घाट चौराहा ग्राम भगवा नगला निवासी विक्रांत सिंह पुत्र स्व0 राजेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने धारा 303(2), 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पकड़े गये आरोपी अमन गोस्वामी पुत्र राकेश गोस्वामी निवासी किला बजरिया के पीछे चौगलिया मोहल्ला थाना कोतवाली मैनपुरी के पास से दो मोबाइल चोरी के, 3600 रुपये व कई मोबाइल बरामद हुए। पुलिस के अनुसार अन्य घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, तभी स्थानीय लोगों को शक हुआ तो अमन गोस्वामी व उसके अन्य तीन साथियों को पकड़ लिया और थाने लाकर पुलिस को सौंप दिया।

# सांसद के स्वास्थ्य कामना हेतु कराया गया सुंदर कांड पाठ


सुंदर काण्ड पाठ करते जितेन्द्र सिंह व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को संसद भवन में हुई धक्का-मक्की के दौरान गिरकर फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत घायल हो गए थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

रविवार को थाना कादरीगेट क्षेत्र के रेडिएंटो केम्पस में भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जितेंद्र सिंह ने सुंदरकांड का पाठ कराया। सांसद मुकेश राजपूत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जितेंद्र सिंह व उनकी पत्नी अलका सिंह ने भी सुंदरकांड पाठ किया। वहीं सांसद मुकेश राजपूत के जल्द स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से कामना की गई। जितेंद्र सिंह ने बताया कि सांसद मुकेश राजपूत के साथ संसद में हुई घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। आदर्श राजनीति में इस तरीके के कृत्यों का कोई स्थान नहीं है। राहुल गांधी को अपने द्वारा किए गए घृणित कार्य के लिए सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

सुंदरकांड पाठ में मुकेश राठौर, सुरेंद्र पांडे, रविशंकर सिंह, उमेश गुप्ता, अनुराग सिंह, रमेश सोमवंशी, अनिल प्रताप सिंह, मनोज सिंह गौर, राहुल चौहान, विशाल चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रभु यीशु मसीह ने मानव जाति के उद्धार के लिए जन्म लिया

**रखा चर्च के बच्चों ने प्रस्तुत किया क्रिसमस ड्रामा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीएनआई रखा चर्च में यूथ व संडे स्कूल के बच्चों द्वारा क्रिसमस नेटिविटी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पादरी मनोज कुमार ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। व्यवस्था जयवंत सनी व कमेटी के सदस्यों ने देखी। बच्चों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस का संदेश देते हुए नाटक प्रस्तुत किया। नाटक में दर्शाया कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म दुनिया में शांति का संदेश देने के लिए हुआ है। इस संसार में हमें शांति देने के लिए तथा मनुष्यों के अंधकार मय जीवन को प्रकाशित करने के लिए प्रभु यीशु मसीह ने मानव जाति को संदेश दिया और कहा कि मिलजुल कर हम भाईचारा व प्रेम के साथ मानव जाति को एक दूसरे की सेवकाई के साथ मदद करें। संसार का हर व्यक्ति भारत वर्ष की उन्नति के अग्रसर रहे, आदि संदेश प्रस्तुत किये गये। बच्चों ने लघु


क्रिसमस ड्रामा प्रस्तुत करते बच्चे

नाटिका के माध्यम से क्रिसमस झांकी प्रस्तुत की और कैरल सिंगिंग के माध्यम से गीत गाकर प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आराधना की। इस मौके पर पादरी मनोज कुमार ने आभार व्यक्त किया और यूथ कमेटी व बच्चों को धन्यवाद दिया। इस दौरान सविता आइजक, सुनीता हिल्स, कामिनी सिंह, चैरी मैसी, सोनिया लाल के अलावा रखा चर्च कमेटी के पदाधिकारी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# बैंक ऑफ इंडिया की सुपर किंग्स ने हरदोई राइवल्स को हराया

**बैंक ऑफ ऑफिसर्स एसो0 यूपी व उत्तराखण्ड के बीच हुआ टूर्नामेंट**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं उत्तराखंड यूनिट के तत्वावधान में डीके स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स याकूतगंज में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी मोहन अग्रवाल व यूपी एवं उत्तराखंड के प्रांत अध्यक्ष रवींद्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। टूर्नामेंट में तीन टीम हरदोई रेनेगेड्स, हरदोई राइवल्स, बीओआई सुपर किंग्स ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में बीओआई सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। बीओआई सुपर किंग्स के कप्तान आशय अवस्थी के नेतृत्व



में टीम ने हरदोई राइवल्स को हराया। हरदोई राइवल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 131 रन बनाए। जिसमें केवल 2 विकेट गिरे। बीओआई सुपर किंग्स के लिए शैलेश यादव ने अद्भुत खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने मात्र 24 गेंदों में 73 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई और मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर बीओआईओए के अध्यक्ष श्याम सुंदर, सचिव अनूप सिंह के अलावा आशय अवस्थी, सिद्धार्थ दुबे, कृष्ण कुमार शुक्ला, सुमित अग्निहोत्री, सुमित कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, सूर्या शुक्ला आदि मौजूद रहे।ह्य

# क्रिसमस पर लें संकल्प हर गरीब की करें मदद: रेव्ह स्टीफन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्रिसमस व नववर्ष के उपलक्ष्य में रेव्ह स्टीफन मसीह ने अपने साक्षात्कार व्यक्तित्व में बताया। खुशियां मिलकर बांटो, तभी खुशी का असली मजा आता है। प्रभु यीशु मसीह ने हर खुशी में शामिल होने व असहायों की मदद करने के लिए हर व्यक्ति को संदेश

**क्रिसमस के उपलक्ष्य में विशेष**

दिया। आओ हम सब मिलकर क्रिसमस व नववर्ष पर संकल्प लें कि किसी का दिल नहीं दुखायेंगे और दीन दुखियों की मदद करेंगे। 32 वर्षीय रेव्ह स्टीफन मसीह ने बताया कि नेक बनो, अच्छे बनो, यही परमेश्वर सिखाता है। समाज को जागृत करने के लिए प्रार्थना सभाओं के द्वारा लोगों को प्रेरित करते हैं। इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां चल रही है। प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन को लेकर उत्साहित हैं। ऐसे में प्रभु आराधना के प्रति हम अपना धर्म निभाकर सेवा कार्य करें। एम.ए. के बाद बीडी की

**व्यक्तित्व**

डिग्री कोलकाता से प्राप्त की। 2020 में क्राइस्ट चर्च बरेली का मैं पादरी बना। उसके बाद सेंट्स जान चर्च मुजफ्फरनगर का चार्ज मिला। उसके बाद 2022 में मुझे फर्रुखाबाद में सिटी चर्च व रखा चर्च का चार्ज मिला। मेरे प्रेरणास्त्रोत मेरे पिता पादरी किशन मसीह हैं।

बड़े भाई जान मसीह सेंट जान डिग्री कालेज आगरा में गणित के प्रोफेसर हैं व दूसरे भाई जार्ज मसीह एसडब्लूएम इंटर कालेज सिकंदरा में प्रवक्ता हैं और मैं स्वयं पादरी का कार्य कर रहा हूॅ। मेरा उद्देश्य है कि प्रभु की सेवा को ज्याजा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है। गरीब व असहायों की मदद करें। प्रभु ने ज सच्चाई का मार्ग दिया, उस मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित करें।


**रेव्ह स्टीफन मसीह पादरी-सिटी चर्च व ऑल सोल्स चर्च**

सभी लोग अपनी कमाई का एक हिस्सा गरीबों में दान करें। जिससे लोग अपने आपको अंदर से आनंदित महसूस कर सकें। बड़े दिन की विशेष आराधनायें चल रही हैं। इन दिनो 24 दिसंबर की रात्रि प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन मनाते हैं और 25 दिसंबर को बड़ेदिन के उपलक्ष्य में प्रभु की आराधना करते हैं। सभी लोग अपने घरों को सजाते हैं और केक काटकर सेलीब्रेशन करते हैं।

इस उत्सव को लेकर एक महीने तक हम प्रभु की आराधनायें कर खुशियां मनाते हैं।

गिरजाघरों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाते हैं और जीजश के सामने पहुंचकर कैंडिल लेकर लोगों के लिए दुआ करते हैं। साथ की सेंटाक्लॉज द्वारा बच्चों को डांस कर रोमांचित करते हैं और उन्हें टॉफियां देकर बधाई देते हैं। 24 दिसंबर की रात उल्लासपूर्वक कैंप फायर का आयोजन होता है। प्रभु की आराधना होती है और केक काटकर उनका जन्मदिन मनाते हैं। इस दिवस पर अपने परिजनों व रिश्तेदार व मित्रों के साथ उत्सव मनाते हैं और प्रभु इस दिन अपने बंदों पर दया बरसाते हैं।

# ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च में क्रिसमस ड्रामा के साथ कैंडिल सर्विस का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च कैंट फतेहगढ़ में प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस पर आराधना के साथ क्रिसमस ड्रामा व कैंडिल लाइट सर्विस का आयोजन हुआ। रेव्ह स्टीफन मसीह ने आराधना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। क्रिसमस नेटिविटी प्रोग्राम में प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन की कहानी प्रस्तुत की गई।

विभिन्न दृश्यों को मरियम, यूसूफ, शिशु ईसा, चरवाहे और तीन राजाओं की भूमिकाओं का पाठ बच्चों ने अदा किया। मुख्य उद्देश्य ईसा नगरी के जन्म को याद दिलाना और इसाई धर्म के मूल्यों को प्रसारित करना है। इसाई समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो उन्हें अपने धर्म के मूल्यों और परम्पराओं को मनाने का अवसर मिलता है। मानव जाति को एक दूसरे की भलाई के लिए कार्य करना चाहिए और सम्पूर्ण संसार में एक दूसरे की मदद के साथ कार्य करें और जीवन जीए। जो लोग एक दूसरे की सेवकाई करते है उन्हें ईश्वर आनंदित करता है। यीशु मसीह का संदेश था कि प्रेम से रहो और दूसरे का भला सोंचों। क्रिसमस ड्रामे के बाद बच्चों ने कैरल सिंगिंग के गीत गाये और मेरा प्रभु जन्मा, प्यारा प्रभु जन्मा, पापन के तारणहारा मेरा प्रभु जन्मा। इस मौके पर ऑल सोल्स चर्च के अध्यक्ष पादरी स्टीफन मसीह ने आभार व्यक्त किया और कैंडिल सर्विस में सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान रोजीशन विश्वासी, रोहतानी विश्वासी, अमित मसीह, संतोष मसीह, विशाल धनी, सुनील मसीह, विनोद कुमार, माया मसीह, एकता मसीह, बेवी मसीह, अनमोल मसीह, अभिषेक मसीह, सचिन मैसी, एलिस जूलियस, जैसमीन मसीह, अमित राज, सोनू मैसी आदि लोग मौजूद रहे।

